| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 08 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 7.15 |
| सूर्यास्त | 5.25 |
| सोना 24 कैरेट | 1,36,080.00 |
| चांदी (प्रति किलो) | 2,09,000 |
| सेंसेक्स | 84,929.36 |
| अमेरिका | 89.67 |
| कैनेडियन | 64.98 |
| आस्ट्रेलिया | 59.22 |

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 20 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्ष: प्रतिपदा, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 350 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

इज्जत एक महंगी चीज है, इसकी उम्मीद सस्ते लोगों से न रखें।








## न्यूज़ ब्रीफ

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की पीटकर हत्या, पेड़ पर लटकाकर जलाया

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी की संभावना, एडवाइजरी जारी

**श्रीनगर, 19 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर में दो महीने से ज्यादा समय तक सूखे के बाद अगले 48 घंटों के दौरान बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 20 दिसंबर की देर शाम से ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश का अनुमान जताया है। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक 20 और 21 दिसंबर की दरमियानी रात को केंद्र शासित प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की उम्मीद है। यह 21 दिसंबर की देर दोपहर तक जारी रह सकती है। अधिकारी ने बताया कि गांदरबल, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में खासकर 21 दिसंबर को भारी बर्फबारी हो सकती है। बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा और गांदरबल जिलों के अधिकारियों ने एडवाइजरी जारी कर ऊंचे इलाकों में रहने वाले लोगों से बर्फबारी के दौरान अपने घरों से बाहर न निकलने को कहा है।




## अविश्वास प्रस्ताव और वंदे मातरम पर हंगामे के दौरान गरमाया सदन




## सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच टकराव से बार-बार बाधित होती रही कार्यवाही

# कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव सर्वसम्मति से खारिज

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़ 19 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा में सीएम नायब सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रस्ताव खारिज हो गया। कांग्रेस के सदन के वॉकआउट करने के बाद इसे वोटिंग के लिए रखा गया। जिसके बाद विरोधी दलों की गैरमौजूदगी में इसे सर्वसम्मति से रिजेक्ट कर दिया गया। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने प्रस्ताव अस्वीकृत होने का ऐलान किया। सदन को अब सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर लंबी चर्चा चली। सीएम नायब सैनी ने करीब डेढ़ घंटे का भाषण दिया।

शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अविश्वास प्रस्ताव, वंदे मातरम् पर चर्चा और सत्तापक्ष-विपक्ष के तीखे टकराव के कारण जहां बार-बार बाधित होती रही।

प्रस्ताव पर लंबी बहस के दौरान कई बार बीच बीच में टोकाटाकी होती रही और सदन में काफी बाधा पड़ती रही।

स्पीकर को कई मर्तबा हस्तक्षेप करना



पड़ा। देर रात तक अविश्वास प्रस्ताव पर बहस जारी थी लेकिन अंतिम समाचार लिखे जाने तक विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने खुलकर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि ये प्रस्ताव देखा तो मुझे इसमें कोई भी गंभीरता नहीं दिखी। इन्होंने महंगाई पर एक भी शब्द नहीं बोला। इसकी वजह यह है कि पिछले 11 सालों में इस पर हमारी और केंद्र सरकार ने बहुत बड़ा अंकुश लगाया है। रघुवीर कादियान बहुत पढ़े-लिखे हैं, ये यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रहे हैं। सीएम ने कहा कि मैं कांग्रेस के विधायकों से पूछना चाहता हूं कि क्या आपका वैचारिक दिवालियापन इतना गहरा हो गया है कि आप शब्दों का अर्थ भी भूल गए हैं। इन्होंने दूसरा शब्द लिखा कि टनल विजन। इसका अर्थ है संकुचित सोच। मैं विपक्षी साथियों से कहना चाहता हूं कि मैं इसका अर्थ बताऊंगा। टन का अर्थ होता है सुरंग। मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि हमारा विजन संकीर्ण नहीं है, हमारा विजन अर्जुन के निशाने की तरह है।

सीएम ने कहा कि ये कांग्रेस का जो अविश्वास प्रस्ताव है उससे जनता नहीं कांग्रेस त्रस्त है। कांग्रेस अपने अविश्वास प्रस्ताव में ऐसे आरोप लगाए हैं कि जिनका धरातल पर कोई असर नहीं है। सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा में 3.01 प्रतिशत बेरोजगारी है, लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस कोरे आरोप लगा रही है। हमने बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी दी हुई है। सैनी ने कहा- एक दिसंबर से चलाए जा रहे हॉट स्पॉट डोमिनेशन में हमने कई हार्डकोर क्रिमिनल को पकड़ा है। इस अभियान के तहत नशे के खिलाफ 3000 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं, 6000 से अधिक नशा तस्करों को पकड़ा जा चुका है। हमारी सरकार ने इन तस्करों की 12 करो? की प्रॉपर्टी जब्त की है। मुझे हैरानी इस बात की है इस प्रस्ताव में कोई आंकड़ा नहीं दिया है, सिर्फ आरोप लगा दिए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अविश्वास पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार पर ये लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठा रहे हैं।

### आदित्य सुरजेवाला के भाषण से शुरू हुआ विवाद

शीतकालीन सत्र के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर सियासी संग्राम हो गया। हंगामा इतना ब?ा कि स्पीकर ने कांग्रेस के दस विधायकों को नेम कर दिया और मर्शल बुलाकर उन्हें सदन से बाहर भेजा। विवाद की शुरुआत कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला के भाषण से हुई। उन्होंने 'वंदे मातरम' की हर पंक्ति को पर्यावरणीय संकट से जोड़ते हुए सवाल खड़े किए। 'आदित्य के भाषण पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी आपत्ति जताई। बहस तीखी हुई, आदित्य को बीच में भाषण रोकना पड़ा। उस वक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और अन्य मंत्रियों के बीच हल्की नोक-झोंक के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन यह सिर्फ तूफान से पहले की शांति थी। शून्यकाल के बाद विधायक घनश्याम ने 'वंदे मातरम' पर चर्चा का प्रस्ताव रखा, जिसे स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने स्वीकार कर लिया। लंच के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चर्चा की शुरूआत की। सीएम ने 'वंदे मातरम' को सबके लिए वंदनीय, युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया और इसके ऐतिहासिक महत्व पर बोलते हुए कहा कि एक दौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी इसकी गूंज से अपनी कुर्सी डोलती नजर आई। इतना सुनते ही कांग्रेस विधायक भड़क उठे। हुड्डा समेत कांग्रेस विधायक वेल में पहुंच गए, नारेबाजी शुरू हो गई और सदन की कार्यवाही ठप होने लगी।

#### कादियान बोले- टाइप हुआ भाषण पढ़ रहे सीएम

सीएम नायब सैनी ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान गांवों को शहरों से जो?ने की मुहिम शुरू हुई। उन्हीं के कार्यकाल में दिल्ली में मेट्रो की नींव रखी गई। इस पर कांग्रेस विधायक कादियान ने कहा कि आप टाइप किया हुआ भाषण प? रहे हैं, तो अनिल विज ने कहा कि आप प्रस्ताव वापस ले लो, सीएम बोलना छोड़ देंगे।

---

वहीं कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि आप कह रहे थे कि बायकाट कर लो, जब आप एक घंटा और बोलेंगे तो हम बायकाट करके चले ही जाएंगे।

## 58 हजार युवाओं को बिना भ्रष्टाचार के मिली सरकारी नौकरी युवाओं को नौकरी देने वाले बनाएंगे : सीएम भगवंत मान

### सीएम ने 'रोजगार क्रांति योजना' के तहत बेरोजगार युवाओं को 505 मिनी बस परमिट सौंपे

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** परिवहन क्षेत्र में बड़ी कंपनियों के एकाधिकार को समाप्त करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 'रोज़गार क्रांति योजना' के तहत राज्य के बेरोज़गार युवाओं को 505 मिनी बस परमिट सौंपे।

यहां मगसीपा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है क्योंकि राज्य सरकार ने इस स्वरोज़गार पहल के माध्यम से 'रोज़गार क्रांति' की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने मार्च 2022 से अब तक कुल 1165 'स्मॉल स्टेज कैरिज परमिट' स्वीकृत किए हैं और आज इस योजना के अंतर्गत 505 युवाओं को परमिट दिए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि ये परमिट आम परिवारों के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से जारी किए गए हैं।

परमिट प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम पेट्रोल पंप ऑपरेटरों, बस ऑपरेटरों और अन्य संबंधित क्षेत्रों सहित पूरी अर्थव्यवस्था को गति देगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पहले बसों की कमी के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब राज्य सरकार ने छात्राओं के लिए स्कूल बसें शुरू की हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने 19,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों सहित कुल 43,000 किलोमीटर सड़कों की री-कारपेटिंग का कार्य पांच वर्षों की अवधि के लिए सड़कों के रखरखाव की शर्त के साथ आवंटित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 58,000 युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद या सिफ़ारिश के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान ऐसे बस परमिट केवल सत्ताधारी नेताओं के करीबी लोगों को ही जारी किए जाते थे।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि तत्कालीन शासकों ने परिवहन को पारिवारिक व्यवसाय समझते हुए अपने नज़दीकी लोगों को परमिट जारी किए और इस क्षेत्र में एकाधिकार स्थापित कर लिया था। उन्होंने कहा कि अब यह प्रवृत्ति पूरी तरह बदल चुकी है क्योंकि राज्य की कमान एक ईमानदार सरकार के हाथों में है, जो सभी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हाल ही में स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुए हैं और कुछ उम्मीदवारों ने दो या तीन वोटों के अंतर से जीत हासिल की है।

## क्रिसमस व नए साल पर चप्पे-चप्पे पर तैनात होगी पुलिस

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** क्रिसमस व नववर्ष पर पुलिस कर्मचारी सड़कों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात रहेंगे। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, जिला पुलिस अधीक्षकों एवं संबंधित इकाइयों को पूर्ण सतर्कता बरतने, अलर्ट मोड में रहकर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।

डीजीपी ने कहा कि 25 दिसंबर तथा 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी को नववर्ष समारोह के दौरान प्रदेश के प्रमुख शहरों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, करनाल, पानीपत एवं रेवाड़ी आदि में बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की संभावना है।






**इंदौरा उत्सव**

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की इंदौरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता, कहा-

## मनरेगा को समाप्त करना गरीबों के हितों के साथ कुठाराघात और अन्याय

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इंदौरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता की। चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त करने और उसकी जगह नया विधेयक लाने के लिए केंद्र सरकार के निर्णय की निंदा की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी रोजगार योजना को समाप्त करना रीबों के हितों पर कुठाराघात और अन्याय है। मनरेगा योजना गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ



थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित किए जा रहे हैं। शीघ्र ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों पर हजारों भर्तियां की जाएगी। सुखविन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सभी संबद्ध क्षेत्रों के समावेशी विकास के माध्यम से सशक्त कर, प्रत्येक किसान की पारिवारिक आय को कम से कम 20 हजार रुपये मासिक सुनिश्चित किया जाए।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉडर्न टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉडर्न टेक्नोलॉजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मेडिकल कॉलेज से लेकर सिविल अस्पताल तक पुरानी मशीनों को बदला जा रहा है। एमआरआई, सीटी स्कैन और एक्स-रे मशीन लगाने के लिए 3000 करो? रुपये जारी किए गए हैं। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी आरंभ करने से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति आई है। पांच मेडिकल कॉलेज में पहली बार तीन टेस्ला एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। हिम केयर योजना का दुरुपयोग रोकने के लिए क? कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई वर्षों से लंबित प? राजस्व मामलों का निपटारा करने के लिए विशेष राज्यसभा अदालतों की शुरुआत की है। अभी तक इन अदालतों में रिकॉर्ड 4,63,000 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे के ?िला? अब तक सबसे ब?ा चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान शुरू किया है, जो जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से कमाए गए अवैध धन को ?ब्त किया जाएगा। अब तक 50 करो? रुपये की अवैध संपत्ति ?ब्त की जा चुकी है। आगामी 6 माह में प्रदेश में चिट्टा तस्करों द्वारा चिट्टे से कमाई गई संपत्ति को पूरी तरह नष्ट किया जाएगा। नशा तस्करों और अंतर राज्य गिरोहों की री? तो?ने में सरकार सफल रही है। उन्होंने लोगों से चिट्टे से जु?ी सूचना

## सामाजिक सुरक्षा से संकेत भाषा वाली विधानसभा तक: पंजाब सरकार के जन-हितैषी और ऐतिहासिक कदम

# वर्ष 2025 के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता: डॉ. बलजीत कौर

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 6175 करोड़ रुपये के बजट में से 4683.94 करोड़ रुपये जारी

35.29 लाख लाभार्थियों को निरंतर वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा की सुदृढ़ प्रणाली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर जन-हितैषी नीतियां लागू की जा रही हैं। बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2025 (वित्तीय वर्ष 2025-26) के दौरान कई ऐतिहासिक पहलें की गई हैं। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2025 के दौरान 6175 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिसमें से नवंबर 2025 तक 4683.94 करोड़ रुपये की राशि वृद्धावस्था पेंशन और अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं के तहत जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 35 लाख 29 हजार 216 लाभार्थियों को निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है, जो सामाजिक सुरक्षा का मजबूत जाल तैयार करने के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. बलजीत कौर ने



कहा कि पंजाब सरकार राज्य से बाल भिक्षावृत्ति को जड़ से समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। इस उद्देश्य से सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा प्रोजेक्ट जीवनजोत शुरू किया गया है, जिसके तहत राज्य के सभी जिलों में हर माह के दूसरे सप्ताह विशेष छापेमारी की जाती है।

उन्होंने बताया कि बाल तस्करी रोकने और बाल भिक्षावृत्ति कराने में शामिल व्यक्तियों की पहचान के लिए प्रोजेक्ट जीवनजोत 2.0 लागू किया गया है, जिससे यह अभियान और अधिक सख्त व प्रभावी बना है। अब तक 766 बच्चों को भीख मांगने से रेस्क्यू कर उनकी शिक्षा और पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बाल विवाह की सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। वर्ष 2025 के दौरान 64 बाल विवाह समय रहते रोके गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में नामित 2076 बाल विवाह निषेध अधिकारी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सेफ स्कूल वाहन नीति के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। पिछले चार महीनों के दौरान 2385 स्कूली बसों की जांच की गई, जिनमें से 404 बसों के चालान किए गए और सुरक्षा मानकों को पूरा न करने पर 2 बसों को जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि पंजाब विधानसभा की कार्यवाही को संकेत भाषा में लागू करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बन चुका है। इस पहल से बोलने और सुनने में असमर्थ व्यक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ सकेंगे। इसके लिए 1 साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर, 42 स्पेशल एजुकेटर और 48 ट्रांसलेटर इम्पैनल किए गए हैं। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि नेत्रहीन व्यक्तियों को निःशुल्क तथा दिव्यांगजनों को आधे किराये पर यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के लिए 350 लाख रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें से अब तक 3.45 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित हैं, जहां हिंसा प्रभावित महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी, पुलिस सहायता, काउंसलिंग और सुरक्षित आवास सहित पांच प्रकार की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाती हैं। नवंबर 2025 तक 5121 महिलाओं ने इन सेवाओं का लाभ लिया है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य की सभी महिलाओं को सरकारी

### 150 करोड़ की लागत से बनेंगे 5 कामकाजी महिला हॉस्टल

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मोहाली, जालंधर और अमृतसर में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से 5 कामकाजी महिला हॉस्टल बनाए जाएंगे, जिनका निर्माण 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अंत में डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार सामाजिक सुरक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण और सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा एक खुशहाल और सुरक्षित पंजाब का निर्माण किया जा रहा है।

बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जा रही है। हर महीने लगभग 1.20 करोड़ महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। नवंबर 2025 तक इस पर 450 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 27,000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 13 लाख 65 हजार जरूरतमंद महिलाओं को 3 करोड़ 68 लाख 72 हजार 550 सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरित किए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 69,110 गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिला लाभार्थियों को 26.06 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। सरकार द्वारा 1.14 लाख लाभार्थियों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## मुख्यमंत्री की गांवों को गुटबंदी से ऊपर उठकर भाईचारे की भावना बनाए रखने की अपील

# नरेगा योजना में नए बदलाव कर गरीबों और राज्यों को बर्बाद करना चाहती है केंद्र की भाजपा सरकार: मान

अपने पैतृक गांव सतौज पहुंचकर ग्रामीणों से की मुलाकात

20 दिसंबर को प्रदेश के 19,000 सरकारी स्कूलों में हो रही पी.टी.एम. में अभिभावकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सतौज (संगरूर), 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अपने पैतृक गांव सतौज पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और गांव से जुड़ी यादें साझा कीं।

गांव के दौरे के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य ग्रामीणों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें हमेशा अपने गांव पर गर्व रहा है। उन्होंने कहा कि वे आज कोई भाषण देने नहीं आए, बल्कि लोगों के सुख-दुख में शामिल होने के लिए आए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपने पैतृक गांव में बिताए पल उन्हें बहुत खुशी देते हैं और वे हमेशा इस बात के ऋणी रहेंगे कि गांव ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है।

सभी गांवों को गुटबंदी से ऊपर उठकर विकास करने की अपील



करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एकता में ही बरकत होती है और गांवों को प्रगति व विकास के लिए हमेशा भाईचारे की भावना बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ नेता अपने निजी स्वार्थ के लिए गांवों में फूट डालते हैं और गुटबंदी होने से गांवों का विकास रुक जाता है।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने 20 दिसंबर को प्रदेश के सभी 19,000 स्कूलों में हो रही शिक्षक-अभिभावक बैठक (पी.टी.एम.) में अभिभावकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने पहली बार सरकारी स्कूलों में पी.टी.एम. की शुरुआत की थी और अभिभावकों ने इसे बड़ा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को भविष्य में प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने में सहायक होगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे अभिभावकों को शिक्षकों से अपने बच्चों की रुचि के बारे में भी काफी जानकारी मिलती है।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा नरेगा योजना में किए गए नए बदलाव को गरीबों और राज्यों को बर्बाद करने वाला कदम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत फंड देने का अनुपात 40 प्रतिशत राज्यों पर डाल दिया है, जबकि केंद्र पहले ही राज्यों को पूरा फंड नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि नए बदलावों के तहत नरेगा मजदूर स्कूल, मंडी, नाले आदि नहीं बना सकते, जो गांवों के साथ सीधा मजाक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ऐसे हथकंडे अपनाकर वास्तव में इस योजना को बंद करना चाहती है।

### प्रिंसिपलों व शिक्षकों को दिया जा रहा विश्व स्तरीय प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्कूलों के प्रिंसिपलों और शिक्षकों को सिंगापुर, फिनलैंड से विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आई.आई.एम. अहमदाबाद में शिक्षकों को एडवांस्ड कोचिंग दी जा रही है। युवाओं को रोजगार देने के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में हर योग्य और काबिल युवा को बिना किसी भ्रष्टाचार या भाई-भतीजावाद के सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मार्च 2022 से अब तक 58,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और कई ऐसे परिवार भी हैं, जहां दो या तीन नौकरियां मिली हैं।

# खेती अवशेषों के निपटारे और सौर ऊर्जा से रोशन होगा पंजाब

अमन अरोड़ा ने वर्ष 2025 के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पंजाब की बेमिसाल प्रगति पर प्रकाश डाला

ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा में पेडा के प्रयासों को राष्ट्रीय मान्यता मिली: अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पंजाब के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने वर्ष 2025 के दौरान नवीकरणीय क्षेत्र में हुई बेमिसाल प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) द्वारा खेती अवशेषों और सौर ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से पंजाब को सुंदर एवं स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब सूरज से घरों और खेतों को ऊर्जा मिल रही है; खेती अवशेषों से स्वच्छ ईंधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेडा ने अपनी विकास-मुखी नीतियों से पंजाब के सतत भविष्य की रचना की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि सौर ऊर्जा से पंजाब का रिश्ता इस वर्ष और भी गहरा हुआ है क्योंकि जुलाई 2025 में बठिंडा के गांव भागी बांदर में 4 मेगावाट क्षमता का एक ग्राउंड-माउंटेड सोलर पावर प्रोजेक्ट शुरू किया गया है और बठिंडा के कोठे मल्लुआना तथा शेरगढ़ में 4-4 मेगावाट के दो सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं। पेडा ने कृषि क्षेत्र को कार्बन



मुक्त करने के लिए बठिंडा जिले के पीरकोट फीडर पर सोलर ग्रिड-कनेक्टेड 16 कृषि पंप भी लगाए हैं और 4 और पंप स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके साथ ही पेडा ने राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर 4,850 ऑफ-ग्रिड स्टैंडअलोन सोलर वाटर पंप भी लगाए हैं। इसके अलावा मॉडल सोलर विलेज (गांव) योजना के तहत स्वावलंबी ऊर्जा हब में बदलने के लिए 277 गांवों की पहचान की गई है। इस वर्ष 148 सरकारी इमारतों पर 2.6 मेगावाट के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट भी लगाए गए हैं और 4,169 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइटें 299 गांवों को रोशन कर रही हैं, जो अंधेरा होने पर लोगों के सुखमय जन-जीवन और सुरक्षा को सुनिश्चित बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 65 गांवों में और 1,221 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं।

खेतों में लिखी जा रही सफलता की इबारत को साझा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 822 टन सीबीजी प्रति दिन की कुल क्षमता वाले 57 कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्रोजेक्ट आवंटित किए गए हैं। ये प्रोजेक्ट चालू होने पर सालाना 27 लाख टन से अधिक पराली की खपत करेंगे। इसके अलावा कुल 107.48 टीपीडी क्षमता वाले छह सीबीजी प्रोजेक्ट कार्यशील हैं। इसके साथ ही पांच कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट और बठिंडा में एक प्रमुख बायो-इथेनॉल फैसिलिटी स्थापना के बाद सालाना 3.3 लाख टन से अधिक पराली की खपत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अवशेष प्रबंधन नहीं; बल्कि एक सर्कुलर इकोनॉमी की रचना है जहां खेती अवशेषों का कुशल प्रबंधन विकास एवं प्रगति के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि पंजाब एक अनोखा और सतत ऊर्जा बुनियादी ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 40 मेगावाट का कैनाल-टॉप सोलर प्रोजेक्ट बिजली उत्पादन के साथ-साथ भूमि संभाल और पानी की बचत को सुनिश्चित बनाएगा। उन्होंने कहा कि बटाला शुगर मिल में 14 मेगावाट का को-जेनरेशन प्लांट और धारीवाल में 2 मेगावाट का मिनी हाइडल प्रोजेक्ट पंजाब सरकार द्वारा हर नवीकरणीय स्रोत का कुशल उपयोग सुनिश्चित बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अरोड़ा ने बताया कि ऊर्जा दक्षता और ग्रीन ऊर्जा क्षेत्र में पेडा के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि एनईसीए 2025 के तहत स्टेट परफॉर्मेंस अवार्ड (ग्रुप-3) में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों पेडा को दूसरे अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के अथक प्रयासों ने एक ही तीर से ऊर्जा संभाल, खुशहाल किसानी और वातावरण संभाल के लिए एक नयी राह बनायी है।


DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE:18/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 CHIEF THURSDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
C 82846

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
50456 58086 64243 78540 91004

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
8445 8767

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
2682 3484 5638 6728 9697

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
0905 2318 4798 5869 7327

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
2616 2703 6816 7227 9482

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000 | 0002 | 0022 | 0040 | 0096 | 0097 | 0112 | 0117 | 0118 | 0119 |
| 0152 | 0165 | 0178 | 0179 | 0180 | 0188 | 0192 | 0214 | 0216 | 0230 |
| 0249 | 0252 | 0283 | 0316 | 0347 | 0393 | 0396 | 0412 | 0421 | 0423 |
| 0439 | 0462 | 0467 | 0471 | 0523 | 0546 | 0565 | 0587 | 0589 | 0590 |
| 0597 | 0601 | 0635 | 0677 | 0690 | 0707 | 0755 | 0767 | 0775 | 0776 |
| 0790 | 0792 | 0802 | 0816 | 0824 | 0828 | 0831 | 0839 | 0854 | 0886 |
| 0897 | 0906 | 0916 | 0934 | 0951 | 0969 | 1010 | 1042 | 1043 | 1067 |
| 1082 | 1094 | 1110 | 1124 | 1130 | 1136 | 1154 | 1178 | 1210 | 1229 |
| 1265 | 1272 | 1278 | 1293 | 1296 | 1327 | 1331 | 1332 | 1333 | 1335 |
| 1343 | 1365 | 1369 | 1370 | 1399 | 1410 | 1432 | 1470 | 1473 | 1482 |
| 1495 | 1500 | 1517 | 1518 | 1524 | 1528 | 1531 | 1534 | 1562 | 1567 |
| 1572 | 1595 | 1612 | 1625 | 1648 | 1661 | 1688 | 1703 | 1711 | 1721 |
| 1729 | 1734 | 1749 | 1754 | 1759 | 1764 | 1765 | 1766 | 1774 | 1777 |
| 1782 | 1786 | 1793 | 1796 | 1803 | 1830 | 1839 | 1841 | 1845 | 1874 |
| 1895 | 1915 | 1944 | 1950 | 1953 | 1970 | 1979 | 2006 | 2018 | 2036 |
| 2058 | 2070 | 2103 | 2114 | 2115 | 2117 | 2151 | 2230 | 2297 | 2315 |
| 2320 | 2327 | 2342 | 2344 | 2377 | 2381 | 2402 | 2405 | 2409 | 2415 |
| 2439 | 2450 | 2455 | 2456 | 2460 | 2483 | 2495 | 2520 | 2549 | 2573 |
| 2586 | 2592 | 2611 | 2626 | 2648 | 2728 | 2743 | 2758 | 2769 | 2790 |
| 2800 | 2816 | 2822 | 2832 | 2841 | 2856 | 2857 | 2870 | 2905 | 2921 |
| 2935 | 2944 | 2961 | 2990 | 3009 | 3011 | 3017 | 3024 | 3025 | 3036 |
| 3052 | 3067 | 3069 | 3112 | 3117 | 3124 | 3169 | 3178 | 3192 | 3199 |
| 3208 | 3225 | 3259 | 3288 | 3294 | 3296 | 3299 | 3300 | 3322 | 3345 |
| 3346 | 3349 | 3371 | 3385 | 3401 | 3402 | 3411 | 3413 | 3426 | 3444 |
| 3482 | 3521 | 3540 | 3544 | 3560 | 3575 | 3596 | 3618 | 3628 | 3630 |
| 3655 | 3700 | 3713 | 3720 | 3745 | 3774 | 3778 | 3794 | 3811 | 3817 |
| 3819 | 3828 | 3829 | 3886 | 3909 | 3912 | 3948 | 3970 | 3993 | 3997 |
| 4022 | 4050 | 4060 | 4107 | 4114 | 4122 | 4126 | 4159 | 4162 | 4177 |
| 4206 | 4245 | 4253 | 4281 | 4316 | 4332 | 4355 | 4378 | 4384 | 4397 |
| 4475 | 4483 | 4500 | 4506 | 4532 | 4538 | 4541 | 4551 | 4559 | 4596 |
| 4601 | 4612 | 4621 | 4627 | 4662 | 4676 | 4711 | 4719 | 4747 | 4750 |
| 4804 | 4805 | 4819 | 4837 | 4839 | 4846 | 4847 | 4862 | 4879 | 4883 |
| 4904 | 4916 | 4932 | 4938 | 4955 | 4957 | 4981 | 4985 | 4991 | 4996 |
| 4999 | 5030 | 5033 | 5051 | 5056 | 5061 | 5075 | 5132 | 5139 | 5141 |
| 5158 | 5159 | 5160 | 5168 | 5171 | 5176 | 5180 | 5183 | 5186 | 5191 |
| 5196 | 5205 | 5210 | 5223 | 5241 | 5245 | 5263 | 5277 | 5298 | 5308 |
| 5315 | 5317 | 5318 | 5321 | 5323 | 5340 | 5341 | 5365 | 5366 | 5374 |
| 5422 | 5441 | 5447 | 5459 | 5480 | 5482 | 5519 | 5536 | 5537 | 5546 |
| 5576 | 5589 | 5611 | 5622 | 5624 | 5648 | 5669 | 5686 | 5710 | 5713 |
| 5740 | 5744 | 5779 | 5780 | 5797 | 5803 | 5814 | 5821 | 5825 | 5865 |
| 5893 | 5906 | 5907 | 5913 | 5915 | 5917 | 5922 | 5933 | 5934 | 5937 |
| 5948 | 5952 | 5954 | 5960 | 5965 | 5967 | 5972 | 5987 | 5999 | 6009 |
| 6044 | 6045 | 6052 | 6055 | 6074 | 6075 | 6081 | 6085 | 6094 | 6100 |
| 6151 | 6152 | 6156 | 6162 | 6164 | 6173 | 6187 | 6205 | 6206 | 6225 |
| 6236 | 6268 | 6280 | 6295 | 6320 | 6328 | 6341 | 6356 | 6397 | 6499 |
| 6514 | 6525 | 6528 | 6540 | 6554 | 6565 | 6620 | 6635 | 6636 | 6652 |
| 6667 | 6672 | 6717 | 6724 | 6729 | 6753 | 6774 | 6805 | 6811 | 6819 |
| 6835 | 6839 | 6850 | 6855 | 6859 | 6893 | 6908 | 6943 | 6944 | 6945 |
| 6950 | 6964 | 6977 | 7001 | 7037 | 7045 | 7046 | 7051 | 7056 | 7081 |
| 7100 | 7135 | 7145 | 7164 | 7166 | 7167 | 7172 | 7192 | 7236 | 7258 |
| 7278 | 7280 | 7299 | 7309 | 7328 | 7330 | 7333 | 7342 | 7348 | 7364 |
| 7367 | 7374 | 7377 | 7400 | 7403 | 7405 | 7454 | 7471 | 7477 | 7505 |
| 7514 | 7579 | 7612 | 7659 | 7685 | 7712 | 7726 | 7727 | 7730 | 7731 |
| 7735 | 7744 | 7758 | 7791 | 7820 | 7821 | 7825 | 7828 | 7836 | 7844 |
| 7846 | 7855 | 7867 | 7881 | 7890 | 7894 | 7903 | 7919 | 7944 | 7952 |
| 7962 | 7993 | 7996 | 8003 | 8019 | 8026 | 8031 | 8041 | 8047 | 8066 |
| 8078 | 8094 | 8140 | 8158 | 8175 | 8178 | 8182 | 8226 | 8236 | 8261 |
| 8266 | 8280 | 8293 | 8295 | 8302 | 8316 | 8318 | 8350 | 8363 | 8382 |
| 8387 | 8411 | 8480 | 8500 | 8506 | 8534 | 8537 | 8549 | 8551 | 8554 |
| 8571 | 8572 | 8586 | 8594 | 8616 | 8642 | 8643 | 8644 | 8648 | 8663 |
| 8679 | 8682 | 8698 | 8707 | 8710 | 8718 | 8731 | 8734 | 8757 | 8764 |
| 8773 | 8784 | 8820 | 8840 | 8862 | 8865 | 8872 | 8880 | 8884 | 8898 |
| 8902 | 8908 | 8916 | 8917 | 8921 | 8939 | 8942 | 8962 | 8968 | 8971 |
| 8994 | 8996 | 9004 | 9056 | 9059 | 9062 | 9078 | 9084 | 9087 | 9088 |
| 9111 | 9112 | 9115 | 9157 | 9172 | 9188 | 9209 | 9210 | 9224 | 9229 |
| 9264 | 9283 | 9296 | 9314 | 9316 | 9319 | 9329 | 9330 | 9337 | 9359 |
| 9360 | 9366 | 9370 | 9418 | 9419 | 9456 | 9499 | 9502 | 9539 | 9544 |
| 9563 | 9570 | 9573 | 9628 | 9632 | 9634 | 9644 | 9647 | 9724 | 9730 |
| 9747 | 9750 | 9751 | 9757 | 9760 | 9779 | 9826 | 9831 | 9840 | 9849 |
| 9885 | 9887 | 9891 | 9903 | 9914 | 9921 | 9941 | 9947 | 9948 | 9975 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 293वें दिन 61 नशा तस्कर 528 ग्राम हेरोइन, 2.4 किलोग्राम अफीम, 3 लाख रुपये ड्रग मनी सहित गिरफ्तार

'नशा छुड़ाने' के तहत, पंजाब पुलिस ने 23 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राजी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए चलाई जा रही नशा विरोधी मुहिम ÷युद्ध नशों विरूद्ध÷ के लगातार 293वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 282 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप पूरे प्रदेश में 61 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद 52 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, 293 दिनों में गिरफ्तार



किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 40,748 हो गई है।

छापेमारी के नतीजे के रूप में गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 528 ग्राम हेरोइन, 2.4 किलोग्राम अफीम, 214 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 3.02 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का भी गठन किया है।

60 गजेटिड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्य भर में 282 स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 282 संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की है। राज्य सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन - लागू की है। पंजाब पुलिस ने 'नशा छुड़ाने' के हिस्से के रूप में आज 23 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राजी किया है।

# पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पंजाब सरकार प्रयत्नशील: संदीप सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पंजाब पिछड़ा वर्ग, भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिंको) द्वारा राज्य के पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का आर्थिक स्तर ऊंचा उठाने के उद्देश्य से स्वै-रोजगार स्थापित करने के लिए तथा विद्यार्थियों को देश और विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह जानकारी बैकफिंको के चेयरमैन श्री संदीप सैनी द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पंजाब सरकार प्रयत्नशील है।

श्री सैनी ने बताया कि बैकफिंको द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एन.एम.डी. स्कीम के तहत पंजाब राज्य के अल्पसंख्यक वर्ग (सिख, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, बौद्धी और जैन) के लोगों को 1047 लाभार्थियों को 26.12 करोड़ रुपये ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध 01-04-2025 से 30-11-2025 तक 219 लाभार्थियों को 7.22 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए तथा प्रत्यक्ष ऋण स्कीम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 18 लाभार्थियों को 35.80 लाख रुपये के ऋण वितरित किए जा चुके हैं। इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष के दौरान दोनों ऋण स्कीमों के तहत 237 लाभार्थियों को कुल 7.58 करोड़ रुपये के ऋण स्वै-रोजगार स्थापित करने के लिए दिए जा चुके हैं। एन.एम.डी. स्कीम के तहत दिनांक 19-12-2025 तक कुल 129 लाभार्थियों के 4.51 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं।

# रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला उन्नत वंदे भारत ट्रेनसेट के निर्माण का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 19, दिसंबर।** रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला में बन रही उन्नत वंदे भारत ट्रेन के पहले रेक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोच निर्माण के विभिन्न चरणों को देखा और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की तथा अच्छी गुणवत्ता, सुरक्षा और सटीक कार्य पर विशेष ध्यान देने को कहा। यह



उन्नत वंदे भारत ट्रेनसेट बेहतर यात्री सुविधाओं, आधुनिक संरक्षा प्रणालियों, आरामदायक यात्रा व्यवस्था, मजबूत (क्रैशवर्दी) डिजाइन और आधुनिक रूप-रंग के साथ बनाया जा रहा है। यह भारतीय रेल के विश्वस्तरीय रेल यात्रा के लक्ष्य और 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप है। श्री मिश्रा ने अब तक हुए कार्य पर संतोष व्यक्त किया और रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला के कर्मचारियों के मेहनती प्रयासों की सराहना की।

# रेल डिब्बा कारखाना में कर्मचारी भविष्य निधि व कर्मचारी राज्य बीमा पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 19 दिसंबर।** रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला के टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर में कर्मचारी भविष्य निधि निगम और कर्मचारी राज्य बीमा निगम, जालंधर की तरफ से कर्मचारियों के कर्मचारी प्रोविडेंट फंड (ईपीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के फायदों पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स, ठेकेदारों और रे डि का अधिकारियों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मौजूद रे डि का के सीनियर अधिकारियों में अभय प्रिया डोगरा, डिप्टी सी एम ई/कोआर्डिनेशन, नीरज कुमार, वर्क्स मैनेजर / फर्निशिंग, रामेश्वर



सिंह, प्रिंसिपल/ टी टी सी, अतुल कुमार यादव, असिस्टेंट वर्क्स मैनेजर/पेंट और जगमीत सिंह, चीफ सेफ्टी ऑफिसर शामिल थे।

कर्मचारी प्रोविडेंट फंड योजना के फायदों पर सेशन में हरचरण सिंह, इंफोर्स्मेंट अफसर/ई पी एफ और राजदीप सिंह बरार, इंफोर्स्मेंट अफसर/ई पी एफ ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कर्मचारी प्रोविडेंट फंड के टेक्निकल पहलुओं के बारे में श्री पंकज सरपाल ने विस्तार से बताया।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के फायदों पर लेक्चर दीपक कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने दिया। उत्तम कुमार, एस एस ओ ई एस आई सी ने ठेकेदारों को एसपीआरईई (नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने की योजना) के बारे में भी बताया और इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन के फायदों पर प्रकाश डाला।

## जमीनी विवाद में बदला लेने के लिए रंजिश का है मामला

# चाचा और भतीजे की गोली मारकर हत्या

**जमीनी पुरानी रंजिश की खूनी वारदात से गांव सनसनी**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 19 दिसंबर।** जिले के गांव पाई में शुक्रवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। बदमाशों ने बाइक पर सवार चाचा-भतीजे को घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। पहले एक युवक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर गोली मारी गई। जान बचाने के लिए वह खेतों की ओर भागा, लेकिन हमलावरों ने पीछा करते हुए खेत में ही उसे गोलियों से भून डाला। जब उसकी मौत की पुष्टि हो गई तो आरोपी दूसरे युवक की तलाश में गांव पहुंचे और वहां भी चाचा को निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और दोनों स्थानों से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। मृतकों की पहचान राजेंद्र (44) और उसके चाचा वीरभान उर्फ भाना राम (76) के रूप में हुई है। वीरभान अमावस्या के दिन अपने खेत में पितरों के स्थान पर पूजा करने गया था। उसी दौरान आरोपी उसके पीछे लग गए। जैसे ही वह गांव पाई पहुंचा तो आरोपी भी उसके साथ गांव में दाखिल हो गए और वहां उसे गोलियों से भून दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि यह दोहरा हत्याकांड पुरानी रंजिश का नतीजा हो सकता है।

### हर पहलू से की जा रही है जांच

एसपी उपासना ने कहा कि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश को ही वारदात की वजह माना जा रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। मामले में सीआईए की तीनों टीमें लगाई गई हैं। डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश स्वयं पूरे प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### पुरानी रंजिश का है मामला





ग्रामीणों ने बताया कि राजेंद्र का नाम वर्ष 2012 में हुए एक मर्डर केस में 13 अन्य आरोपियों के साथ दर्ज था। उस मामले में उसे सजा सुनाई गई थी। वर्ष 2018 में वह जेल से जमानत पर बाहर आया था और गांव पाई में रहकर खेती-बाड़ी का काम कर रहा था। इसी मामले को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों में रंजिश बनी हुई थी। बताया गया है कि वर्ष 2012 में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें दो लोगों की हत्या हुई थी। उसी विवाद की रंजिश में बदला लिए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालिया मामले में मारे गए चाचा-भतीजे का नाम उस पुराने केस में शामिल रहा है, हालांकि जांच के दौरान वीरभान उर्फ भाना का नाम केस से हटा दिया गया था।

## एयरक्राफ्ट बेस पर तैनात जवान मनीष कुमार का निधन गांव सुलेहड़ा में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 19 दिसंबर।** भारतीय सेना में तैनात सिपाही मनीष कुमार का 18 दिसंबर 2025 को पश्चिम बंगाल स्थित एयरक्राफ्ट बेस पर आकस्मिक निधन हो गया। वह डिफेंस सिक्योरिटी कोर (डीएससी) विंग में सेवाएं दे रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिपाही मनीष कुमार की तबीयत शारीरिक अभ्यास के बाद आराम के दौरान अचानक बिगड़ गई। चिकित्सकीय जांच में बताया गया कि शरीर की नस फटने के कारण उनका निधन हुआ। जवान के निधन की सूचना मिलते ही यूनिट में शोक की लहर दौड़ गई।

मनीष कुमार मूल रूप से गांव सुलेहड़ा, उपमंडल नरवाना के निवासी थे। उनके पिता जगदीश सिंह, माता सुदेश, पत्नी सुशीला तथा भाई सोनू हैं। वर्ष 2016 में उन्होंने सिख रेजीमेंट (टीए ब्रांच) के माध्यम से भारतीय सेना जॉइन की थी। उन्होंने जालंधर (पंजाब) में प्रशिक्षण प्राप्त किया और वर्तमान में सिपाही के पद पर कार्यरत थे।

जवान का पार्थिव शरीर सैनिक सम्मान के साथ 19 दिसंबर 2025 को गांव सुलेहड़ा लाया गया, जहां सैन्य सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। सैनिक के छोटे भाई सोनू ने चिता को मुखाग्नि दी। संस्कार से पहले प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार रणवीर सिंह ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्कर अर्पित कर दिवंगत सैनिक को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुवीर नैन, कालवन तपा प्रधान फकीरचंद नैन, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जोगिंदर नैन, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सुपुत्र करण प्रताप सिंह, जिला पार्षद वीरेंद्र सिंगवाल, जिला पार्षद पवन सुलेहडा,सतबीर दबलैन, बिट्टू नैन, गांव के सरपंच महावीर जांगड़ा, सुरेंद्र प्रजापति, रंगी राम नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्कर अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सेना के जवानों द्वारा 21 राउंड फायर कर दिवंगत सैनिक को सलामी दी गई। गांव में पहुंचने पर हजारों की तादाद में उमड़े क्षेत्र वासियों, विशेष कर युवाओं ने इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, मनीष कुमार अमर रहे के गगनभेदी नारों के साथ शव यात्रा में हिस्सा लिया। पूरे गांव में पूरा दिन मातम का माहौल रहा और संस्कार के वक्त सन्नाटा छाया रहा। सभी की आंखें नम थी और परिजनों विशेष कर सैनिक के पिता, माता, पत्नी और छोटे भाई का विलाप और रूधन देखा नहीं जा रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### गन्ना बिजाई पर किसानों को दिया प्रशिक्षण, मिलेगा अनुदान

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की गन्ना अनुभाग इकाई द्वारा गांव राणा माजरा में एक दिवसीय किसान-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि निरीक्षक मुस्तकिम अहमद ने किया। सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने किसानों को गन्ना तकनीकी परियोजना 2025-26 के तहत उपलब्ध अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभागीय सिफारिश गन्ना किस्म की बीज नर्सरी पर 5000 रुपये प्रति एकड़ तथा चौड़ी खूड़ व एकल आँख विधि से बिजाई पर 3000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा। गन्ना किस्म सीओ-15023 की बिजाई एवं बीज बिक्री पर भी अनुदान का प्रावधान है। कृषि विज्ञान केंद्र, उझा के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. सतपाल ने गन्ने की बिजाई से पूर्व बीज उपचार, रोग-कीट नियंत्रण तथा गेहूं व सरसों की फसलों की समस्याओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

### जन कल्याण मंच ने जरूरतमंद छात्रों को बांटीं जर्सियां

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि.) द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए गांव झिंवरहेड़ी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद छात्रों को जर्सियां वितरित की गईं। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनजीत पुनिया ने संस्था के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान दलबीर मलिक, महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, संरक्षक देशराज भटनागर, सलाहकार राजकुमार वालिया, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा तथा सचिव सरदार कुलदीप सिंह सैनी ने छात्रों को जर्सियां प्रदान कीं। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने, मोबाइल के सीमित प्रयोग तथा स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सहन लाल, अर्जुन सिंह, धर्मवीर, सुनील मच्छाल और सोनम सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### खड़ी तपस्या की कड़ी साधना, अपने आराध्य से सीधा संपर्क

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज की खड़ी तपस्या कठोर साधना और अटूट संकल्प के साथ जारी है।, जहां बिना विश्राम किए की जा रही यह कड़ी तपस्या साधक के अपने आराध्य से सीधे संपर्क का प्रतीक मानी जा रही है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि खड़ी तपस्या के माध्यम से महंत जी ईश्वरीय चेतना से साक्षात संवाद स्थापित कर रहे हैं, जिससे दरबार परिसर में दिव्य और चमत्कारी ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। सुबह से देर शाम तक सैकड़ों श्रद्धालु दरबार पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं और कई भक्त अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव, मानसिक शांति और मनोकामना पूर्ति का अनुभव साझा कर रहे हैं। भक्ति, संयम और त्याग की यह साधना पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र बनी हुई है, वहीं जयकारों और मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। कड़ी तपस्या जनकल्याण, सुख-शांति और आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस मौके पर श्रद्धालु तेजबीर सिंह अश्वन। मखन सिंह मनप्रीत सिंह जगीर मोर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



### भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान में किसानों ने लिया प्रशिक्षण

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में भारतीय कृषि आधारित उद्योग (बीएआईएफ), आजीविका, मध्य प्रदेश के सौजन्य से जिला देवास (मध्य प्रदेश) के 18 किसानों के लिए 'गेहूँ एवं जौ की उन्नत उत्पादन तकनीकें' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने की। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ए. आनंदन, कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय बीज विज्ञान प्रौद्योगिकी संस्थान, मऊ (उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को उन्नत किस्मों, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। डॉ. रतन तिवारी ने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर ही किसान अपनी उत्पादकता और आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित गेहूँ की नवीन किस्मों डीबीडब्ल्यू-187, डीबीडब्ल्यू-303, डीबीडब्ल्यू-327, डीबीडब्ल्यू-359 और डीबीडब्ल्यू-377 को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अनुज कुमार ने मंच संचालन किया। डॉ. अमित शर्मा ने गेहूँ एवं जौ की उन्नत उत्पादन तकनीक, रोग प्रबंधन, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और यंत्रीकरण पर जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।

### जिला स्तरीय शिक्षा सभा का आयोजन कल

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** खंड के वीरेंद्र स्मारक भवन में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की प्रधान शीतल व वीरेंद्र स्मारक समिति के प्रधान राजपाल दहिया की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल व वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डॉक्टर शीशपाल ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 रविवार को श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल पावटी में जिला स्तरीय शिक्षा सभा करने का निर्णय लिया गया द्य इस सभा में प्राथमिक,उच्च विद्यालय व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों तथा बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करते हुए सार्वजनिक शिक्षा की बेहतरी पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके मुख्य वक्ता अशोक अग्रवाल दिल्ली उच्च न्यायालय के वकील एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता व प्रोफेसर मधु प्रसाद प्रवक्ता अखिल भारतीय शिक्षा अधिकार मंच तथा अध्यक्ष मंडल में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डॉ. दिनेश अग्रवाल प्रवक्ता दिल्ली साइंस फ़ोरम व कमला मेनन सेक्रेटरी दिल्ली साइंस फ़ोरम शामिल होंगे।

## नारायणगढ़ से डेरा ब्यास के लिए सीधी बस सेवा शुरू

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 19 दिसंबर।** क्षेत्रवासियों की मांग को पूरा करते हुए बस स्टैंड नारायणगढ़ से डेरा ब्यास के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। इस बस सेवा को पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने नारियल फोड कर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया।

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ एवं किफायती परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को भी बेहतर बस सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बस सेवा शुरू करवाने की क्षेत्र के लोगों की मांग थी, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है। उन्होंने बताया कि यह बस प्रतिदिन प्रातः 7.10 बजे नारायणगढ़ बस स्टैंड से चलकर रायपुररानी होते हुए दोपहर 12.30 बजे डेरा ब्यास पहुंचेगी तथा वहां से दोपहर 1 बजे नारायणगढ़ के लिए रवाना होगी और लगभग सायं 6 बजे यहां वापस पहुंचेगी।

पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास-सबका विश्वास की भावना के अनुरूप प्रत्येक वर्ग तक विकास की योजनाएं पहुंचा रही है। सडक़, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में निरंतर नई-नई योजनाएं चलाई जा रही है।

## सोम गुरुकुल में कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई सुलेख प्रतिभा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 19 दिसंबर।** सोम गुरुकुल विद्यालय में हाल ही में कैलीग्राफी (सुलेख) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की लिखावट में सुधार करना तथा उनमें सुलेख के प्रति रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सुंदर, सुस्पष्ट और कलात्मक लिखावट का प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार, कक्षा स्तर पर चयनित पाँच-पाँच विद्यार्थियों के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके थे। इसके उपरांत विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 3 से विनम्रता, कक्षा 4 से पाविका, कक्षा 6 से जसनूर, कक्षा 7 से यक्षित, कक्षा 8 से जतिन तथा कक्षा 9 से वृंदा शामिल हैं।

आज आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय की ओर से इन सभी विजेता विद्यार्थियों के साथ-साथ कक्षा स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास देखने योग्य रहा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ऋतु शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कैलीग्राफी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को सुलेख के लाभों, सही लेखन शैली, अक्षरों की बनावट और नियमित अभ्यास के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## अवैध वाहनों पर सख्त कदम उठाएगी मार्केट कमेटी

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पानीपत मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह शास्त्री ने बताया कि जीरी के सीजन के दौरान किसान यूनियन द्वारा बाबरपुर मंडी में किसानों की जीरी की डेरियों की तोल की जांच की गई थी। आरोप है कि इस जांच में जावा ट्रेडिंग बाबरपुर मंडी की तोल में गड़बड़ी पाई गई। गड़बड़ी सामने आने के बाद मार्केट कमेटी की ओर से जावा ट्रेडिंग को जवाबी कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर शुर्क्रवार को मार्केट कमेटी पानीपत ने आरोपी जावा ट्रेडिंग बाबरपुर मंडी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है तथा भविष्य में कार्य सही ढंग से करने की सख्त हिदायत दी है। यही नहीं मार्केट कमेटी पानीपत ने बाबरपुर मंडी परिसर में खड़े अवैध वाहनों पर भी सख्त कदम उठाए गए हैं।

## मेडिकल यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर गुरु ब्रह्मानंद के नाम पर रखने की मांग

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 दिसंबर।** करनाल के कुटैल गांव में निर्माणाधीन पंडित दीन दयाल मेडिकल यूनिवर्सिटी के उद्घाटन से पहले ही इसके नाम को लेकर विवाद गहरा गया है। कुटैल गांव और रोढ़ समाज के लोगों ने यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर गुरु ब्रह्मानंद के नाम पर रखने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्रामीण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कल्याण के निवास पर एकत्रित हुए और उनकी अगुवाई में पत्रकारों से बातचीत की।

राजेंद्र कल्याण ने आरोप लगाया कि सरकार ने कुटैल गांव के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए गांव की करीब 140 एकड़ जमीन दी गई थी और तत्कालीन सरकार ने भरोसा दिलाया था कि गांव के बच्चों को एडमिशन और कर्मचारियों की भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही यूनिवर्सिटी का नाम गांव की भावनाओं के अनुरूप रखा जाएगा। लेकिन सरकार ने इन वादों को पूरा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि पहले यह उम्मीद थी कि यूनिवर्सिटी का नाम करनाल की बेटी कल्पना चावला के नाम पर रखा जाएगा, लेकिन यदि इसमें कोई अड़चन थी तो गुरु ब्रह्मानंद के नाम पर नामकरण किया जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि दीन दयाल उपाध्याय का हरियाणा या करनाल के विकास में कोई योगदान नहीं रहा है।

राजेंद्र कल्याण ने दुख जताया कि हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण ने भी क्षेत्र की भावनाओं की अनदेखी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। साथ ही मेडिकल यूनिवर्सिटी में स्थानीय लोगों को कोटा देने और गुरु ब्रह्मानंद जयंती पर अवकाश घोषित करने की भी मांग रखी गई।

इस अवसर पर जोगिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह पाला राम, ईश्वर सिंह, नीरज गुनियाना, अनिल कुमार, बलवीर सिंह, कर्म सिंह सरपंच, जय सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## समान काम के लिए समान वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पालिका कर्मचारी संघ शाखा समालखा सदस्यों ने प्रधान रणबीर के नेतृत्व में शुक्रवार को गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधान रणबीर नें कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारियों की मांगों प्रति टालमटोल रवैया की निंदा की। गेट मीटिंग कर सदस्यों ने घोषणा की कि अगर सरकार समान काम के लिए समान वेतन को लागू करने का फैसला जल्द नहीं करता है तो प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारियों के पास आंदोलन के आलावा कोई रास्ता नहीं रह जाता। उन्होंने मांग की कि सरकार अपने वायदे अनुसार कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन जारी करे। लंबित वेतन तुरंत जारी किया जाए।

## नगर परिषद के लगाए गए एडवर्टाइजमेंट पोल लगता है कि बने अधिकारियों की कमाई का साधन




अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 19 दिसंबर।** टोहाना नगर परिषद भ्रष्टाचार के मामलों में नंबर वन पर रहती है जब भी कोई ऑडिट वगैरा उच्च अधिकारियों द्वारा की जाती है तब इनको रजिस्टर तक गुम हो जाते हैंआज आप सभी का ध्यान फिर एक ऐसे ही भ्रष्टाचार के मामले की ओर दिलवाना चाहता हु कई वर्ष पहले नगर परिषद टोहाना ने शहर में कई में मुख्य मुख्य जगह चिन्हित कर बड़े-बड़े एडवर्टाइजमेंट पोल शहर में लगाए थे जिस पर लाखों रुपए नगर परिषद ने खर्च किए गए थे और लाखों रुपए हर वर्ष ठेके के रूप में नगर परिषद को आमदन भी इन एडवरटाइजमेंट पोलो से होनी थी जिसको अधिकारियों ने साथ गांठ कर एडवर्टाइजमेंट के ठेके का रेट अनाप-शनाप (ज्यादा) रख कर एडवर्टाइजमेंट के टेंडर को ही पूर्ण नहीं होने दिया गया। जिससे कि हर वर्ष यह टेंडर कोई भी पार्टी लगाती नहीं देखी गई और जिसके कारण नगर परिषद को मिलने वाली लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हर वर्ष हो रहा है पर वह एडवरटाइजमेंट पोल अपना कार्य हर रोज वर्षों से इसी तरह कर रहे हैं उन पोलो पर जो एडवर्टाइजमेंट लग रही है वह कौन लगाता रहा है कौन उसका फायदा ले रहा है जब टेंडर प्रक्रिया ही नहीं हो रही है तो पोल क्यों लगे हुए हैं उखड़वाए क्यों नहीं जाते क्या वह अतिक्रमण नहीं कर रहे है। यह सवाल हर शहर के नागरिक की जुभा पर है क्या निकाय मंत्री विपिन गोयल जी इस एडवरटाइजमेंट स्कैम की ओर ध्यान दें।

## मुलाना में यूनिवर्सिटी के पास पनप रही अवैध कॉलोनियां जमींदोज

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़

**मुलाना, 19 दिसंबर।** मुलाना क्षेत्र में बेखौफ पैर पसार रहे भू-माफिया के मंसूबों पर शुक्रवार को प्रशासन ने करारी चोट की। एमएम डीम्ड यूनिवर्सिटी और बुडियों रोड के पास बिना सरकारी मंजूरी के खड़ी की जा रही अवैध कॉलोनियों को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने मलबे में तब्दील कर दिया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में तीन जेसीबी मशीनों ने न केवल चारदीवारियों को तोड़ा, बल्कि कई निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारतों को भी धराशायी कर दिया।

कार्रवाई का पैमाना इतना व्यापक था कि अवैध कॉलोनाइजरों के पसीने छूट गए। जैसे ही डीटीपी रोहित चौहान के नेतृत्व में विभाग की टीम और मुलाना पुलिस के दर्जनों जवान मौके पर पहुंचे, वहां हड़कंप मच गया। अपनी आंखों के सामने लाखों का निवेश मिट्टी में मिलते देख कई कॉलोनाइजर और निवेशक अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ाते नजर आए, लेकिन प्रशासन ने किसी भी दबाव को दरकिनार करते हुए कार्रवाई जारी रखी।

सूत्रों की मानें तो इन कॉलोनियों में क्षेत्र के कुछ रसूखदार लोगों का पैसा लगा था, जिसके चलते अब तक कार्रवाई टलती आ रही थी। डीटीपी रोहित चौहान ने स्पष्ट किया कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा। उन्होंने आम जनता को आगाह किया कि वे सस्ते प्लॉट के झांसे में न आएं और निवेश से पहले विभाग से जमीन की वैधानिकता की जांच अवश्य कर लें। प्रशासन का यह कदम अवैध निर्माण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाइयों में गिना जा रहा है।

## बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा: नवीन जिन्दल

### सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र की बेटियों ने गुरुग्राम में दिखाया जेनएआई का कौशल

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 19 दिसंबर।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की बेटियों को स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। यह उद्गार सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र की 100 बेटियों को गुरुग्राम में एआई का परचम लहराने पर बधाई देते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के अंतर्गत जय राम विद्यापीठ की 100 छात्राओं को जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राप्त कर कुरुक्षेत्र की बेटियों ने वैश्विक स्तर के ब्रांड्स के लिए मार्केटिंग प्रोजेक्ट्स तैयार किए। इनमें से अधिकतर छात्राएं किसान एवं ग्रामीण परिवारों से ताल्लुक रखती हैं, जिन्होंने ÷कुरुक्षेत्र की जेनएआई रेडी नारी÷ कार्यक्रम के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस प्रशिक्षण के बाद ये छात्राएं आत्मविश्वास के साथ एआई आधारित मार्केटिंग टूल्स तैयार करने में सक्षम बनी हैं।

इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट हेड डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि यह पहल नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के अंतर्गत निमाया फाउंडेशन व एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के सहयोग से संचालित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जेनेरेटिव एआई के अत्याधुनिक कौशल, डिजिटल समझ और कार्यस्थल के लिए आवश्यक दक्षताओं से लैस करना रहा, ताकि वे बदलते कार्यक्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ सकें।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 नवंबर 2025 को सांसद नवीन जिन्दल की उपस्थिति में जय राम विद्यापीठ में किया गया था। इस अवसर पर निमाया फाउंडेशन की संस्थापक नव्या नवेली नंदा और सम्यक चक्रवर्ती तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के सीएसआर निदेशक कुमार अमन भी मौजूद रहे। इस पहल का उद्देश्य उभरती तकनीकों में लैंगिक और अवसर संबंधी अंतर को कम करना है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां प्रतिभा तो है, लेकिन संसाधनों और अवसरों की कमी रहती है।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने पेप्सिको के साथ एक लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट पर काम किया। जिसमें उन्होंने चैटजीपीटी, कैनवा एआई और परप्लेक्सिटी जैसे जेनएआई टूल्स का उपयोग कर वास्तविक मार्केटिंग चुनौतियों के समाधान तैयार किए। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में चयनित 10 प्रतिभागियों को गुरुग्राम स्थित पेप्सिको कार्यालय में कंपनी की राष्ट्रीय मार्केटिंग टीम के समक्ष अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

इस सफलता की प्रशंसा करते हुए निमाया फाउंडेशन की सह-संस्थापक नव्या नवेली नंदा और सम्यक चक्रवर्ती ने कहा कि प्रतिभा हर जगह होती है, लेकिन अवसर नहीं। जब ग्रामीण भारत की छात्राओं को सही संसाधन और वास्तविक अनुभव मिलते हैं, तो वे केवल सीखती नहीं, बल्कि नेतृत्व भी करती हैं। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं को वैश्विक ब्रांड्स के लिए रणनीतियाँ बनाते देखना यह साबित करता है कि भविष्य का कार्यक्षेत्र केवल कुछ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है।

# केंद्र का वीबी-जी राम जी बिल करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी को खतरे में डालने वाला एक खतरनाक कदम: कंग

## कहा- विकसित भारत के लिए मजबूत गांव जरूरी हैं और मजबूत गांवों के लिए किसानों व मजदूरों की सुरक्षा जरूरी

किसान विरोधी कानूनों के बाद, अब मोदी सरकार मजदूर विरोधी वीबी-जी राम जी बिल लेकर आई है: कंग

कंग ने मनरेगा के तहत न्यूनतम दिहाड़ी बढ़ाने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्र के प्रस्तावित वीबी-जी राम जी बिल का कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे ग्रामीण मजदूरों के लिए देश के सबसे बड़े सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम मनरेगा को कमजोर करने और प्रभावी तरीके से खत्म करने के उद्देश्य से उठाया गया एक खतरनाक और पिछड़ा कदम बताया।

इस बिल पर बहस में हिस्सा लेते हुए कंग ने इसकी तुलना रद्द किए जा चुके कृषि कानूनों से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह किसान विरोधी कानूनों ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किए थे क्योंकि वे किसानों की रोजी-रोटी के लिए खतरा थे, उसी तरह मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव भारत के सबसे गरीब, अकुशल और कमजोर मजदूरों के लिए ऐसा ही खतरा पैदा करते हैं।

कंग ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक रोजगार योजना नहीं है, बल्कि एक अहम सामाजिक सुरक्षा जाल है। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के बाद गांवों में ऐसी अनगिनत कहानियां सामने आई थीं जहां परिवार सम्मानजनक जीवन जी रहे थे और पहली बार गरीब घरों में सुनिश्चित रोजगार व आमदनी के कारण दीवाली जैसे त्योहार खुशी से मनाए गए।

बिल की विशेष व्यवस्थाओं पर गंभीर आपत्ति उठाते हुए 'आप' सांसद ने कहा कि खेती के पीक सीजन के दौरान काम को सीमित करने वाली धाराएं मजदूरों को उस समय रोजगार से वंचित कर देंगी जब उन्हें आमदनी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। उन्होंने सवाल किया कि अगर ग्रामीण मजदूरों को नाजुक समय के दौरान काम देने से इनकार कर दिया जाता है, तो उनके पास रोजी-रोटी का कौन सा विकल्प होगा?

वित्तीय मोर्चे पर कंग ने केंद्र के हिस्से को 90त्न से घटाकर 60% करने के प्रस्ताव की आलोचना की, जिससे राज्यों पर ज्यादा बोझ पड़ेगा। उन्होंने दलील दी कि राज्य पहले से ही गंभीर वित्तीय दबाव में हैं, क्योंकि राजस्व का बड़ा हिस्सा केंद्र द्वारा जीएसटी के जरिए इकट्ठा किया जा रहा है, जिससे राज्यों के पास सीमित संसाधन रह गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद करना गैर-वाजिब और बेइंसाफी है।

पंजाब की वित्तीय हालत का जिक्र करते हुए कंग ने बताया कि पिछली सरकारों ने सूबे पर कर्ज का बड़ा बोझ छोड़ा है। उन्होंने सवाल किया कि अगर केंद्र अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटता है तो वित्तीय तौर पर जूझ रहे राज्य मनरेगा को कैसे बरकरार रख पाएंगे।

कंग ने स्पष्ट तौर पर मांग की कि 90% केंद्रीय हिस्से और 10% राज्य के हिस्से के मूल फंडिंग पैटर्न को बरकरार रखा जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से ग्रामीण रोजगार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कम न करने की अपील की।

उन्होंने मनरेगा की बहुत कम मजदूरी का मुद्दा भी उठाया और कहा कि मौजूदा दरें बुनियादी गुजारे के लिए नाकाफी हैं। कंग ने मांग की कि मनरेगा के तहत न्यूनतम दैनिक दिहाड़ी बढ़ाकर 500 रुपये की जाए और राज्यों को इसे सही तरीके से लागू करने में मदद के लिए जरूरी केंद्रीय सहायता दी जाए।

अपने संबोधन के अंत में कंग ने कहा कि 'विकसित भारत' का विजन गांवों को कमजोर करके हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने ग्रामीण रोजी-रोटी को खत्म करने वाली नीतियों की बजाय मजबूत सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाओं की मांग करते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब इसके गांव मजबूत होंगे, और गांव तभी मजबूत हो सकते हैं जब किसान और मजदूर सुरक्षित होंगे।

# विपक्ष की राजनीति पूरी तरह झूठ, भ्रम और साजिश पर आधारित: सुरेश संधू

बोले- जनता के बीच जाकर करेंगे विपक्ष की वोट चोरी वाली झूठी कहानी का पर्दाफाश

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 19 दिसंबर।** कैथल भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू ने वोट चोरी और एसआईआर को लेकर विपक्ष के झूठे और भ्रामक प्रचार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज विपक्ष की राजनीति पूरी तरह झूठ, भ्रम और साजिश पर आधारित हो चुकी है। जब से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रक्रिया तेज की है तब से विपक्षी दल बौखलाहट में लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने पर उतर आए हैं। सुरेश संधू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक संवैधानिक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य फर्जी, मृत और डुप्लीकेट वोटरों को हटाकर केवल वास्तविक और पात्र नागरिकों को मताधिकार दिलाना है। लेकिन जिन दलों ने वर्षों तक फर्जी वोटों के सहारे सत्ता की राजनीति की वही आज वोट चोरी का झूठा राग अलाप रहे हैं। संधू ने कहा कि विपक्ष यह अच्छी तरह जानता है कि जब मतदाता सूची शुद्ध होगी, तो उनकी तुष्टिकरण और धोखाधड़ी की राजनीति का अंत तय है। इसी डर से वे चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था पर सवाल खड़े कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जो कि सीधे-सीधे लोकतंत्र का अपमान है। भाजपा जिला महामंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की मजबूती की पक्षधर है न कि कमजोर करने की। भाजपा हर उस प्रक्रिया का समर्थन करती है जो चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाती है। विपक्ष को यह समझ लेना चाहिए कि अब देश की जनता जागरूक हो चुकी है और झूठे आरोपों से गुमराह नहीं होने वाली। सुरेश संधू ने कहा कि कैथल सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर एसआईआर की सच्चाई जनता के सामने रखेंगे और विपक्ष की वोट चोरी वाली झूठी कहानी का पर्दाफाश करेंगे।

## नियमित ध्यान मानसिक स्वास्थ्य की परम औषधि: डॉ. शकुंतला

**कैथल (अप्रस)।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को आईटीआई कैथल में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्यान योग शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के आदेशानुसार तथा प्रधानाचार्य सतीश कुमार मच्छाल के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. शकुन्तला दहिया ने बताया कि नियमित ध्यान मानसिक स्वास्थ्य की परम औषधि है। ध्यान योग से मानसिक उलझन एवं तनाव से मुक्ति मिलती है। ध्यान करने से मानसिक स्वास्थ्य ही नहीं अपितु शारीरिक स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थी जीवन में ध्यान योग एकाग्रता को बढ़ाता है एवं स्मरण शक्ति में बढ़ोतरी होती है। जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ राजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में शिविर का संचालन योग सहायक संदीप सिंह एवं संजू आर्य द्वारा किया गया।

## साइबर सिक्योरिटी की बुनियादी जानकारी होना बेहद जरूरी: बलविंद्र ढुल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 दिसंबर।** अंबाला रोड स्थित हार्ट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय लीगल प्रोफेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका, संभावनाएं और चुनौतियां रहा। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के संचालक डा. बलविंद्र ढुल द्वारा सभी अधिवक्ताओं के स्वागत से हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब केवल आईटी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा बल्कि शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और न्यायिक क्षेत्र में भी तेजी से अपनी जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज लीगल प्रोफेशन में केस ड्राफ्टिंग, लीगल रिसर्च, जजमेंट एनालिसिस, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और डेटा मैनेजमेंट जैसे कार्यों में एआई अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है। इसके पश्चात केंद्र की एआई की सहायक प्रोफेसर निष्ठा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि एआई आधारित टूल्स के माध्यम से अधिवक्ता कम समय में अधिक सटीक लीगल रिसर्च कर सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी और वेबसाइट डिजाइनिंग विषय पर विशेषज्ञ रवि सिंह ने कहा कि आज डिजिटल युग में अधिवक्ताओं का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने साइबर अपराधों, डेटा चोरी और डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को अपनी वेबसाइट, ई-मेल और डिजिटल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी की बुनियादी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। डिजिटल मार्केटिंग विषय पर राजेश कौशिक ने कहा कि आज के समय में प्रोफेशनल पहचान केवल कोर्ट तक सीमित नहीं रह गई है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता सोशल मीडिया, वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी सेवाओं, अनुभव और विशेषज्ञता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एग्रीस्टैक को लेकर संयुक्त शिविर आयोजित

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा खंड के गांव बडौंदा व बहलालपुर में एग्रीस्टैक को लेकर संयुक्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन खंड कृषि विभाग लाडवा एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें लाडवा एस.डी.एम.अभिनव मेहता ने मुख्य रूप से शामिल हुए और शिविर का शुभारंभ करते हुए किसानों से जल्द से जल्द एग्रीस्टैक आई.डी. बनवाने की अपील की। उन्होंने एग्रीस्टैक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल किसानों को भविष्य में फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, सबसिडी, ऋण एवं अन्य कृषि सेवाओं का लाभ सुगमता से दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान एस.डी.एम. ने किसानों की समस्याओं को भी ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। शिविर का उद्देश्य किसानों की एग्रीस्टैक आई.डी. बनाना रहा, जिससे उनकी कृषि भूमि एवं किसान प्रोफाइल से जुड़ी जानकारी की एक यूनिक डिजिटल आईडी तैयार की जा सके। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी अमित कंबोज ने किसानों को एग्रीस्टैक योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक के माध्यम से किसानों की जमीन का रिकॉर्ड, फसल विवरण, किसान प्रोफाइल एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ तेजी, पारदर्शिता एवं बिना किसी बिचौलिए के मिल सकेगा। किसानों ने इस पहल को डिजिटल कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पनर अनेक किसान मौजूद थे।

### ग्लोब हेरिटेज स्कूल का स्कॉलरशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 3 सी चैतन्य करियर कंसल्टेंट इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित जेस्ट स्कालरशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अर्णव कंबोज, हेमन, लाव्यांश व दिग्विजय शामिल रहे, जिन्हें संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लिसनिंग स्किल्स, अनसीन कॉम्प्रिहेंशन पैसेज, रीजनिंग, क्रिटिकल थिंकिंग, ग्रामर तथा वर्ड वोकैबुलरी जैसे विभिन्न चरणों पर आधारित परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने ज्ञान और आत्मविश्वास का परिचय दिया, बल्कि अपने माता-पिता व विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की परीक्षाओं में भाग लेने से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। इस अवसर पर अमित सिंघल भी मौजूद थे।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धान्त जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर डोमिनेशन के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी (साइबर फ्रॉड) के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उप निरीक्षक सादीराम ने बताया कि शिव कुमार, पुत्र सुभाष, निवासी पिरथला, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद, उम्र 26 वर्ष ने पुलिस को शिकायत दी कि दिनांक 02.12.2025 को सोशल मीडिया पर किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से उनके मोबाइल का एक्सेस अज्ञात व्यक्ति के हाथ में चला गया। इसके बाद उनके ।ष्टस्नष्ट बैंक खाते (खाता संख्या 50100718619721) से कुल 40,000 रुपये की धोखाधड़ी से निकासी हुई। शिकायतकर्ता ने आनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत संख्या 31312250091820 दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर थाना सदर टोहाना में अभियोग संख्या 240 दिनांक 04.12.2025 के तहत धारा 318(4) ढ्ढहस्- के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान आरोपी की पहचान छत्तर सिंह पुत्र मनफुल, निवासी गाँव लहरियां के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे नियमानुसार पुलिस जमानत पर रिहा किया गया।

## चैक बांउस मामले में अपील खारिज, एक साल कैद की सजा बरकरार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 19 दिसंबर।** एडीजे नंदिता कौशिक ने चैक बांउस के एम मामले में अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में तत्कालीन जेएमआईसी अश्वनी गुप्ता ने दोषी को एक साल की कैद की सजा सुनाई थी। अपील और ट्रायल में शिकायतकर्ता/प्रतिवादी के केस की पैरवी एडवोकेट सचिन जैन ने की। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता/ प्रतिवादी सतबीर ने आरोपी/अपीलकर्ता कर्मबीर के खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज की थी। यह शिकायत कर्मबीर द्वारा 19 नवंबर 2015 को नकद लिए गए 4,30,000 रुपये की रकम चुकाने के लिए जारी किए गए चैक के संबंध में थी। शिकायतकर्ता सतबीर और आरोपी कर्मबीर करीबी रिश्तेदार हैं। आरोपी ने 16 नवंबर 2015 को अपनी 2 बेटियों की सगाई और शादी की रस्मों के लिए 4,30,000 रुपये की वित्तीय सहायता के लिए शिकायतकर्ता से संपर्क किया था। 15 मई 2016 के बाद शिकायतकर्ता ने अपना एडवांस लेने के लिए कई बार आरोपी से संपर्क किया तो 31 मई 2016 को आरोपी ने चेक जारी कर दिया। 31 मई 2016 को जब शिकायतकर्ता ने उपरोक्त चैक पंजाब नेशनल बैंक, कैथल में पेश किया तो वह 1 जून 2016 को फंड अपर्याप्त टिप्पणी के साथ डिसऑनर हो गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 14 जून 2016 को उसे लीगल नोटिस भेजा लेकिन उसका कोई असर आरोपी पर नहीं हुआ।


**उत्तर रेलवे**

**ई नीलामी-सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल के अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

नीलामी कैटलॉग सं.: UBC-Ctg-RR01-25 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 29.12.2025 को 12:00 बजे

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम-जनरल माइनर यूनिट (GMU) (Size 40.61 sqm) सामान्य महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन | 29.12.2025 को 12:30 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 3942/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Muthoot Homefin मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.**

कारपोरेट कार्यालयः यूनिट सं. 19-एनई, 19वां तल, दि रूबि, सेनापती बापट मार्ग, समीप रूपेरल कॉलेज, दादर (वेस्ट), मुम्बई, महाराष्ट्र-400028

**कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पढ़े गए अनुलग्नक IV के अनुसार)**

चूंकि, मुथूट होमफिन (इंडिया) लि. (एमएचआईएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण व प्रतिभूतिकरण के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी गई धारा 13(2) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में कथित सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु निम्न वर्णित ऋणियों/गारंटरों को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मांग सूचना जारी की गई थी। ऋणी राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं इसलिए ऋणियों/सह-ऋणियों/गारंटरों तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 के साथ पढे गए कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में निम्न वर्णित संपत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है। विशेष तौर पर ऋणी तथा आम जनता को एतदद्वारा संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करने के बारे में सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई लेन-देन निम्न वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए मुथूट होमफिन (इंडिया) लि. के प्रभार का विषय होगा। ऋणियों का ध्यान सिक्योर्ड परिसंपत्तियों को मुक्त करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र.सं. | ऋणी/सह-ऋणी का नाम/ऋण खाता सं./शाखा | सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | मांग सूचना की तिथि एवं कुल बकाया देय राशि (रु.) | कब्जा प्राप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आनंद प्रसाद/सुदेश/दिनेश मित्तल/ एचआईएस-एनएचएल-000581/ हिसार | गांव अगरोहा, तहसील एवं जिला हिसार में स्थित प्लाट/मकान एलडीजी आईडी-608770994, माप 416.934 वर्ग मीटर के तौर पर प्लाट/मकान के तौर पर प्लाट/मकान। | 18-अगस्त-2025/ रु. 24,93,789/- केवल चौबीस लाख तिरानवे हजार सात सौ नवासी रुपये। | 19-दिसंबर-2025 |
| 2. | आनंद प्रसाद/सुदेश/दिनेश मित्तल/ एचआईएस-एनएचएल-000582/ हिसार | गांव अगरोहा, तहसील एवं जिला हिसार पिन कोड-125047 में स्थित संपत्ति एल.ई. मकान एलडीजी आईडी-608770680 माप 139.381, संपत्ति की चौहद्दी-उत्तर-49'0'' नकुल का मकान, दक्षिण-57'0'' मदन का मकान, पूर्व-29'3'' गोपी ठाकुर का मकान, पश्चिम-28'0'' गली | 18-अगस्त-2025/ रु. 26,70,321/- केवल छब्बीस लाख सत्तर हजार तीन सौ ईक्कीस रुपये। | 19-दिसंबर-2025 |

तिथि: 20 दिसंबर, 2025,
स्थान: हिसार

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,
मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड



**Muthoot Homefin मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.**

सीआईएन-U65922KL2011PLC029231
कारपोरेट कार्यालय: मुथूट होमफिन (इंडिया) लि., 19/ई, दि रूबि, सेनापति बापट मार्ग, तुलसी पाईप रोड, समीप रूपारेल कॉलेज, दादर वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400028
शाखा कार्यालय: मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड, एससीओ 97, द्वितीय तल, शहरी संपदा, हिसार 125001
शाखा कार्यालय: मुथूट होमफिन (इंडिया) लि., 301, न्यू ट्रेंड हेयर ब्यूटी सैलून सोया चाप एसटीएलएक्स एसई-20, कैथल, हरियाणा-136027

अनुलग्नक-IV-ए [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

**नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

मुथूट होमफिन (इंडिया) लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन ऋणियों से नियत राशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का कब्जा प्राप्त किया गया है, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न वर्णित अनुसार अचल संपत्ति की खरीद हेतु 'जैसी हैं जहां है', 'जो हैं जैसी हैं' एवं 'जैसी हैं जो भी है' आधार पर मोहरबंद लिफाफे में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जो कब्जे में है, जिसका विवरण निम्न प्रदान किया गया है:-

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/ऋण खाता सं./शाखा | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित कीमत | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (आरपी का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश/मीरा देवी शाह/062-06200066/062-06200067/हिसार | 23-फरवरी-2024/रु. 10,85,786/-केवल दस लाख पचासी हजार सात सौ छियासी रुपये एवं रु. 10,85,786/-केवल दस लाख पचासी हजार सात सौ छियासी रुपये | एमसी सीमा हरियाणा 125001 में खसरा सं. 209//20/3(4-0), गली सं. 12, सूर्य नगर पर मकान, चौहद्दी: उत्तर:रोड, दक्षिण:पी/ओ पारवती देवी, पूर्व:पी/ओ राजेश कुमार, पश्चिम:पी/ओ भागीर्थ | रु. 11,55,325/- केवल ग्यारह लाख पचपन हजार तीन सौ पच्चीस रुपये | रु. 1,15,532/- (केवल एक लाख पंद्रह हजार पांच सौ बत्तीस रुपये) |
| 2. | संजीव कुमार/संतोश/केएआई-एनएचएल-000048/कैथल | 18-फरवरी-2025/रु. 13,24,977/-केवल तेरह लाख चौबीस हजार नौ सौ सतहत्तर रुपये | दस्तावेज के अनुसार संपत्ति का पता:- संपत्ति यू.आई.डी. सं. 058896ईपीओएमएस00ओपीआर 216ए, गांव पिंजुपुरा का लाल डोरा, तहसील कलायत, जिला कैथल, हरियाणा, पिनकोड 136117 में स्थित संपत्ति, पूर्व संपत्ति यूआईडी सं. 058896 ईपीओएमएस000पीआर216ए पश्चिम संपत्ति यूआईडी सं. 058896 ईपीओएमएस00ओपीआर216 उत्तर होम दक्षिण होम | रु.18,86,652/- केवल अठारह लाख छियासी हजार छह सौ बावन रुपये | रु. 1,88,665/- केवल एक लाख अठासी हजार छह सौ पैंसठ रुपये |

1. नीलामी 'जैसे हैं जहां है' और 'जो है जैसा है' आधार आयोजित की जाएगी।
2. नीलामी बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तें उक्त वर्णित क्षेत्रीय कार्यालय पर उपलब्ध निर्दिष्ट निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
3. उक्त वर्णित पते पर क्षेत्रीय कार्यालय पर केवाईसी के साथ 'मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा देय ईएमडी के साथ निर्दिष्ट निविदा प्रपत्र में मोहरबंद बोली/प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 22-जनवरी-2026 को सायं 04.00 बजे तक है। पूरी तरह से न भरी गई निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाएं अवैध निविदा के तौर पर विचारणीय होंगी तथा तदनुसार निरस्त की जाएंगी। ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. अचल संपत्ति निरीक्षण की तिथि 21-जनवरी-2026 को अप. 01.00 बजे से सायं 03.00 बजे के मध्य है।
5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी की तिथि खुलने की तिथि 23-जनवरी-2026 को अप. 01.00 बजे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त वर्णित शाखा कार्यालय पते पर है।
6. एमएचआईएल किसी भी बकाया वैधानिक नोटिस और भार/करों आदि के भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, और इन राशियों के भुगतान की जिम्मेदारी सफल नीलामी खरीदार की होगी। इच्छुक बोलीदाता को संपत्ति के भार और स्वामित्व के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच करनी चाहिए और निरीक्षण करके स्वयं संतुष्ट होना चाहिए।
7. उच्चतम बोलीदाता को एमएचआईएल लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की स्वीकृति के अधीन होना होगा। अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए प्राप्त सभी प्रस्तावों/बोली को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
8. ऋणी/गारंटर को सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत नीलामी की तिथि से पहले उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है। ऐसा न करने पर अचल संपत्ति की नीलामी की जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा। यदि उधारकर्ता नीलामी की तारीख से पहले मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रद्द की जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए, ऊपर उल्लिखित कार्यालय पते पर अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। संपर्क व्यक्ति: दीपांशु सोनी-9888441449

तिथि: 20 दिसंबर, 2025, स्थान: हिसार, कैथल
हस्ताक्षर/- प्राधिकृत अधिकारी, मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड



**बिहार सरकार**

उत्पाद न्यायालय अधीक्षक मद्यनिषेध, मसौढ़ी (पटना)
अनुमण्डल मसौढ़ी, (एस०डी०पी०ओ० मसौढ़ी कार्यालय के पीछे)
मसौढ़ी (पटना) बिहार 804452
ई-मेल : masaurhiprohibition@gmail.com

**बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत जब्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस**

**(अति अल्पकालीन)**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जब्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है, **जिसकी सुनवाई की तिथि 22.12.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की गई है।**

| क्र० सं० | अधिहरण वाद सं० | थाना का नाम एवं थाना कांड सं० | जब्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन सं० | वाहन मालिक का पूर्ण पता/जब्ती का दिनांक एवं स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 03/25-26 | पुनपुन थाना कांड सं0-139/25 दिनांक-21.04.2025 | छः चक्का ट्रक निबंधन सं०- HR38V0386 Chassis No.- MB1A2GAD4GRCP0195, Engine No.- GCHZ410186 | पता- मिरजापुर, जिला- हिसार राज्य- हरियाणा, पिन कोड- 125005। जब्ती दिनांक- 21.04.2025 एवं स्थल- सम्पनचक के समीप NH22 पर से जप्त। |
| 02 | 05/25-26 | धनरूआ थाना कांड सं0-380/25 दिनांक- 11.06.2025 | चार पहिया (स्कोर्पियो) निबंधन सं0- BR01PK9730, Chassis No.- MA1TA2TDKL2A15720, Engine No.- TDL4A78911 | पता- पकरी, पोस्ट- पुनपुन, थाना- पुनपुन, जिला- पटना, पिन कोड- 804453। जब्ती दिनांक- 11.06.2025 एवं स्थल- बिरंची मोड़, धनरूआ के पास से जप्त। |

उपरोक्त अधिहरण वाद से संबंधित कोई भी व्यक्ति, जिनका कोई हित जब्त-वाहन में निहित हो उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे अपने उपर लगे आरोप के संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि को आवश्यक रूप से कारण पृच्छा प्रस्तुत करें कि **बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली 2021 के नियम 12(क) के उपनियम (2)(उत्पाद नीति-01-03/2021/3671-31.05.2023) के तहत जिसमें शास्ति की राशि वाहन के बीमा मूल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पाँच) लाख से अधिक नहीं होगी एवं जुर्माने की राशि का 03 प्रतिशत अतिरिक्त राशि BSBCL को जमा कराकर वाहन को छोड़ने का प्रावधान है। यदि आप अपना वाहन छुड़ाना चाहते हैं तो प्रपत्र-IV में आवेदन जमा कर सकते हैं।** निर्धारित तिथि तक जवाब दाखिल नहीं करने/अनुपस्थित पाये जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद समझें।

अधीक्षक मद्यनिषेध,
मसौढ़ी (पटना)

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 20089 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


पेज 1 का शेष...

## 18 हजार युवाओं को बिना भ्रष्टाचार....

सीएम भगवंत मान ने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के कारण विपक्ष इस मुद्दे पर बेवजह शोर मचा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों ने केवल बयानबाज़ी की बजाय विकास और कार्यों को वोट दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ईश्वर की कृपा से प्राप्त उपजाऊ धरती है, लेकिन पिछली सरकारों ने अपने स्वार्थ के लिए इसके संसाधनों की लूट में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि बादलों ने पूरे परिवहन व्यवसाय का केंद्रीकरण कर दिया था, जिससे यह व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ गई और कुछ चुनिंदा लोगों द्वारा धड़ल्ले से चलाई जाती रही।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए 1311 नई बसें शामिल करने की घोषणा की और कहा कि निजी ट्रांसपोर्टरों को आम आदमी का शोषण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटियाला, जालंधर, संगरूर, लुधियाना और बठिंडा के बस अड्डों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है और बहुत जल्द मोबाइल फोन के माध्यम से बस टिकट बुक करने के लिए एक नई ऐप शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में शटल बस सेवा भी शुरू करेगी, जिससे आम जनता को बड़ा लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने नए परमिट जारी करने और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए नियमों में संशोधन किया है ताकि युवाओं को रोज़गार के नए अवसर मिल सकें और साथ ही सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को नौकरी खोजने वालों की बजाय नौकरी देने वालों की मानसिकता की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है, ताकि अर्थव्यवस्था को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं में अपार क्षमता है और इसका सही उपयोग समय की मांग है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि 17 टोल प्लाज़ा बंद किए गए हैं, जिससे पंजाबियों के रोज़ाना 64 लाख रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाज़ा कंपनियां अवधि बढ़ाकर राज्यवासियों का शोषण करना चाहती थीं, लेकिन राज्य सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने टिप्पणी की कि प्रताप सिंह बाजवा ने लोक निर्माण मंत्री रहते अपने कार्यकाल में सबसे अधिक टोल प्लाज़ा स्थापित किए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब केंद्र सरकार नए नियम बनाकर मनरेगा को बंद करने की दिशा में बढ़ रही है और राज्य सरकारों पर वित्तीय बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना को कमजोर करने के इरादे से शर्तों में बदलाव किया गया है, जिससे आम आदमी निराश है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए जनवरी में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा।

अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह योजना पूरी तरह असंवैधानिक है और भारतीय सेना के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि क्या हमारे पूर्वजों ने इस देश के लिए बलिदान दिए थे? पंजाब की धरती ने अनेक वीर योद्धा पैदा किए हैं, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए महान कुर्बानियां दी हैं।

# गुलदाउदी शो : रंगबिरंगे फूलों की खुशबू से महका टेरेस्ड गार्डन

**पंजाब के राज्यपाल एवं नगर प्रशासक कटारिया ने किया उद्घाटन**

**प्रकृति की सुंदर कृति का धरती को समर्पण**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह





**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा उद्घाटन के साथ आज नगर निगम चंडीगढ़ के 'गुलदाउदी शो' का शुभारंभ हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस समारोह की जोरदार तैयारियां की गई थीं। अपने संबोधन में पंजाब के राज्यपाल एवं नगर प्रशासक ने कहा कि प्रकृति को उसकी सुंदर कृति को उन्हीं को यानि धरती को ही समर्पित करता हूं। उन्होंने चंडीगढ़ की संरचना करने वाले ली कार्बूजिये की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने छोटे से शहर में उन्होंने शहर की सुंदरता, हरियाली, गार्डन, विश्वविद्यालय, पीजीआई और चंडीगढ़ गवर्नमेंट मेडिकल कालेज, सरकारी कालेज और स्कूलों का समुचित जगह देकर शहर और यहां के लोगों के ऊपर मेहरबानी की, जहां पर उनके बच्चे अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे वातावरण और बेहतर पर्यावरण का आनंद उठा रहे हैं।

कटारिया ने कहा कि व्यक्ति का श्रृंगार टेलर, बाल कटाने वाले बार्बग्र होते हैं। किंतु प्रकृति के सुंदरता का प्रतीक धरती है, जो सृष्टि की रचना करती है। जीवन धरती के बगैर संभव नहीं। धरती हमारी माता है, गुरु एवं पिता है। ईश्वर की सुंदरता रंग बिरंगे पुष्पों की मालाओं से ही होती है।

उन्होंने हिंदी के प्रमुख कवि माखनलाल चतुर्वेदी की एक कविता को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने एक कविता की जिसका शीर्षक था 'फूल की चाह'। चाह नहीं कि सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं, चाह नहीं मैं मंदिर में ईश्वर के चरणों में चढ़ पाऊं, मुझे छोड़ देना वन माली, उस पथ पर तुम उस पथ पर, मातृभूमि को शीश चढ़ाने जहां से जावें वीर अनेक। इस प्रकार सांकेतिक स्वरूप देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि धरती पर फूलों या पुष्पों का विशेष महत्व है। गुलदाउदी के पुष्पों के अलावा अन्य पुष्पों का भी विशेष महत्व है। कटारिया ने कहा कि चंडीगढ़ के रोजगार्डन में विशेष प्रसिद्ध गुलाबों की प्रजातियों को देखने को मिलती हैं। प्रकृति की सुंदरता भी भारत के मौसम के अनुसार ही निखरती है। इस लिए इसे सजाने वाले हम लोग ही हैं। पेड़-पौधे हमारे जीवन हैं। इस लिए जब भी जहां भी प्रकृति से छेड़छाड़ होती है, उसका रौद्र रूप भी हमें देखने को मिलता है।

### छेड़ने पर होती है प्रकृति की विनाशलीला

पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम कर यह संदेश दिया था कि पेड़ ही जीवन है। यदि इसकी रक्षा करेंगे तो यह हमारी भी रक्षा करेंगे। यदि इनकी अंधाधुंध कटाई चलती रही तो प्रकृति का विनाश भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे राज्यों में प्रकृति के प्रकोप की तरफ इशारा करते हुए कहा कि प्रकृति का क्रोध समूचे जीव-जंतुओं के विनाश का कारण बनती है। मुख्य अतिथि गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि चंडीगढ़ का पर्यावरण देश के अन्य शहरों के मुकाबले ज्यादा बेहतर है। क्योंकि यहां हरियाली वेक्ष रूप में पेड़-पौधे और फूलों की भरमार है। सड़कों के किनारों से लेकर घरों के इर्द-गिर्द भी हरियाली का नजारा देखने को मिलता है।

### हार्टीकल्चर विंग की प्रशंसा

उन्होंने नगर निगम के बागवानी विभाग का विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम के कमिश्नर उनके अधिकारी, खासकर हार्टीकल्चर विंग के छोटे-बड़े सभी अधिकारियों का सेवाभाव सराहनीय है, जिनकी अथक मेहनत से आप का यह समारोह इतना भव्य हो सका है। कटारिया ने कहा कि अगले समारोह में लोगों को अपने घरों के गमलों को भी कंपीटिशन के लिए लाना चाहिए, इसके लिए उन्हें भी प्रेरित करना होगा। संबोधन से पूर्व नगर प्रशासक ने चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजेश प्रसाद गवर्नर के मुख्य सचिव वी.पी. सिंह, गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़, लेडी गवर्नर अनीता कटारिया, नगर निगम के कमिश्नर एवं वरिष्ठ प्रशासिक अधिकारी अमित कुमार, मेयर हरप्रीत कौर बबला, चीफ इंजीनियर, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के.पी. सिंह, इंजीनियरिंग विंग के छोटे-बड़े अधिकारी, दिनरात काम करने वाले मालियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### मेयर ने किया दिग्गजों का स्वागत

इसके पूर्व शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं नगर प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, लेडी गवर्नर अनीता कटारिया, चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजेश प्रसाद सहित सभी अधिकारियों का समारोह में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। नगर निगम के कमिश्नर एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार और उनकी पूरी टीम का भी उन्होंने आभार व्यक्त किया। मेयर ने 'गुलदाउदी शो' के तीन दिनों तक चलने वाले भव्य समारोह को शहरवासियों के लिए ओपन करने की घोषणा करते हुए कहा कि आज से तीन दिनों तक सेक्टर 33 का टेरिस्ड गार्डन शहरवासियों के लिए है। सेक्टर 33 के गार्डन में पुष्पों की विशेष साज-सज्जा की गई है। गवर्नर के साथ पधारे अन्य सभी अधिकारियों ने पूरे गार्डन का अवलोकन किया।

### विभिन्न प्रकार के व्यंजन

यहां फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के पकवान और व्यंजनों के प्रकार के स्टाल लगे हैं। चाट से लेकर समोसे, कचौरी, देशी घी में बनी जलेगी, चाट भंडार सहित 20-25 स्टाल्स हैं, जहां आप अपने पसंद की चीजें खरीद कर खा सकते हैं। टेरेस्ड गार्डन में एक फोटो एवं सेल्फी कार्नर भी है, जहां से आप सेल्फी ले सकते हैं। कुल मिलाकर गुलदाउदी शो में इस बार बेहतर सजावटें और पुष्प सज्जा की गई है। अंत में एरिया पार्षद श्रीमती अंजू कत्याल ने वोट ऑफ थैंक्स किया। समारोह में पुलिस का बैंड भी था, जिसने कटारिया के पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

### विपक्षी पार्षद रहे नदारद

समारोह में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों का बॉयकाट देखने को मिला। एरिया पार्षद एंव आप की पार्षद अंजू कत्याल ही उपस्थित रहीं। क्योंकि उनका एरिया होने के नाते उन्हें भी पूरा मान-सम्मान मिला। समारोह शुरु हाने के पूर्व '38वें गुलदाउदी शो' का ब्रोशर भी लांच किया गया।

# पर्यटक बसों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त

**हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में चिन्हित किए जाएंगे निर्धारित पार्किंग स्थल**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पर्यटक बसों की अव्यवस्थित पार्किंग से उत्पन्न यातायात समस्या को दूर करने के उद्देश्य से आज उपायुक्त यूटी चंडीगढ़ श्री निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 09 अप्रैल 2025 को सीडब्ल्यूपी नं. 16127/2000 में पारित आदेशों के अनुपालन में आयोजित की गई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहित नगर निगम (एमसी) एवं राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर में यातायात जाम से बचाव एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पर्यटक बसों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से हल्लोमाजरा तथा मनीमाजरा (सेक्टर-13) क्षेत्र में पर्यटक बसों के लिए उपयुक्त पार्किंग स्थलों की पहचान पर विचार किया गया।

उपायुक्त ने नगर निगम को निर्देश दिए कि पर्यटक बसों के लिए उचित दैनिक पार्किंग शुल्क निर्धारित किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर मासिक पार्किंग पास की व्यवस्था भी लागू की जाए। साथ ही चिन्हित पार्किंग स्थलों पर चालकों एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। राज्य परिवहन प्राधिकरण को अधिकृत स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर खड़ी पर्यटक बसों पर सख्त निगरानी रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एवं चालान जारी करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के सभी आदेशों का अक्षरशः एवं पूर्ण रूप से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी हितधारकों को प्रक्रिया में तेजी लाने और समयबद्ध रूप से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# दो पहिया वाहन चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**आरोपी के कब्जे से 5 मोटर साइकिल बरामद**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 19 दिंसबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मौली जागरा पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला फिरोजपुर के रहने वाले 24 वर्षीय संदीप सिंह उर्फ दीप के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो बुलेट मोटर साइकिल,एक एचएफ डीलक्स और दो स्पलेंडर मोटर साइकिल बरामद किए हैं।थाना मौली जागरा के प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा की टीम ने आरोपी को दबोचा है।और चोरी किए दो पहिया वाहनो को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहित ने पुलिस को बताया था कि उसकी चंडीगढ़ नंबर की हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल उसके घर के पास से चोरी हो गई थी। मामले में ऑनलाइन ई एफआईआर दर्ज है। पुलिस जांच के दौरान आरोपी को 16 दिसबर को उक्त आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद की। बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।आगे की जांच के दौरान, 17 दिसबर 2025 को आरोपी संदीप सिंह ञ्च दीप को जिला अदालत में पेश किया गया और अदालत ने आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।पुलिस ने 18 दिसबर 2025 को उसके पैतृक स्थान जिला फिरोजपुर पंजाब में छापा मारा गया।और इस दौरान आरोपी संदीप सिंह ञ्च दीप की निशानदेही पर कुल पांच (05) मोटरसाइकिलें बरामद की गई। जांच के दौरान पता चला कि बरामद की गई पांचों मोटरसाइकिलें चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों से चोरी की गई थीं। सभी बरामद मोटरसाइकिलों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# पीजीआई में 1.14 करोड़ के मरीज कल्याण कोष घोटाले में एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में गरीब और गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए बनाए गए मरीज कल्याण कोष से जुड़े 1.14 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। इस घोटाले में आरोप है कि फर्जी बिल, जाली मेडिकल दस्तावेज और मरीजों के रिकॉर्ड का दुरुपयोग कर कई वर्षों तक धन का दुरुपयोग किया गया।

सूत्रों के अनुसार, यह घोटाला 2017 से 2021 के बीच हुआ और इसकी भनक अक्टूबर 2022 में लगी। जांच में यह पाया गया कि कोष से ऐसे मरीजों के नाम पर भुगतान किया गया, जो या तो पहले ही मृत हो चुके थे या जिन्होंने पीजीआई में कभी इलाज नहीं करवाया था। इसके लिए जाली इलाज रिकॉर्ड, मनगढ़ंत पर्चियां और फर्जी बिल तैयार किए गए।

यह मामला तब गंभीर रूप से उजागर हुआ जब संविदा कर्मी यूनियनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार मुंजाल ने सूचना का अधिकार के माध्यम से बड़े पैमाने पर रिकॉर्ड में हेराफेरी और बिना वैध पर्चियों के दवा विक्रेताओं को किए गए भुगतान का खुलासा किया।

इसके बाद पीजीआई प्रबंधन ने अक्टूबर 2023 में एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया, लेकिन इसकी पहली बैठक काफी देर से हुई। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि आरोपित कई कर्मचारी जांच लंबित रहने के बावजूद संस्थान में कार्यरत रहे।

इस वर्ष फरवरी में सामने आए नए तथ्यों में यह स्पष्ट हुआ कि 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फर्जी बिलों, जाली दस्तावेजों और पहले डिस्चार्ज हो चुके मरीजों के डेटा का उपयोग कर निकाली गई। इसके बाद पीजीआई ने आधिकारिक तौर पर मामला सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई ने अब इस मामले में आपराधिक जांच शुरू कर दी है और पीजीआई के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा निजी दवा विक्रेताओं की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ गिरफ्तारियां और धन की रिकवरी भी संभव है।

# प्रशासनिक कारणों से पंजाब विश्वविद्यालय की पीयू-सीईटी (स्नातक) और पीयूटीएचएटी 2026 परीक्षाएं स्थगित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने प्रशासनिक कारणों के चलते पीयू-सीईटी (स्नातक) प्रवेश परीक्षा 2026 और पंजाब विश्वविद्यालय पर्यटन एवं आतिथ्य योग्यता परीक्षा 2026 को स्थगित कर दिया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पीयू-सीईटी (स्नातक) 2026, जो पहले 28 दिसंबर 2025 को आयोजित की जानी थी, अब 10 मई 2026 को आयोजित होगी। वहीं, पंजाब विश्वविद्यालय पर्यटन एवं आतिथ्य योग्यता परीक्षा 2026, जो पहले 9 जनवरी 2026 को निर्धारित थी, अब 15 मई 2026 को आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय ने परीक्षार्थियों और आम जनता को सूचित किया है कि दोनों परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम और विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

पीयू-सीईटी (स्नातक) से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी सीईटीयूजी डॉट पीयूसीएचडी डॉट एसी डॉट इन तथा पर्यटन एवं आतिथ्य योग्यता परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए पीयूटीएचएटी डॉट पीयूसीएचडी डॉट एसी डॉट इन पर देख सकते हैं।

विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित नवीनतम सूचनाओं और दिशा-निर्देशों के लिए नियमित रूप से संबंधित वेबसाइटों पर नज़र बनाए रखें।

## पंजाब विश्वविद्यालय के चार एनएसएस स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय के चार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवक 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के राजपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। चयनित स्वयंसेवक हैं, मुस्कान, अनिशा, सेजल और कमल। इन छात्रों ने क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्री-गणतंत्र दिवस शिविर में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह सम्मान प्राप्त किया। चयन के बाद, चारों स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेनू विग से भेंट की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ.परवीन गोयल तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया, डॉ. चिरंजीत और डॉ. सौरभ भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. रेनू विग ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें प्रशंसा के प्रतीक स्वरूप उपहार प्रदान किए। स्वयंसेवक कुलपति के आशीर्वाद पाकर अत्यंत खुश दिखाई दिए। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. परवीन गोयल ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय एनएसएस अपने चार स्वयंसेवकों के चयन पर गर्व महसूस करता है, जो विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में अध्ययनरत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टॉयगण दिखाकर साइकिल सवार से लूटमार करने वाले दो आरोपी काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 39 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत से टॉयगण दिखाकर लूटमार करने वाले एक आरोपी को शिकायतकरता और पब्लिक की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान डीएमसी के रहने वाले देवेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वही पुलिस ने पहले पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान हर्षित के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मलोया कॉलोनी के रहने वाले वरिंदर कुमार ने पुलिस को बताया कि वह हॉल्टिकल्सर विभाग में माली का काम करता है। वीरवार शाम के समय सैक्टर 36 पार्क से अपना काम खत्म कर साईकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 39 स्थित साइकिल ट्रैक नजदीक पार्क के पास पहुंचा तो इसी दौरान पार्क में से तीन आरोपी आए एक ने पीड़ित को टॉयगण दिखाकर उसका मोबाइल छीन लिया। जबकि दो ने पीड़ित को पीछे से पकड़ लिया।पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए जोर से शोर मचाया। शिकायत करता और अन्य लोगों की मदद से टॉय गण दिखाने वाले आरोपी को मौके से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जबकि दो फरार हो गए थे। पुलिस ने पहले आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर दूसरे को गिरफ्तार कर लिया।

# दो मामलो में डंडे, ईंटों और तेजधार हथियार से जानलेवा हमला, चाकू की नोंक पर स्नैचिंग के मामलों में 4 काबू

**पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक की मिली मदद, पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो चाकू भी बरामद**

**दो मामलों में आरोपियो के कब्जे से दो चाकू, एक कमानीदार चाकू, ओप्पो मोबाइल और एक चॉपर बरामद**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी






**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना और हरदम से मुस्तैद रहने वाले थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली जब पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान हल्लो माजरा के रहने वाले 18 वर्षीय अलतमस और 20 वर्षीय करन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो चाकू भी बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 115(2), 118(2), 190, 191(1), 191(2), 191(3), 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत थाना 31 में 17 दिसबर को मामला दर्ज है।पकड़े गए आरोपियो को पुलिस जिला अदालत में पेश करेगी। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला है कि जानलेवा हमला करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हल्लो माजरा निवासी रघुनाथ प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 16 दिसबर 2025 की शाम को वह हल्लोमाजरा पावर ग्रिड के पीछे खाटू श्याम के जागरण के लिए लंगर तैयार कर रहे थे। उन्होंने अपने भाइयों रमेश और महिंदर को लंगर के लिए बुलाया।उस वक्त समय करीब रात साढ़े 9 बजे का था।जब वे खुले मैदान में लंगर खा रहे थे।तो एक्टिवा पर तीन युवक तेजी से वहां आए और उन्होंने उनसे धीरे चलने को कहा। जिससे वे गुस्सा हो गए और बहस करने लगे और चले गए। कुछ देर बाद, वे 2/3 और युवकों के साथ जिनके हाथ में डंडे,ईंटें,चाकू लेकर आए और उन पर चाकू,डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। उक्त आरोपियो ने जान से मारने की नीयत से उनके भाई महिंदर पर चाकू से हमला किया। इस वजह से उसे सीने के दाहिनी तरफ चाकू से गहरी चोट लगी। जबकि उसे और उसके भाई रमेश को भी कई चोटें आई।इस झगड़े के दौरान, वे इन युवकों में से अलतमस और करण नाम से पुकार रहे थे। इसके बाद, वे भाग गए और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी करन के खिलाफ पहले भी दो अलग मामले दर्ज पाए गए।

**केस नंबर दो:** थाना 31 पुलिस का कहना है कि अगर किसी भी शातिर अपराधी ने एरिया में किसी भी तरह की वारदात को अंजाम दिया ।वह पुलिस से बच नहीं पाएगा।जी हा इसी तरह थाना 31 पुलिस ने कर दिखाया।यहां एरिया में चाकू की नोक पर स्नैचिंग करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार निवासी 25 वर्षीय रोहित उर्फ गुल्ली और 22 वर्षीय कार्तिक के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपियो को पुलिस जिला अदालत में पेश करेगी।पुलिस ने मामले में आरोपियों के कब्जे से एक कमानीदार चाकू,ओप्पो मोबाइल और एक चॉपर बरामद किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी रोहित उर्फ गुल्ली के खिलाफ 8 अपराधिक मामले दर्ज पाए गए है।जबकि आरोपी कार्तिक के खिलाफ एक मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि एरिया में स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया है। यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस की टीम ने इससे पहले भी एरिया में अपराधिक वारदातो और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ अपना पूरी तरह से शिकंजा कस रखा है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 16 दिसबर को दोपहर लगभग 02.30 बजे वह फेज 2 इंडस्ट्रियल एरिया जा रहा था और जब वह रेलवे ट्रैक के पास तू ही तू मंदिर के पास पहुंचा तो अचानक दो युवक आए और उसका रास्ता रोक लिया। उनमें से एक ने अपनी जेब से चाकू निकाला और उसे दिखाया जबकि दूसरे ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसका ओप्पो मोबाइल फोन, 50 रुपये नकद और आधार कार्ड छीन लिया।वे एक-दूसरे को गुल्ली और कार्तिक कहकर बुला रहे थे। उन्होंने पीड़ित को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कहा कि अगर वे उसके सामने आएंगे तो वह दोनों को पहचान लेगा।

सम्पादकीय

# बिहार में हिजाब खींचने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण, बचाव जरूरी

साल 2022 में कर्नाटक में हिजाब पहनने को लेकर भारी विवाद हुआ था, उसके बाद यह मामला हाईकोर्ट में गया, जहां राज्य सरकार की ओर से शिक्षण संस्थानों के अंदर हिजाब पहनने पर रोक लगाने को सही ठहराया गया। हालांकि बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज भी चढ़ा, लेकिन वहां फैसला विभाजित आया। एक न्यायमूर्ति ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा तो दूसरे ने इसे दूसरे संदर्भों में व्यक्त किया। निश्चित रूप से यह बेहद संवेदनशील मामला है और किसी की आस्था और विश्वास से जुड़ा है। लेकिन इस मामले को एक बार फिर अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से एक महिला आयुष डॉक्टर के हिजाब को हटाने के घटनाक्रम ने हवा दे दी है तो इस पर विचार होना ही चाहिए। गौरतलब है कि देश में मुस्लिम वर्ग ने जहां इस पर ऐतराज जताया है, वहीं विदेश में विशेषकर पाक और खाड़ी के मुस्लिम देशों में भी इस पर भारी नाराजगी जाहिर की जा रही है। सर्वप्रथम तो यह समझ से परे कि बात नजर आती है कि एक मुख्यमंत्री जिनके काम के दायरे में यह बात ही नहीं है, उन्होंने ऐसा किया। निश्चित रूप से संबंधित आयुष डॉक्टर ने अपनी आस्था और विश्वास के मुताबिक उस ड्रेस को चुना था और यह उनकी निजता है। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस प्रकार से आयुष डॉक्टर के चेहरे से हिजाब को खींच कर नीचे किया, यह किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता। बेशक, अगर उनके मन में सवाल था तो वे पूछ सकते थे या फिर संबंधित आयुष डॉक्टर से खुद हिजाब हटाकर सामने आने को कह सकते थे। हालांकि उसमें भी आग्रह होना चाहिए था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और विवादित अंदाज में उन्होंने हिजाब खींच दिया।


**उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री का वह बयान बेहद शर्मसार करने वाला है, जिसमें वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से प्रदर्शित किए गए व्यवहार को जस्टिफाई करते हुए अनर्गल बातें कर रहे हैं। यह महिला सम्मान और स्वाभिमान का भी विषय है। यह कितना चिंताजनक है कि संबंधित महिला आयुष डॉक्टर ने बिहार में नौकरी जॉइन करने से ही इनकार कर दिया। अब इस विषय पर देश के बौद्धिक वर्ग की ओर से भी सवाल उठाए जा रहे हैं। कवि और गीतकार जावेद अख्तर का कहना है कि वे पर्दा प्रथा के घोर विरोधी हैं, लेकिन हिजाब को हटाने को वे स्वीकार नहीं करते। वैसे, यह भी साबित तथ्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंशा किसी भी प्रकार से संबंधित महिला आयुष डॉक्टर के प्रति नकारात्मक नहीं थी, उनका मंतव्य ऐसा संभावित था कि सभी उस आयुष डॉक्टर का चेहरा देखें जिसने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।**

यह समझने की बात है कि देश में हिजाब गैर कानूनी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजित फैसले में इसे गैर कानूनी नहीं ठहराया है। तत्कालीन कनार्टक सरकार का कहना था कि शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनना सही नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे सही ठहराया। हालांकि दूसरे न्यायमूर्ति ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बालिकाओं की शिक्षा से जोड़ा। अब यह सामने नहीं आया है कि बिहार में संबंधित कार्यक्रम के दौरान सरकार की ओर से कोई ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था या नहीं। लेकिन इतना तो तय है, कि जिसने जिंदगी भर जिस दिन का सपना देखा हो, कि पढ़कर वह आयुष डॉक्टर बनेगी, तो उसे उस दिन को जीने का पूरा अधिकार होना ही चाहिए। निश्चित रूप से हिजाब पहनना कोई गैरकानूनी बात नहीं है और अदालत भी इसे लेकर स्पष्ट नहीं है, तब आखिर एक मुख्यमंत्री को इसकी क्या जरूरत पड़ गई कि वे हिजाब को लेकर इस तरह का रवैया प्रदर्शित करेंगे। संविधान सभी को जीवन और खुद को अभिव्यक्त करने की आजादी देता है, संबंधित आयुष डॉक्टर ने हिजाब पहना तो यह उनकी धार्मिक आजादी के मुताबिक था, लेकिन क्या मुख्यमंत्री ने जो किया, उसे उनका अधिकार कहा जा सकता है। अब अगर इस मामले की पुरजोर आलोचना हो रही है तो यह स्वाभाविक है। लेकिन सबसे दुखद बात यह है कि इस मामले को और आगे बढ़ने से रोकने के बजाय इसे तूल दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री का वह बयान बेहद शर्मसार करने वाला है, जिसमें वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से प्रदर्शित किए गए व्यवहार को जस्टिफाई करते हुए अनर्गल बातें कर रहे हैं। यह महिला सम्मान और स्वाभिमान का भी विषय है। यह कितना चिंताजनक है कि संबंधित महिला आयुष डॉक्टर ने बिहार में नौकरी जॉइन करने से ही इनकार कर दिया। अब इस विषय पर देश के बौद्धिक वर्ग की ओर से भी सवाल उठाए जा रहे हैं। कवि और गीतकार जावेद अख्तर का कहना है कि वे पर्दा प्रथा के घोर विरोधी हैं, लेकिन हिजाब को हटाने को वे स्वीकार नहीं करते। वैसे, यह भी साबित तथ्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंशा किसी भी प्रकार से संबंधित महिला आयुष डॉक्टर के प्रति नकारात्मक नहीं थी, उनका मंतव्य ऐसा संभावित था कि सभी उस आयुष डॉक्टर का चेहरा देखें जिसने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है। बेशक, यह सलाह हो सकती है कि संबंधित महिला आयुष डॉक्टर को अपने हिजाब की रस्म को पूरा करने का समय और मौका कुछ और रख लेना चाहिए था। क्योंकि देश धर्मनिरपेक्ष और यहां सभी को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। तो जब उन्हें यह अवसर मिला तो वे क्यों नहीं पूरे गौरव और स्वाभिमान के साथ आगे आएं। यह भी विचित्र लगता है कि राज्य के सरकारी कार्यक्रम जिसमें मुख्यमंत्री खुद किसी को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं और कोई अपना चेहरा आधा खुला रखकर वह जिम्मेदारी लेने पहुंचा है। ऐसा करना सरकार और पूरी व्यवस्था के प्रति एक नकारात्मक प्रवृति भी नजर आती है, जिसमें कोई यह दिखाने की कोशिश कर रहा है वह व्यवस्था से प्रभावित नहीं है, अपितु व्यवस्था को उससे प्रभावित होना चाहिए।

# बड़े भाग मानुष तनु पावा

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

इस संसार में तीन उपलब्धियां अत्यंत दुर्लभ हैं। प्रथम तो मनुष्य जन्म मिलना, क्योंकि यह देव-दुर्लभ है। देवयोनि भोग-योनि है जब तक पुण्य-कर्मों का फल शेष है, देवयोनि समाप्त नहीं हो सकती। इधर जब तक पाप कर्मों का फल शेष है, तब तक मनुष्य जन्म नहीं मिल सकता है। यह भगवान की कृपा से ही सुलभ हो पाता है। इसीलिए भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास जी कहते हैं कि 'बड़े भाग मानुष तनु पावा'। मनुष्य जन्म कोई जैविक घटना नहीं है। यह केवल मा-बाप के मिल जाने का परिणाम नहीं है। यह अस्तित्व का एक रहस्य है, एक आमंत्रण है, एक द्वार है जो केवल मनुष्य के लिए खुलता है। समस्या यह है कि जिस चीज को हम बिना प्रयास के पा लेते हैं, उसे हल्का समझ लेते हैं। हम इसी भूल में फँसे हैं। हमें लगता है कि मनुष्य होना एक सामान्य बात है, लेकिन ऐसा नहीं है। चेतना की अनंत यात्रा में यह शरीर, यह मन, यह बुद्धि, यह सब एक दुर्लभ क्षण है।

दूसरी दुर्लभ उपलब्धि है किसी सच्चे संत का सत्संग मिलना, यह कठिन इसलिए है क्योंकि यह संसार कर्मक्षेत्र है। इसमें मनुष्य प्रत्यक्ष, किंतु अन्ततः दुःख देने वाले कर्मों में लिप्त मिलता है। प्रथम तो संतो का मिलना ही कठिन है। मिल भी जाय तो उनको पहचानना कठिन है। तभी गोस्वामी जी ने कहा है 'बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता'। तीसरी और सबसे दुर्लभ उपलब्धि है भगवद् भजन में रुचि होना। संसार के विषयों में आसक्ति जितनी सहज है, भजन में आसक्ति उतनी ही कठिन है। इसलिए आशुतोष भगवान शंकर ने माता पार्वती जी से कहा कि 'सुनहु उमा ते लोग अभागी। हरि तजि होहिं विषय अनुरागी'। निश्चित ही वे लोग अभागे हैं जो मनुष्य शरीर प्राप्त कर पाने के बावजूद भगवद् भजन नहीं करते तथा हरि का परित्याग कर विषयों के प्रति अनुरक्त होते हैं।

मनुष्य-जीवन कोई सहज घटना नहीं है। यह तो अनंत योनियों की यात्रा के बाद प्राप्त होने वाली एक दिव्य मंजिल है, एक ऐसा अवसर जिसमें चेतना अपने वास्तविक स्रोत को पहचान सकती है। जब संत परंपरा कहती है 'बड़े भाग मानुष तनु पावा', तो यह केवल कोई काव्य पंक्ति नहीं, बल्कि अस्तित्व की सबसे गहरी सच्चाई का उद्घोष है। सच ही है कि मनुष्य जन्म मांस, रक्त और हड्डियों का ढांचा मात्र नहीं, बल्कि चेतना के जागने की खिड़की है। इसे पहचानें, इससे पहले कि सांसों की गिनती अपने अंतिम अंक पर पहुंच जाए। हम जब तक अपने भीतर की ज्योति को नहीं जगाते, तब तक हम संसार की विशाल भीड़ में चलते-फिरते एक अचेतन कण के समान ही हैं।

हम चांद पर कदम रख चुके हैं, लेकिन अपने भीतर कदम रखना भूल गये हैं। हमने दुनिया जीत ली है, पर स्वयं को हार गये हैं। हम भूल गये हैं कि विजय बाहर नहीं, भीतर है। यही नहीं, हम यह भी भूल गए हैं कि मनुष्य वह अद्भुत जीव है जिसमें विवेक की ज्योति है, आत्मबोध की क्षमता है। उसमें यह सामर्थ्य है कि वह अपने कर्म, अपने विचार और अपने संस्कारों को बदल सके। पशुजगत में यह परिवर्तन संभव नहीं। देव लोक में भी यह परिवर्तन दुर्लभ है, क्योंकि वहां भोग की प्रबलता है और विवेक की चुनौती नहीं। यह समझना आवश्यक है कि मनुष्य जन्म वह पुल है, जहां से हम चाहें तो ऊपर जा सकते हैं, ईश्वर की ओर; चाहे तो नीचे गिर सकते हैं, अज्ञान की ओर। यह हमारे भीतर की जागृति पर निर्भर करता है। हम अपनी बुद्धि पर गर्व तो बहुत करते हैं, परंतु जब वह भीतर के अंधकार से सामना होता है, तब हमें अपनी सीमाओं का पता चलता है। गुरू मिलना इसलिए कठिन कहा गया है क्योंकि सच्चा गुरु हमें अपने पीछे चलने को नहीं कहता, बल्कि हमें भीतर की राह पर चलना सिखाता है।

भजन का अर्थ केवल नाम-जप या कीर्तन नहीं है। भजन का वास्तविक अर्थ है मन को भगवद्-चिंतन में स्थिर करना। संसार में आसक्ति तत्काल



लगती है क्योंकि वह मन की पुरानी लत है; भजन की रुचि कठिन है क्योंकि वह मन की दिशा बदलने का प्रयास है। हम बाहर की दिशा में अनुभवी हैं, भोजन, इंद्रियां, आशाएं, इच्छाएं, महत्वाकांक्षाएं और न जाने क्या-क्या? लेकिन भीतर की यात्रा से हम अपरिचित हैं इसीलिए भजन में रुचि जागना स्वयं में एक क्रांति है। मनुष्य जन्म कठिन है, मिल जाए तो सौभाग्य है, लेकिन जीवन को केवल खाने-पीने, कमाने और मिट जाने की प्रक्रिया बनाकर हम इस सौभाग्य का खुद ही दुर्भाग्य में बदल देते हैं। मनुष्य जन्म आकस्मिक नहीं है; यह संयोग भी नहीं, यह हमारी लंबी-लंबी यात्राओं का सार है। हम इस धरती पर इसलिए आए हैं ताकि हमारे भीतर का बीज वृक्ष बन सके, और यही बात इस वाक्य को जीवित करती है कि बड़े भाग मानुष तनु पावा।

हम पूरी जिंदगी यह साबित करने में लगा देते हैं कि हम 'जागे हुए' हैं लेकिन भीतर कहीं एक कोना जानता है कि हम कहीं गहरी नींद में हैं। एक नींद जो सोचने, दौड़ने, कमाने, संघर्ष करने के बहाने ओढ़ी हुई है। मज़ेदार बात यह है कि सच्चाई खोजने में लगे लोग बड़े-बड़े तप करते हैं। कुछ लोग हिमालय जाते हैं, कुछ अकले रहकर आत्मा तलाशते हैं,और कुछ सोचते हैं कि शायद सोलो ट्रिप से ही सब समझ आएगा, लेकिन जागृति किसी लोकेशन का प्रश्न नहीं, यह तो एक आंतरिक क्लिक है जो कभी ध्यान में होता है, कभी टूटे दिल में, कभी किसी मासूम बच्चे को देखकर और कभी-कभी तो हंसते-हंसते भी। अनायास ही एक छोटी सी जागृति की किरण उतरती है। वही क्षण भजन का बीज है।

भजन का मतलब सिर्फ स्वर नहीं है। यह कोई धार्मिक ऐप नहीं कि चलाओ और पुण्य मिल जाए। भजन का अर्थ हैमन को भीतर की ओर मोड़ना, थोड़ा ठहरना, थोड़ा सुनना, थोड़ा विसर्जित होना। आज पूरी दुनिया सुविधाओं से भरी है। स्मार्टफोन, एसी, नेटफ्लिक्स, ऐप्स, ट्रिप्स, पर 'स्व' की यात्रा वहीं की वहीं खड़ी है। हम कह डालते हैं कि समय नहीं मिलता पर यह भूल जाते हैं कि जिसके लिए समय नहीं मिलता, वही तो हमारा असली खज़ाना है। मनुष्य जन्म कोई दंड नहीं है, कोई पुरस्कार भी नहीं है, यह एक मौका है अपने भीतर के फूल को खिलाने का। अपने भीतर के ईश्वर को पहचानने का, उस तक पहुंचने का। यह जीवन हमें केवल जीने के लिए ही नहीं, बल्कि जागने के लिए मिला है। सवाल यह है कि जागें कैसे? जागरण की लिव लग जाए तो समझ आ जाता है कि जागरण की पहली सीढ़ी है, सांसों पर ध्यान, दूसरी सीढ़ी है मौन। ये दो सीढ़ियां पार कर लें तो आगे की राह स्वतः खुल जाती है और अगर हम चमत्कार दिखाने में व्यस्त न हो जाएं तो अध्यात्म की राह आसान हो जाती है, आखिर यही तो हमारा लक्ष्य है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## परंपरा और इतिहास बनाएं

पिछले चार दिन से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लगभग ठप्प सी चली आ रही है, क्योंकि सरकार से रुष्ट विरोधी पक्ष विशेष करके भाजपा सदस्यों ने यह कार्यवाही चलने नहीं दी। गत तीन दिन से जब एक सप्ताह तक स्थगित रहने के बाद संसद के दोनों सदनों की बैठक हुई तो जबरदस्त हंगामा हुआ। और यह हंगामा हो हल्ला निरंतर चलता आ रहा है। इसी मध्य कितनी ही बार सदन की कार्यवाही रुकी और अध्यक्ष को अपने काम रोको आदेश देने पड़े। संसद की कार्यवाही को न चलने देना, काम रोके रखना, नारेबाजी करता, लोकतंत्र के हत्यारे गद्दी छोड़ों, नो अडवानी नो हाउस इत्यादि, प्रधानमंत्री की तरफ जोर जबरना लपकना, धक्का मुक्की, गाली गलौच और अन्य नाना प्रकार हो हुल्लड़ ये सब संसदीय कार्यवाही के लिए तथा शोभायमान है? सर झुक जाता है शर्म से जब भारतीय संसद की इस तरह की कार्यवाही का उल्लेख या चित्रण सामने आता है। विश्व के लोकतंत्रीय देशों में भारत का एक अपना नाम रहा है और संसदीय प्रणाली ही यहां की सरकार का उदाहरण दूसरे देश अपने सामने रुख कर अपनी सर्वधानिक औपचारिकताएं पूरी करते रहे है-तो क्या इस तरह से यह सबकुछ मिटाने का एक नया प्रयोग है? हम अपनी विरासत और अपने इतिहास को भूल क्यों एक स्वर्णिम अध्याय से एक काले अध्याय की ओर बढ़ रहे है? यह एक सोचने और विचारने का विषय है। हमारे राष्ट्रपति जो पहले उपराष्ट्रपति की हैसीयत से राज्यसभा के अध्यक्ष थे संसद की कार्यवाही से दुखी होकर एक अरसा पहले रो पड़े थे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1757 - लार्ड क्लाईव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया।
1919 - अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा ने आव्रजन पर रोक लगाई।
1924 - जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की जेल से रिहाई।
1946 - महात्मा गांधी श्रीरामपुर में एक महीने तक रूके।
1955 - भारतीय गोल्फ संघ का गठन।
1956 - अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बसों में होने वाले रंगभेद पर रोक लगाई जानी चाहिए।
1957 - गोरख प्रसाद ने पदमुक्त होकर नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा संयोजित 'हिंदी विश्वकोश' का संपादन भार ग्रहण किया।
1959 - भारतीय गेंदबाज जासू पटेल ने कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 रन देकर नौ विकेट लिए।
1960 - उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन्म।
1963 - जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिनवासियों के लिए खोला गया।
1971 - जरनल याह्या ख़ाँ द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र, जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने।
1973 - यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत।
1976 - इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1985 - तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जडित मुकुट चढाया गया।
1988 - संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।

## बोल ब्यूटीफुल

**अखिलेश शर्मा:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण कह रहे है कि भारत को



इतनी बड़ी सेना की आवश्यकता नहीं और सैनिकों को किसी अन्य उपयोगी कार्य में लगाया जाए। भारत के अपने पड़ोसियों से पांच प्रत्यक्ष और कई अप्रत्यक्ष युद्ध हो चुके है। ऐसे खतरनाक पड़ोसियों के बीच सेना की उपयोगिता पर चर्चा बेमानी है।

**हिंदौल सेनगुप्ता:** अगर बांग्लादेश में भारत विरोधी घटनाक्रम से किसी को हैरानी हो रही है तो समझिए कि उसने लंबे अर्से से आंखें मूंद रखी थी। यह तो घटित होना ही था। अगर जमात बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज हो गई तो यह स्थिति और विकट हो जाएगी।

# कभी स्टाल लगाने की जगह तक नहीं मिलती थी आज राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े सम्मान पाकर देश का नाम चमका रहा है छोटी जोत का किसान ईश्वर कुंडू

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह डीआईपीआरओ आर।

- किसान ने देश की राजधानी में चाय बेची वही स्थित राष्ट्रपति भवन में बना मेहमान
- किसान हितैषी नई खोजों के चलते तीन दर्जन से अधिक पुरस्कार प्राप्त कर चुका है प्रगतिशील किसान
- ऐसे खोजी किसान वैज्ञानिकों की खोज करके संरक्षण देने की जरूरत
- बंजर भूमि को भी उपजाऊ बनाने का महारथी ईश्वर कुंडू बनता जा रहा है किसानों की जरूरत

समाज में कहावत प्रचलित है कि प्राणियों का पेट ठीक रखना है तो खेत की तासीर ठीक रखनी होगी। खेत ठीक रहेंगे तभी पेट ठीक रहेंगे यानी प्राणियों का स्वास्थ्य ठीक रह पाएगा। ऐसा करने के लिए अब किसानों रुझान रासायनिक उर्वरको की बजाए ऑर्गेनिक, जैविक खेती की ओर बढ़ चला है। क्षेत्र कोई भी हो हर क्षेत्र में महारत हासिल करने के लिए विषम परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। विषय कोई भी हो लक्ष्य पर पहुंचना आसान नहीं होता। बात वक्त की में आज बात होने जा रही है कृषि क्षेत्र में आरगैनिक पद्धति के बढ़ते कदम। भारत कृषि प्रधान देश है करीब 75 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती बाडी से जुड़े हैं। बदलते परिवेश में जागरूकता के चलते देश के किसानों को रुझान ऑर्गेनिक, बायो खेती की ओर बढ़ता जा रहा है। संदर्भित विषय को लेकर सरकार के साथ साथ अनेक संस्थाएं धरातल पर नित नई खोज करके उंचाईयों की ओर अग्रसर है। कई ऐसे खोजी किसान भी है जिन्होंने जमीनी स्तर पर बड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य को जनूनी ढंग से प्राप्त किया है। ऐसे प्रगतिशील किसानों में शामिल है हरियाणा के कैथल जिले के गांव कैलरम का निवासी ईशवर कुंडू,इस किसान ने कई साल की कड़ी मेहनत के चलते कृषि क्षेत्र के लिए नई खोज की है। उनके द्वारा तैयार उत्पादों के उपयोग और प्रयोग से काफी संख्या में किसानों ने प्रति एकड़ खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि की है तथा ऑर्गेनिक तौर तरीकों से खेती करना शुरू कर दिया है। प्रगतिशील किसान ईश्वर कुंडू को कृषि क्षेत्र में नई खोजों और उत्पादों के चलते दर्जनों बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है।

अभी हाल ही में योजना आयोग के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कला अकादमी के अध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा ने 8 दिसंबर,2025 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पूसा नई दिल्ली स्थित संस्थान में देश भर से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वाले, खोजी किसानों को सम्मानित किया गया, उन्ही में किसान ईश्वर कुंडू भी शामिल थे,जिन्हें मिलेनियम फार्मर अवॉर्ड से नवाजा गया। किसान हितेषी खोजों के चलते ईश्वर का नाम आज ना केवल हरियाणा बल्कि देश और विदेश में एक अलग पहचान बना चुका है। पेटेंट कार्यालय भारत सरकार द्वारा खोज का पेटेंट 2008 में जर्नल संख्या 51 में प्रकाशित किया जा चुका है। लिम्का बुक, इंडिया बुक तथा असिस्टेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित सहित तीन दर्जन से अधिक पुरस्कार पाए है, जिनमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जगजीवनराम अभिनव किसान पुरस्कार, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान -पूसा नई दिल्ली कई बार पुरस्कृत। हरियाणा सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में गठित गुजरात सरकार के मंत्रियों द्वारा 51000 का नकद,शाल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कोरियन इन्वेंशन न्यूज़ दक्षिण कोरिया द्वारा भी चुना गया, ऑक्सफोर्ड यूनाइटेड किंगडम द्वारा,बिजनेस इनिशिएटिव मैड्रिड स्पेन द्वारा भी गोल्ड श्रेणी के लिए चयन किया गया।

महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा राष्ट्रीय नवीन खोज प्रतियोगिता में चयन किया व पुरस्कार जीता। सितम्बर 2018 में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आसियान देशों व भारत के नव खोजियों के मध्य एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे भारत की और से ईश्वर ने भाग लिया तथा 11 देशों के 55 प्रतिभागियों में दूसरा स्थान प्राप्त किया, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र,व एक हजार डॉलर का पुरस्कार जीता। किसान कुंडू बताते है कि वर्ष 2019 की 18 और 19 मार्च को 10 इनवेटरज को राष्ट्रपति भवन में विशेष मेहमान के तौर पर रखा गया, जिनमें वे खुद भी शामिल थे। कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन द्वारा आयोजित किया गया था। तत्कालीन



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से रूबरू बातचीत हुई। प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। अपने उत्पादों की उच्च गुणवत्ता तथा बेहतर परिणामों के चलते आज देश भर के किसान ईश्वर से जुड़ चुके हैं।

छोटी जोत के किसान ईश्वर कुंडू ने दसवीं तक की शिक्षा होने के बावजूद, बेहद सीमित संसाधनों के साथ कृषि क्षेत्र के लिए कई खोजें की हैं। वर्ष 2004 में प्रथम फार्मूले की खोज हुई जिसे किसानों ने कमाल नाम दे दिया। भारत की कृषि को जहर मुक्त करने, किसान का खर्च कम करके, प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में लगभग एक दशक तक शोध किए। अपनी खोज को भारत ही नहीं विदेशों तक जाकर साबित किया कि हम बिना हानिकारक रसायनों के भी खेती कर सकते हैं।

किसान बताता है कि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना,कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल और कई संस्थानों ने भी छ राज्यों में परीक्षण किए और चार से 21 प्रतिशत तक पैदावार में वृद्धि पाई गई।आज इस किसान की कमाल नामक खोज देशभर के किसानों के बीच लोकप्रिय हो चुकी है। कैथल और हरियाणा की गूंज दूनिया के कृषि धरातल पर सुनी जा सकती है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तक ने किसान की खोज को सम्मान दिया। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित चार बार रिकॉर्ड कायम किए। किसान की खोज पेटेंट गज़ट में भी प्रकाशित हो चुकी है। किसान के जीवन परिचय पर नजर डालें तो विदित होता है कि ईश्वर कुंडू का शुरुआती सफर मुश्किलों भरा रहा। कैथल के ग्राम केलरम में किसान के घर मार्च 1961 में जन्में ईश्वर का जीवन उतार चढ़ाव भरा रहा लेकिन हिम्मत नहीं हारी। पिता पृथ्वी सिंह फौज में रहे माँ साधारण ग्रहणी थी। ईश्वर ने अपने ग्राम के हाई स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की उसके बाद कैथल में आई टी आई में नक्शा नवीस कोर्स में दाखिला लिया। इसी दौरान लेखन का भूत सवार हुआ, पत्रकारिता में हाथ आज़माए। सन 1984 में कोर्स पूरा करने के बाद नौकरी तलाश की, नहीं मिली. आई टी आई में पढ़ने के दौरान शादी भी हो गई. जब संयुक्त परिवार था गुजारे लायक अच्छी खेती की जमीन थी, पर बंटवारे के बाद हिस्से में आई दो एकड़ ज़मीन। गुज़ारा मुश्किल था, दिल्ली में चाय की दुकान भी की। थक हार कर फिर गांव वापिस लोटा और खेती में लग गया। हानिकारक कीटनाशकों के बुरे प्रभाव बारे जानकारी जुटानी शुरू कर दी। निर्णय लिया कि देसी खेती करनी है। उस समय आर्गेनिक खेती का अधिक प्रचलन नहीं था। ऑर्गेनिक खेती बारे कोई ज्ञान नहीं था,कोई बताने वाला भी नही। बस अंधेरे में उजाला तलाशने का काम शुरू कर दिया। अपने आस पास मौजूद नीम व अन्य वनस्पतियों आक,नीम आदि पर भी अध्ययन किया जाए, जिन्हे ना ही मानव छेड़ता है, ना ही पशु खाता है। बस यही से शुरुआत हो गई. नये विचार आने लगे। सोचा कि जो जड़ी मानव की सेहत के लाभदायक है वह खेती, फसलों के लिए भी लाभदायक हो सकती है. यहीं से शुरू हुआ आयुर्वेद के फार्मूलों को खेती के लिए प्रयोग करने का नया तरीका।।

किसान बताता है कि उसने अति तेज गंध वाली वनस्पतियों को छाँटा, शोध, प्रयोग शुरू किए! थोड़ी बहुत सफलता मिली, रास्ता सूझता गया। पाँच साल लगे मेहनत रंग लाई। एक ऐसा नया फार्मूला बना जो सोच से भी बेहतर निकला। पहले अपनी फसलों पर, फिर किसान साथियों ने आजमाया, कहा वाकई कमाल है ये। फिर नाम की कमाल रख दिया। व्यापार तो मकसद था ही नहीं. बस किसानों को समझाने की धुन थी कि फसलों में जो कीटनाशक हम प्रयोग कर रहे है, वह सेहत के लिए कतई ठीक नही। फार्मूला मेरे पास है. खुद बनाके देख लो। धीरे धीरे किसानों का विश्वाश जमने लगा, खुद कहने लगे की आयुर्वेद में दम है लेकिन उसने कभी नही कहा कि उत्पाद ओरगैनिक है। बस इतना समझाया की आप उसके फार्मूले को भी आजमा कर देखो। कुछेक किसानों ने आजमाया, नतीजे अच्छे मिलने लगे। जब लगा कि किसान भाई बात समझ रहे हैं तो खतरनाक जहरीले कीटनाशकों बारे जागरूक करने का प्रयास शुरू किया। एक समय था जब स्टॉल लगाने के जगह तक नहीं मिलती थी लेकिन आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े बड़े मंचों पर सम्मान मिल रहा है।

सन 2004 मे कुछ लोगों, कंपनियों को ईश्वर सिंह के प्रयास ठीक नही लगे, असरदार, रसूखदार लोगों ने मुक़दमा दर्ज़ करवाया दफ़ा 420 का, कि किसानों को गुमराह कर रहा है,नकली दवाई बना रहा है. परन्तु राज्य के कृषि विभाग ने उन लोगों का साथ नहीं दिया बल्कि किसान कुंडू का हौसला बढ़ाया। ईश्वर सिंह बताते है कि 6 साल मुकदमा लड़ा, इज़्ज़त से जीत हासिल की।

साल 2007 में इनोवेशन पुरस्कार से नवाजा गया, उस वक्त डाक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम साहेब हमारे राष्ट्रपति थे। उन्होंने भी किसान की खोज को सराहा, कई सवाल किए। उसी समय अपने विशेष कार्यधिकारी डाक्टर ब्रह्म सिंह को निर्देश दिए की उनकी हर संभव सहायता की जाए. और उन्होने पूरी मदद की, राष्ट्रपति भवन के गार्डन में ट्रायल किए और बढ़िया परिणाम मिलने पर उत्पादों की खरीद की गई।। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आईसीएआर ने भी बाबू जगजीवन राम अभिनव किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

किसान का कहना है कि यह खोज पूरी तरह जड़ी बूटियों पर आधारित है, पहला उत्पाद कमाल 505 फसलों को दीमक आदि से बचाव के लिए बनाया गया है। साथ ही जमीन की उर्वरा शक्ति को बढाने, भूमि में सूक्ष्मजीवों की वृद्धि में भी सहायक है, दूसरी खोज कमाल-क्लैंप गाढ़े पाउडर की शक्ल में है, जो ओरगैनिक कार्बन का स्त्रोत भी है। फसलों में जड़ गलन,फफूंदी जनित रोग,रूट रॉट,जड़ गलन इत्यादि से बचाव में कारगर सिद्ध हुआ है। लगातार फसल लेने,ज़्यादा उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण जमीन की जो परत कठोर हो जाती है। भूमि की पानी सोखने व नमी जमा रखने की शक्ति कमजोर हो जाती है। जड़ों के समुचित विकास नहीं होने के चलते पौधे गिरने का खतरा रहता है. यह खोज सभी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम बताई गई है। इसके प्रयोग से यूरिया डी ए पी उर्वरकों की खपत में भी 20-25 प्रतिशत तक कमी आ जाती है.

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय किए गए परीक्षण में भी पैदावार में वृद्धि पाई गई। इफको, हैफेड ने भी बासमती धान पर परीक्षण किए, पैदावार में वृद्धि के साथ साथ 40 प्रतिशत से ऊपर किसान की बचत भी नोट की। कृषि विज्ञान केंद्र ने भी परखा। कई इंटरनेशनल संस्थानों ने भी किसान के उत्पादों के असर को देखा। इसके अलावा किसान ने बीज उपचार का उत्पाद भी बना लिया है। फिर वही बात बदलते परिवेश में देखा जाए तो पेट और खेत की सेहत के लिए ऑर्गेनिक पद्धति को तरफ लोटना तो बनता ही है। कहावत भी है कि यदि खेत ठीक रहेगा तो पेट भी ठीक रहेगा। पेट ठीक रहेगा तो स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

# हनुमान जी का कोटद्वार श्री सिद्धबली धाम मंदिर जहां मनोकामना पूरी होने पर कराते हैं भंडारा




आप अब तक कई हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए गए होंगे। जहां पर दर्शन के बाद भक्त मनोकामना मांगकर वापस अपने घर लौट आते हैं। लेकिन एक मंदिर ऐसा भी है, जहां पर मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु आकर भंडारा करवाते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मंदिर में हर कोई भंडारा करवाता है। यहां भी आसानी से हो जाता है, तो ऐसा नहीं है। भंडारा कराने के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करवानी होती है। जिसका स्लॉट मिलना काफी मुश्किल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, साल 2025 तक के भंडारे की बुकिंग मंदिर में हो रखी है। भक्तों पर बजरंग बली की नेमत इस कदर बरसती है कि यहां पर भंडारा कभी भी बंद नहीं होता है। वहीं यहां पर लोगों को सालों साल खाना खिलाया जाता है। कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली धाम मंदिर हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। बजरंग बली के इस पौराणिक मंदिर का स्कंद पुराण में भी जिक्र है। श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन को लिए सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी भक्त यहां आते हैं। भक्त मंदिर में माथा टेककर अपनी मनोकामना मांगते हैं। बाबा अपने भक्तों को कभी भी निराश नहीं करते और मनोकामना पूरी होने के बाद यहां पर लोग भंडारा करवाते हैं।

मंदिर समित की ओर से भंडारे के आयोजन के लिए बुकिंग होती है। मंदिर में खासतौर पर रविवार, मंगलवार और शनिवार को भंडारा किया जाता है। वहीं साल 2025 तक रविवार और मंगलवार के भंडारा आयोजन बुक हो चुका है। वहीं साल 2024 तक शनिवार के भंडारे एडवांस बुकिंग हो चुकी है। सिद्धबली मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन भक्तों की भारी भीड़ लगती है। उत्तराखंड ही नहीं कई राज्यों से भक्त देश-विदेश से आकर यहां मन्नत मांगते हैं। वहीं मेरठ, बिजनौर, दिल्ली और मुंबई के साथ अन्य कई राज्यों से भक्त धाम पहुंचते हैं। वहीं ऐसे कई एनआरआई भी हैं, जिनकी इच्छाएं पूरी होती हैं और फिर वह यहां पर भंडारे का आयोजन करवाते हैं। सिद्धबली धाम कोटद्वार नगर से करीब ढाई किमी दूर नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर है।

कोटद्वार में श्री सिद्धबली मंदिर परिसर में शिवलिंग विराजमान हैं। यहां पर मंदिर परिसर में शनि देव जी का भी मंदिर है। वहीं हाल ही में मंदिर में मां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित की गई है।

# कर्म से होगा बदलाव बातों से नही : मुनिश्री विनय कुमार जी



चंडीगढ़। बातों से नहीं, बल्कि कर्म से अपने में बदलाव करें÷ का मतलब है कि सिर्फ बातें या इरादे काफी नहीं, असली परिवर्तन आपके कार्यों, सोच और व्यवहार से आता है; अच्छे कर्म, सही दृष्टिकोण और आचरण से ही व्यक्ति का जीवन और भाग्य बदलता है, क्योंकि कर्म ही आपकी पहचान और भविष्य का निर्माण करते हैं, इसलिए अपने अच्छे इरादों को कर्मों में बदलकर ही आप खुद को और अपनी परिस्थितियों को बेहतर बना सकते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

संसार में लोग बडी बडी बातें तो बहुत करते है लेकिन जब बात कर्म की आती है तो पीछे झांकना शुरू कर देते है। ऐसी मानसिकता से पीछे हटिये। जो कहते है और जो बोलते है उस बात पर पहरा दीजिये। क्या हो गया है हमको क्यों ऐसा कर रहे हैं हम? बातें तो हम बहुत करते हैं, लेकिन खुद में आये बदलाव को बिलकुल नजर् अंदाज् कर रहे हैं। दिखावे के लिए रिश्तों को निभाना कुछ एहमियत नहीं रखता, जब तक आप उसे दिल से न माने। आज आप खुश हैं और आप चाहते हैं सब आपकी खुशी में शामिल हों। लेकिन ऐसी खुशी का क्या फायदा जिसमे किसकी दुआ, अपनों का प्यार शामिल ना हो। आज जो आपके पास है, कल वो किसी और के पास भी हो सकता है।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा जिस देश के नागरिकों का चरित्र अच्छा होता है वह राष्ट्र हमेशा उन्नत रहता है। सभी कहते है जियो और जीने दो, लेकिन इसके साथ संयम शब्द को और जोडकर कहना चाहिये कि संयम से जीयो और संयम से जीने दो।

जीवन की शोभा को बना सकते हो जीवन क्या है उसे समझना है एक छोटा सा उदाहरण फूल हमारे सामने है। फूल सदियों से खिलते आ रहे हैं महकते आ रहे हैं, वे अपने बहुत छोटे जीवन से भी निराशा नही है, हंसना हंसाना, मिलना मिलाना, खुश रहना, खुश करना उनका मूल धर्म है, मूल गुण है, वे कभी थके नही, रूके नही, झुके नही, वे दुख को बांटते है, सुख को बांटते है, सर्दी गर्मी बारिश में सम रहते है प्रसन्न रहते हैं, इनका जीवन रंगो से भरा है, सुंगधो से भरा है, श्रद्धा से भरा विश्वास से भरा है, श्यशाम में सोते है, जहान में खिलते है, जब चाहो, जहां चाहो हर हाल में मिलते हैं। चूंकि ये फूल है इसीलिए मिलते हैं।

## वाणी को कीजिए संयमितः अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने फरमाया आदमी से जब कुछ पूछा जाए तो आदमी को झूठ नहीं सत्य बोलने का प्रयास करना चाहिए। सत्य बोलना कठिन हो सकता है, किन्तु आदमी को सत्य बोलने का प्रयास करना चाहिए। यदि आदमी सत्य बोलने की हिम्मत न कर सके तो मौन हो जाए तो भी वह अपनी वाणी को संयमित कर सकता है और झूठ बोलने वाले पाप से भी बच सकता है। आदमी को अपने गुस्से को असत्य करने का प्रयास करना चाहिए।

## ग्राम हंगोली खंड सरस्वती नगर में किया ग्राम सभा का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

व्यासपुर। ग्राम हंगोली खंड सरस्वती नगर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे गांव में जो विकास कार्य करवाने है उन विषयों पर बात की गई और सरपंच राजीव कुमार सोही ने बताया की ग्राम सभा ग्रामीण विकास का मुख्य माध्यम है, जहाँ ग्रामीण अपनी समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा करते हैं। उनको जो भी गांव में समस्या है उसके बारे में बातचीत कर उसके हल के लिए प्रयास करते है। इन सभाओं का उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि विकास कार्य ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों की जरूरतों के अनुसार हों। सरपंच राजीव कुमार ने बताया की आज श्मशान घाट का रास्ता पक्का करना और खेतों के रास्ते और सामुदायिक केंद्र इत्यादि काम करने बारे परस्ताव पारित किए गये। राजीव कुमार ने बताया कि मेरी और समस्त ग्राम पंचायत और गांव वालो के सहयोग से गांव में पूरे विकास कार्य करवाये जा रहे है। मोके पर सरपंच राजीव कुमार वा ग्राम सचिव राजिद ख़ान वा पंच कुसुम वा पंच पूनम रानी वा पंच योग राज वा पंच संटी वा राम सिंह वा जगदीश वा मांगे राम व नरेश व गांव के घनमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एक्सिस बैंक व गूगल पे ने लॉन्च किया 'फ्लेक्स'

चंडीगढ़। एक्सिस बैंक और गूगल ने मिलकर आज 'गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है। यह एक यूपीआई-आधारित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारत की बदलती वित्तीय जरूरतों को सरल और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रुपे नेटवर्क पर आधारित यह कार्ड क्रेडिट अनुभव को उतना ही सहज बनाने का लक्ष्य रखता है, जितना कि लोग रोज़ाना यूपीआई भुगतान करते हैं। यह गूगल पे के सुरक्षित अनुभव और एक्सिस बैंक की विश्वसनीय बैंकिंग विशेषज्ञता का एक अनूठा संगम है। यह कार्ड 'फ्लेक्स बाय गूगल पे' के तहत पहली पेशकश है, जो गूगल का क्रेडिट को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक नया कदम है।एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हेड (कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट) अर्निका दीक्षित ने कहा कि फ्लेक्स के साथ, यूजर्स कुछ ही मिनटों में पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया के जरिए कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसे प्राप्त कर लाखों ऑफलाइन मर्चेंट्स या ऐप्स पर भुगतान करना शुरू कर सकते हैं। प्रत्येक लेन-देन पर यूजर्स को 'स्टार्स' के रूप में रिवॉर्ड पॉइंट मिलेंगे, जिन्हें तुरंत रिडीम किया जा सकता है। इसमें 1 स्टार की वैल्यू

## स्ट्रक्चरल प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी रेनी स्ट्रिप्स ने आईपीओ के लिए किया अप्लाई

लुधियाना। रेनी स्ट्रिप्स लिमिटेड (रेनी स्ट्रिप्स या कंपनी) ने मार्केट रेगुलेटर सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल कर दिया है। रेनी स्ट्रिप्स एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस करने वाली स्ट्रक्चरल प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी है। कंपनी वैल्यू चेन में ढेर सारे स्ट्रक्चरल प्रोडक्ट्स ऑफर करती है। इसमें माइल्ड स्टील बिलेट्स से लेकर वायर रॉड्स, ईआरडब्ल्यू पाइप्स और ट्यूब्स, डिजाइन बेस्ड स्कैफोल्डिंग और फॉर्मवर्क सिस्टम्स तक शामिल है। इनका इस्तेमाल कई अलग-अलग इंडस्ट्रीज में होता है। फिस्कल 2025 में स्कैफोल्डिंग और फॉर्मवर्क सिस्टम्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने के थोड़े ही समय में कंपनी ने ग्लोबल लेवल पर अच्छी मौजूदगी बना ली है। यह 21 से ज्यादा देशों में स्कैफोल्डिंग और फॉर्मवर्क सिस्टम्स एक्सपोर्ट कर रही है।अपने सस्टेनेबिलिटी रोडमैप के तहत कंपनी 22 मेगावाट का सोलर पॉवर प्लांट लगा रही है, ताकि पुरानी एनर्जी सोर्स पर निर्भरता कम हो और कार्बन फुटप्रिंट और भी कम किया जा सके।

## भविष्य के लिए नवाचार से ऊर्जा बचत तक: भारत की ऊर्जा दक्षता यात्रा में उपकरण उद्योग की भूमिका अहम

चंडीगढ़। जीवनशैली में बदलाव और बढ़ते तापमान मिलकर देश की ऊर्जा खपत में तेज़ बढ़ोतरी का कारण बन रहे हैं। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के अनुसार, भारत के ऊर्जा परिदृश्य में आवासीय क्षेत्र देश की कुल बिजली खपत का 24 प्रतिशत हिस्सा रखता है, जो बिजली का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और हर साल लगभग 6त्न की दर से बढ़ रहा है। यह बढ़ोतरी घरों में बिजली से चलने वाले उपकरणों के व्यापक उपयोग के कारण हो रही है। यह रुझान जहां सामाजिक-आर्थिक प्रगति का संकेत देता है, वहीं यह एक गंभीर चुनौती भी सामने लाता है – भारतीय घरों में बढ़ती ऊर्जा खपत के पर्यावरणीय प्रभाव को संभालने की। यह स्थिति ऊर्जा दक्षता वाले नवाचारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है – खासकर घरेलू उपकरण क्षेत्र में, जो हर दिन लाखों भारतीय घरों का हिस्सा बन चुका है। घरों में ऊर्जा-कुशल उपकरणों का इस्तेमाल न केवल जीवनशैली को अधिक किफायती बना सकता है, बल्कि घरों के कार्बन फुटप्रिंट को भी घटाता है जिससे पर्यावरण की स्थिरता के व्यापक प्रयासों में मदद मिलती है।

# नित्य प्रति सत्संग करने की क्यों आवश्यकता है?



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

किसी ने कबीर जी से पूछ लिया कि हम क्यों रोज साध संगत करें? क्यों हम रोज जाकर महापुरुष का संग करें? क्या जरुरत है? एक दफा हम परमात्मा नाम ले ही लेते हैं। हमें और भी कई काम होते हैं, तो ये रोजाना संगत की क्या बात है? हम क्यों बार-बार संगत में जाकर बैठें और वहां सुनें? वहां एक कीला गड़ा हुआ था। कबीर जी ने उस पर हथौड़ी लगा दी। अगले दिन वो सज्जन फिर गया। कहने लगा, मैंने इस सवाल का जवाब पूछा था, परन्तु आपने इस सवाल का कोई जवाब नहीं दिया। कबीर जी ने कीले के ऊपर फिर हथौड़ी लगादी। फिर भी जवाब नहीं दिया। कबीर जी ने कीले के ऊपर फिर हथौड़ी लगा दी। फिर भी जवाब नहीं दिया। वो सज्जन तीसरे दिन आया। कहने लगा आप अजीब बात कर रहे हैं। मैं आपसे कितनी विनती कर रहा हूं, आप मेरी बात का जवाब क्यों नहीं देते? फिर कबीर जी ने कहा मैं तो रोजाना जवाब दे रहा हूं। लेकिन तुम समझ नहीं रहे। मैं इस कीलेके ऊपर रोज एक हथौड़ा लगाता था, वो इसलिए कि यह कीला जमीन में दबा रहे। अगर मैं इस पर हथौड़ा नहीं लगाऊंगा, तो जमीन में थोड़ी सी हलचल होने से कीला ढीला पड़ जायेगा और किसी के पांव से टकराने से, या किसी पशु के कारण यह कीला जमीन से बाहर आ जाएगा। एक दफा बाहर आ गया तो पता नहीं उसका कहां पर निवास होगा और कहां फैंक दिया जाएगा। यह जो रोजाना इसके ऊपर एक ठोकर लगाता हूं वह इसलिए कि यह जमीन में मजबूती से दबा रहे, हिले नहीं। इसी प्रकार हर रोज की गई संगत हमारे मन को दृढ़ बनाये रखने के लिए जरुरी है।

साध संगत मे जाकर महापुरुषों के वचनों से एक मज़बूती हमारे मन में आती है। हमें एक सहारा मिलता है, तो हमारा मन भी इस निराकार, इस परमात्मा में गड़ा रहता है। इस निराकार परमात्मा के अन्दर इस मन का विलीन हो जाना, उसके ऊपर आस्था व विश्वास कायम हो जाना, यही हमें दुनियावी सोच-विचार से ऊपर उठाकर ब्रह्म भावना हमारे अन्दर भर देता है। दुनियावी सोचों से ऊपर होते हैं तो मन में शोन्ति होती है और मन को हमेशा सकून मिलता है। अगर दुनियावी सोच बनी रहेगी, तो हम जानते हैं कि दुनिया का पदार्थों के लिहाज से लालच तो कभी समाप्त नहीं हो सकता। महात्माओं ने, सन्त महापुरुषों ने कहा है कि-

आग लगी आकाश में झड़ झड़ गिरे अंगार।
सन्त न होते जगत में तो जल मरता संसार।

जंगलों में आग लगी होती है और वह बढ़ती जाती है, बढ़ती ही जाती है। आपने पढ़ा होगा कि पिछले वर्षो आस्ट्रेलिया में कम से कम एक महीना आग जंगलां में लगी रही। उसक बाद एक बरस कनाडा में भी ऐसी ही आग सुनने को मिली। एक बरस चीन में सैंकड़ों हजारों मील तक जंगल के जंगल आग से जलते रहे। कितनी तबाहियां हो रही हैं, लेकिन आग बढ़ती ही जाती है। लेकिन जहां पर भी कोई झील या तालाब पानी से भरा हुआ आ गया है, उससे आगे आग नहीं जा सकती। आग वहीं किनारे पर रुक जाया करती है।

## पंचांग

शनिवार, 20 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:09 ए एम, सूर्यास्तः 05:28 पी एम, चन्द्रोदयः 07:27 ए एम, चन्द्रास्तः 05:33 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अमावस्या - 07:12 ए एम तक, नक्षत्रः मूल - 01:21 ए एम, दिसम्बर 21 तक, योगः गण्ड - 04:17 पी एम तक, करणः नाग - 07:12 ए एम तक, द्वितीय करणः किंस्तुघ्न - 08:13 पी एम तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः धनु, राहुकालः 09:44 ए एम से 11:01 ए एम, गुलिक कालः 07:09 ए एम से 08:27 ए एम, यमगण्डः 01:36 पी एम से 02:54 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:58 ए एम से 12:39 पी एम, दुर्मुहूर्तः 07:09 ए एम से 07:50 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:50 ए एम से 08:32 ए एम, अमृत कालः 06:17 पी एम से 08:03 पी एम, वर्ज्यः 07:41 ए एम से 09:27 ए एम, वर्ज्यः 11:35 पी एम से 01:21 ए एम, दिसम्बर 21

## भविष्य फल



**मेषः** अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**वृषः** आज आप नए कार्यों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं व्यावसायिकों के लिए दिन अच्छा है।

**मिथुनः** आज आप नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। घर व दोस्तों के बीच अपनी स्थिति सुधारने के बारे में सोचें।

**कर्कः** जल्दबाजी में फैसले न लें खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त। मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें।

**सिंहः** दांपत्य जीवन में तू-तू मैं-मैं होगी एवं व्यापार के क्षेत्र में भागीदारों के बीच मनमुटाव हो सकता है।

**कन्याः** आज आप अपनी जिंदगी में किसी ऐसे व्यक्ति के आने की उम्मीद कर सकते हैं, जो अच्छे के लिए आपके जीवन में बहुत कुछ बदल देगा।

**तुलाः** आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो आपके लिए परेशानी का सबब साबित हो सकती है।

**वृश्चिकः** आज आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आपकी व्यवसायिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनुः** जल्दबाजी में फैसले न लें खासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक्त। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा।

**मकरः** अपने साथी और दोस्तों के साथ कुछ समय व्यतीत करें। आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।

**कुंभः** पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा।

**मीनः** एकतरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। नई योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

# केंद्र सरकार का वीबी- जी राम जी बिल, ग्रामीण मजदूरों के सौ दिन रोज़गार गारंटी के अधिकार का खात्मा: सचिव राजेंद्र

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन पट्टीकलियाणा गांव कमेटी की बैठक अनुसूचित जाति चौपाल में कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन सतबीर राठी ने किया। खेत मजदूर यूनियन की मीटिंग में रोज़गार और आजीविका की गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) की निंदा करते हुए सरकार से इसे वापस लेने का प्रस्ताव किया गया। यह विधेयक वास्तव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) को ही खत्म करने का प्रयास है। खेत मजदूर यूनियन ने ' वी बी जी राम जी' विधेयक का विरोध करते हुए सांकेतिक रूप से बिल की प्रतियां जलाई गई। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने मीटिंग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने, बेरोज़गारी भत्ता सुनिश्चित करने वाले पहले से मौजूद मनरेगा कानून को बदल रही है? सरकार मजदूरों को गुमराह करने के लिए यह दावा कर रही है कि अब सौ की बजाय 125 दिन काम दिया जाएगा। लेकिन विधेयक का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि यह दावा महज़ एक जुमला है।

नए कानून के तहत अब पूरे देश के सभी ग्रामीण मजदूरों को काम देने की कोई गारंटी नहीं रहेगी। केवल उन्हीं गांवों के मजदूरों को काम मिलेगा, जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। इसके साथ ही काम न मिलने की स्थिति में मिलने वाला बेरोज़गारी भत्ता भी समाप्त कर दिया गया है। मनरेगा एक सार्वभौमिक, मांग-आधारित वैधानिक अधिकार स्थापित करता है, जिसके तहत किसी भी ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी वयस्क व्यक्ति जो अकुशल शारीरिक श्रम करना चाहता है, काम पाने का हकदार है। इसके विपरीत नए विधेयक के अनुसार केवल उन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों में काम दिया जाएगा जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। यदि कोई क्षेत्र अधिसूचित नहीं होता है, तो वहां के मजदूरों को काम पाने का कोई अधिकार नहीं रहेगा। इससे रोजगार की गारंटी केंद्र सरकार की कृपा पर निर्भर हो जाएगी।

यह बिल एक अधिकार-आधारित, प्रवर्तनीय कानून को समाप्त कर उसे एक बजट-सीमित, विवेकाधीन योजना में बदल देता है, जिसमें केंद्र सरकार की कोई जवाबदेही नहीं है। इससे मजदूर अधिकारधारी नागरिक न रहकर केवल लाभार्थी बनकर रह जाएंगे और काम न मिलने की स्थिति में अपने अधिकारों के लिए अदालत में भी नहीं जा सकेंगे। अभी तक मनरेगा के तहत मजदूरी का 100 प्रतिशत और सामग्री लागत का अधिकांश हिस्सा केंद्र सरकार वहन करती है। लेकिन प्रस्तावित विधेयक में अधिकांश राज्यों के लिए खर्च का अनुपात 60¬40 कर दिया गया है। इससे राज्यों पर भारी वित्तीय दबाव पड़ेगा, विशेषकर उन गरीब राज्यों पर जहां ग्रामीण रोजगार की आवश्यकता सबसे अधिक है। इसके चलते राज्य सरकारें काम की मांग दर्ज करने से बचेंगी। मनरेगा के तहत साल के किसी भी समय काम मांगा जा सकता है, लेकिन नए विधेयक में बुवाई और कटाई के मौसम में 60 दिनों तक काम पूरी तरह बंद रखने का प्रावधान है। जबकि वास्तविकता यह है कि कृषि जोतों के घटते आकार, बढ़ती लागत, मशीनीकरण और तथाकथित वैज्ञानिक खेती के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया पंच प्रण प्रतियोगिता का आयोजन

छात्र-छात्राओं में विकसित भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक पहल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को पंच प्रण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विकसित भारत 2047 के संकल्प, नागरिक कर्तव्यों, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत एवं आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमसा, द्वितीय स्थान निधी व तृतीय स्थान अनु ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमश 1100, 750 एवं 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई तथा इन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक सुरेश ढांडा, सुभाष चन्द्र, सुनील मलिक, दीपक कुमार, शमशेर, सुनील कुमारी, रमेश कुमार, जगबीर राणा, पुष्पा, कीर्ति, मूर्ति, हरदीप, अजय एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा एसएम हिन्दू में आयोजित पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने व मानवता की रक्षा करने के लिए किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशन में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा एसएम हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बतौर मुख्यातिथि युवाओं को नशे से दूर रहकर जीवन में आगे बढने व मानवता की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। डीईओ ने कहा कि नशे से दूर रहकर अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन अपनाएं।नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना देता है, जबकि संयम, नैतिक मूल्यों और सेवा भावना के साथ आगे बढ़कर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने मानवता की रक्षा, आपसी सहयोग और समाज सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया।

इस दौरान आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लवली, द्वितीय बंटी एवं तृतीय नेहा ने प्राप्त किया। इसके साथ ही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम साहिबा, द्वितीय कुनाल एवं तृतीय वासुदेव रहे, जिन्हें मुख्यातिथि ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रैडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, डीटीओ संजय कुमार, काउंसलर शशि मेहता, सुनीता ढुल, श्री भगवान, मांगेराम तथा परमिंदर सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

## काकोरी कांड के 98वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ

**पंचकूला।** शहीद भगत सिंह जागृति मंच व मेजर संदीप सागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल के प्रांगण में काकोरी कांड के 98वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ हुआ। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एम.एम. जुनेजा ने बताया कि कैसे काकोरी के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में 4656 रुपए 50 पैसे की डकैती में शामिल पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी व ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसंबर 1927 को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया था। मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में शेर सुना कर बच्चों में जोश भर दिया। बच्चों को मेडल व पुस्तक देकर मंच की तरफ से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन चमन लाल कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह, उपाध्यक्ष ऋषि गुप्ता, महावीर दहिया, विजेंद्र सिंह मलिक, गायत्री मलिक, मैडम पिंकी, अनीता व मनोज शर्मा उपस्थित रहे।

# वार्डबंदी : कांग्रेस को 11 वार्डों की जनसंख्या पर आपत्ति प्रशासन पर लगाया नियम 7 को अनदेखा करने का आरोप

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** प्रशासन द्वारा हालही में जारी की गई वार्डबंदी की ड्राफ्ट नोटिफिकेशन कांग्रेस के सवालों के घेरे में आ गई है। जन नायक जनता पार्टी पहले ही वार्डबंदी के ड्राफ्ट को एक तरफा बता चुकी है। कांग्रेस ने वार्डबंदी में 11 वार्डों जनसंख्या पर आपत्ति जताते हुए बिना सोचे समझे वार्ड एरिया को निर्धारित कर दिया, जो वार्डबंदी के नियम 7 का उल्लंघन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट रविंदर रावल ने डीसी से मुलाकात के दौरान कई आपत्तियां उठाई।


उनके साथ कांग्रेस के पार्षद अक्षयदीप चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने 20 वार्डों में से 11 वार्डों की वार्डबंदी में कमियों को उजागर किया और कहा कि वार्डबंदी की जारी नोटिफिकेशन में हर वार्ड की जनसंख्या का उल्लेख नहीं किया गया, और किस आधार पर वार्डबंदी की जनसंख्या को निर्धारित कर वार्ड की जनसंख्या की ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी कर दी गई। रविंदर रावल ने वार्डबंदी के नियम 7 का हवाला देकर कहा कि समान जनसंख्या के लिए प्रशासनिक सीमाओं, भौगोलिक रूप से सघन, 10 प्रतिशत अनुमय परिवर्तन होना जरूरी है। इसका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। रविंदर रावल ने प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या का अलग से डेटा मांगा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंदर रावल ने बताया कि वार्ड नं. 2‸ एमडीसी सेक्टर-5, सेक्टर-1, सेक्टर-2 और गांव माजरी को मिलाकर प्रस्तावित वार्ड भौगोलिक रूप से सघन नहीं है। एमडीसी सेक्टर-5 और सेक्टर-1/2 के बीच कोई भौतिक संपर्क नहीं है, क्योंकि बीच में सेना का कमांड अस्पताल क्षेत्र आता है। यह प्रस्ताव नियम 7 (ड्ड) का उल्लंघन करता है। वार्ड नं. 9‸ सेक्टर-19 को इंडस्ट्रियल एरिया फेज-II, पंचकूला के साथ मिला दिया गया है, जबकि एक रेलवे लाइन इन दोनों क्षेत्रों को अलग करती है।

**वार्डबंदी का ड्राफ्ट**

### जानिए, किस वार्ड में सेक्टर-गांव-कालोनी...

वार्ड 1 में सकेतड़ी, भैंसा टिब्बा, एमडीसी-6 और 4, कुल बूथ 10 कुल मतदाता 10,629, वार्ड 2 एमडीसी सेक्टर 5, सेक्टर 2 और 6 बूथ 10 कुल मतदाता 11,090, वार्ड 3 में सेक्टर 7 और 8 बूथ 10 और कुलमतदाता 9558, वार्ड 4 में सेक्टर 9 और 10 बूथ 11 और कुल मतदाता 10442, वार्ड नंबर 5 में सेक्टर 15 बूथ 11 कुल मतदाता 11145, वार्ड 6 में सेक्टर 16, 17 और 18 में बूथ 9 और कुल मतदाता 8677, वार्ड 7 राजीव कालोनी बूथ 11 मतदाता 10551, वार्ड 8 इंदिरा कालोनी बूथ 6, बुढनपुर बूथ 8 जनसंख्या 8868, वार्ड 9 सेक्टर 19, औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 बूथ 8 मतदाता 9026, वार्ड 10 अभयपुर, सेक्टर 14, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 बूथ 10 कुल मतदाता 11349, वार्ड 11 में सेक्टर 12, 12ए रैली, रैला गांव बूथ 10 कुल मतदाता 11283, वार्ड 12 में सेक्टर 11, हरिपुर, सेक्टर 4 का कुछ हिस्सा बूथ 10 और कुल मतदाता 11620, वार्ड 14 में सैक्टर 21 का कुछ हिस्सा, महेशपुर, मद्रासी कालोनी, सेक्टर 20 में फतेहपुर गांव के नजदीक सोसाइटियां बूथ 12 कुल मतदाता 11819, वार्ड 15 सेक्टर 20, कुंडी गांव बूथ 8 मतदाता 8468, वार्ड नंबर 16 में चंडीकोटला, बीड घग्गर, खड? मंगोली बूथ 11 और कुल मतदाता 10964, वार्ड 17 खड? मंगोली का कुछ हिस्सा, चौकी गांव, सेक्टर 23, 24, 25, नग्गल मोगीनंद, नाडा कुल बूथ 13 कुल मतदाता 11923, वार्ड 18 बाना, मदनपुर, सेक्टर 26, 27, 28 बूथ 12 मतदाता 10519, वार्ड नंबर 19 रामगढ़, बिल्ला, जयवंतगढ़, दबकौरी, माणक्या, भानू बूथ 9 और कुल मतदाता 9183 और वार्ड 20 में कोट, खंगेसरा, टोका, अलीपुर, सुखदर्शनपुर, नग्गल, जलौली, खटौली बूथ 10 और कुल मतदाता की संख्या 9276 है।



## किराएदारों, नौकरों और पेइंग गेस्ट की जानकारी पुलिस स्टेशन में देना जरूरी : कोमल मित्तल

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कोमल मित्तल ने इंडियन सिविल प्रोटेक्शन कोड, 2023 (46 श्द्ध 2023) के चैप्टर 11 (सब-सेक्शन 163) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एक आदेश जारी किया है कि साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ज़िले की सीमा के अंदर आने वाली म्युनिसिपल काउंसिल, नगर पंचायत और गांव पंचायत के अधिकार क्षेत्र में रहने वाला कोई भी व्यक्ति, जब अपने घर में किराएदार/नौकर/पेइंग गेस्ट रखता है, तो वह एक हफ़्ते के अंदर उसकी पूरी जानकारी पास के पुलिस स्टेशन को ज़रूर दे।

यह आदेश उन लोगों पर भी लागू होगा जिन्होंने अभी तक पहले से रखे गए किराएदारों, नौकरों और पेइंग गेस्ट की जानकारी पुलिस को नहीं दी है। इन रोक के आदेशों में कहा गया है कि दूसरे राज्यों और बाहरी जिलों से बहुत से लोग नौकरी/काम वगैरह के लिए जिले में आते हैं। इसके अलावा, दूसरे राज्यों से दूसरे एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन/ऑर्गनाइजेशन में पढ़ाई के लिए आए स्टूडेंट/लर्नर्स, अलग-अलग प्रोफेशन/बिजनेस से जुड़े लोग जो पेइंग गेस्ट के तौर पर काम करते हैं और कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारी भी किराए पर रह रहे हैं। इनमें से बहुत से लोग ड्रग, एंटी-सोशल और क्रिमिनल बैकग्राउंड से हैं और किराए की जगहों और पब्लिक जगहों पर हंगामा करते हैं। मकान मालकिन किरायेदारों की जानकारी पुलिस के पास रजिस्टर नहीं कराते, जिससे लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बिगड़ने का डर रहता है।

## कोहरे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर पंचकूला पुलिस सख्त, स्कूलों को धारा 168 के तहत नोटिस जारी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** सर्दियों के मौसम में बढ़ते कोहरे और कम होती दृश्यता के चलते स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पंचकूला पुलिस ने एक सुरक्षा अभियान शुरू किया है। जिसके तहत जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल प्रशासन को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 168 के तहत नोटिस जारी कर आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत लागू करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि सर्दियों में घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सभी स्कूलों को सख्त हिदायत दी गई है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्कूल बसें निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

धारा 168 के तहत जारी निर्देशों के अनुसार कोहरे के समय सभी स्कूल बसों में फॉग लाइट, हेडलाइट, रिफ्लेक्टर का दुरुस्त होना अनिवार्य किया गया है।

**देर होने पर अभिभावकों को सूचना देने के निर्देश**



डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि कोहरे के कारण बस सेवा में देरी की स्थिति में अभिभावकों को समय पर सूचना देने के लिए स्कूलों को प्रभावी संपर्क व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक बस पर चारों ओर स्पष्ट रूप से स्कूल बस लिखा हुआ रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाया जाना भी अनिवार्य किया गया है। यदि इन निर्देशो का पालन नही किया जाता है तो स्कूली प्रशासन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी नाकों पर रिफलेक्टर टेप लगाए गए हैं और पेट्रोलिंग टीमों को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सड़कों पर कोई वाहन अव्यवस्थित तरीके से खड़ा न हो और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

## सीनियर सिटीजन कार्ड मुफ्त करने की मांग

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर (साजन शर्मा)।** खुद को आधुनिक और स्मार्ट सिटी कहने वाला चंडीगढ़ आज भी कई बुनियादी नागरिक सेवाओं में पड़ोसी शहर पंचकूला से पीछे नजर आ रहा है। सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने और टेनेंट वेरिफिकेशन जैसी जरूरी प्रक्रियाओं को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरटीआई चंडीगढ़ के कन्वीनर आरके गर्ग ने चंडीगढ़ प्रशासन से मांग की है कि सीनियर सिटीजन कार्ड पूरी तरह मुफ्त बनाया जाए और टेनेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए, ताकि आम नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों को अनावश्यक परेशानियों और खर्च से राहत मिल सके। आरके गर्ग के अनुसार चंडीगढ़ में सीनियर सिटीजन कार्ड बनवाना न सिर्फ जटिल है, बल्कि इसमें अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता है। पहले संपर्क केंद्र पर एक साधारण फॉर्म भरने के लिए 10 रुपये लिए जाते हैं और उसके बाद कार्ड बनाने के नाम पर 22 रुपये का शुल्क वसूला जाता है।

## हाइवे रॉबर्स का पर्दाफाश, महिला के जरिये लिफ्ट के बहाने 54 लूटपाट, ब्लैकमेलिंग की हुई वारदातें

**अंबाला, मोहाली और पंचकूला में सक्रिय गैंग के महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** घर से बाहर जाते समय हाइवे का सफर करने से पहले सावधान हो जाएं, क्योंकि आप हाइवे रॉबर्स के निशाने पर हो सकते हैं। हरियाणा के पंचकूला में ऐसे हाइवे रॉबर्स गैंग का पर्दाफाश हुआ है, जो अंबाला समेत ट्राइसिटी में अब तक 54 वार्डों को अंजाम दे चुका है। गैंग इन सदस्यों में महिला भी शामिल है। जिसके जरिए लिफ्ट के बहाने लुटेरे लोगों को आसानी से अपना शिकार बना लेते थे। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने इन्चार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में कार्रवाई करते हुए हाईवे पर लिफ्ट के बहाने लूट, ब्लैकमेलिंग व जबरन वसूली की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर गैंग का खुलासा किया। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सूरज सुरज सिनेमा, सैक्टर-1 पंचकूला के पास से दो आरोपियों अशोक कुमार निवासी जिला बरेली उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार भैंसा टिब्बा, उम्र 23 वर्ष तथा सन्नी कुमार सचदेवा निवासी फाजिल्का पंजाब, हाल किरायेदार लुधियाना को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई वेगनआर कार बरामद की गई। इसके बाद 18 दिसंबर को महिला आरोपी संदीप कौर उर्फ माही उर्फ दीपु निवासी जिला फिरोजपुर पंजाब को भी गिरफ्तार किया गया।

तीनों आरोपियों को 18 दिसंबर को अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग कार बरामद की गई है, जबकि लूटा गया कैश, मोबाइल और चाकू की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड के दौरान कार्रवाई की जा रही है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी लंबे समय से पंचकूला, मोहाली और अंबाला सहित आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय थे और अब तक लूट, स्नैचिंग, जबरन वसूली व ब्लैकमेलिंग जैसी 54 वारदातो को अंजाम दे चुके हैं।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश निवासी एक ट्रक चालक ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 13 दिसंबर को बद्दी से ट्रांसपोर्ट कंपनी का सामान लेकर पिकअप वाहन से देहरादून के लिए रवाना हुआ था। चंडीमंदिर टोल प्लाजा पार करने के बाद सुबह करीब 5 बजे एक अज्ञात युवती ने सड़क किनारे रुकने का इशारा कर लिफ्ट मांगी। इंसानियत दिखाते हुए चालक ने गाड़ी रोक ली। युवती ने नाडा साहिब स्थित आईटी पार्क जाने की बात कही। जैसे ही नेशनल हाईवे पंचकूला-यमुनानगर पर घग्गर नदी का पुल पार कर गांव चौकी के पास चालक उसे उतारने लगा, तभी एक वेगनआर कार से उतरे दो युवकों ने ड्राइवर सीट की खिड़की खुलवाकर चाकू दिखाया और पीड़ित से करीब 2400 रुपये नकद, मोबाइल फोन लूट लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### लेखक मुबारक संधू ने पॉडकास्ट मैगजीन जारी की

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पॉडकास्टर-सह-लेखक मुबारक संधू ने द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगज़ीन का दूसरा खंड जारी करके पॉडकास्टरों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है। अपनी पॉडकास्टिंग यात्रा के पूरे वर्ष को कवर करने वाली वार्षिक पत्रिका, दूसरा संस्करण - द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगज़ीन 2025, होटल चंडीगढ़ बेकन्स में विवेक आत्रे, श्रीमती सगुना जैन, रोहित चौधरी, श्रीमती सुखरीत हेयर और श्री हरदीप सिंह चाँदपुरी द्वारा नोवल बंच लिटरेरी फोरम के सहयोग से लॉन्च किया गया। मुबारक संधू, जो 3 फिक्शन पुस्तकों और 2 कविता पुस्तकों के लेखक हैं, ने दिसंबर 2023 में अपने अतिथियों के साथ उत्पादक बातचीत के माध्यम से सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री बनाने की दृष्टि से अपना पॉडकास्ट शुरू किया था। पॉडकास्ट को दुनिया भर में काफी सराहना मिली है, और इसने 2 वर्षों में किसी भी अतिथि को दोहराए बिना 72 एपिसोड पूरे किए हैं। मुबारक को यह साझा करते हुए गर्व महसूस होता है कि वे केवल स्वच्छ और सूझबूझ भरी सामग्री तैयार करते हैं, जो उन्हें अपार मानसिक शांति और संतुष्टि प्रदान करती है। पॉडकास्ट मैगज़ीन एक वार्षिक पत्रिका के रूप में आती है, जो हर साल दिसंबर महीने में जारी की जाएगी, लेकिन यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यह कोई व्यावसायिक पत्रिका नहीं है और केवल निजी परिसंचरण के लिए बनाई जाएगी।



### सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ बचपन: शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली में मदर एंड चाइल्ड विभाग की शुरुआत



**मोहाली (जिनेंद्र जैन)।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली ने अपने समर्पित मदर एंड चाइल्ड डिपार्टमेंट की शुरुआत की है। यह विभाग गर्भावस्था से लेकर प्रसव, नवजात शिशु, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य तक की संपूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस पहल का मुख्य फोकस जन-जागरूकता, समय पर पहचान और रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से माताओं और बच्चों से जुड़े जोखिमों को कम करना है। इस विभाग का उद्घाटन हरबक्स सिंह ढिल्लों, आईजी ऑप्स वेस्टर्न कमांड, बीएसएफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. मीनू शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए एकीकृत और सामुदायिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पर जोर दिया गया। नव-स्थापित मदर एंड चाइल्ड डिपार्टमेंट में ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी, नियोनेटोलॉजी और पीडियाट्रिक्स को एकीकृत किया गया है, जिससे उपचार में निरंतरता और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप संभव हो पाता है। यह मॉडल विशेष रूप से हाई-रिस्क गर्भावस्थाओं, सुरक्षित प्रसव और नवजात व बच्चों की उन्नत चिकित्सा देखभाल में अहम भूमिका निभाता है।

## डीसी ने की समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान करवाने की अपील

**पंचकूला, 19 दिसंबर।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी अधिकारी मिलजुल कर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे उपायुक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन एकत्रित होते है।

सतपाल शर्मा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक जिले में समाधान शिविर आयोजित करने का निर्णय किया है। इसके तहत प्रदेश में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जिलावासियों की समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

## सीआईआई ने रक्षा प्रतिष्ठानों के साथ उद्योग की सहभागिता मजबूत करने पर दिया जोर, आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी गति

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने चंडीगढ़ स्थित उत्तरी क्षेत्रीय मुख्यालय में 'सीआईआई बिल्डिंग पार्टनरशिप्स‸ वेंडर डेवलपमेंट फॉर इंडियन डिफेंस एस्टैब्लिशमेंट्स' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मकसद उद्योग और रक्षा प्रतिष्ठानों के बीच सहयोग को सशक्त बनाना, आवश्यकताओं को स्पष्ट करना और स्वदेशीकरण व सह-विकास के अवसरों को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीआईआई के विवेक वर्मा ने कहा कि यह मंच उद्योग को भारतीय वायु सेना, पश्चिमी कमान और टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) जैसे प्रमुख रक्षा हितधारकों से सीधे जुड़ने का अवसर देता है। उन्होंने बताया कि इससे कंपनियों को परिचालन आवश्यकताओं की बेहतर समझ, मांग के क्षेत्रों की पहचान और स्वदेशी समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी। पश्चिमी कमान के जीओसी (सेवानिवृत्त) लेफ्टिनेंट जनरल के. जे. सिंह ने उद्योग से जोखिम उठाने और निरंतर विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में वैश्विक मानकों के अनुरूप महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियां विकसित करने की क्षमता है और आयातित उपकरणों का स्वदेशीकरण संभव है। साथ ही उन्होंने उत्तरी क्षेत्र से उद्योग की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पश्चिमी कमान मुख्यालय से ब्रिगेडियर आरटीएसएन ब्रिगेडियर योगेश कौरा ने कहा कि आज उद्योग केवल विक्रेता नहीं, बल्कि रक्षा क्षमता विकास में रणनीतिक भागीदार है। सीआईआई उद्योग और सेना के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है, जिससे स्वदेशी अनुसंधान, विकास और उत्पादन को मजबूती मिल रही है। भारतीय वायु सेना की ओर से एयर कमोडोर जी डी सिंह ने बताया कि वायु सेना की आवश्यकताएं उच्च-प्रौद्योगिकी और पूंजीगत परियोजनाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र से उद्योग की भागीदारी बढ़ाने की इच्छा जताई और कहा कि संरचित आउटरीच कार्यक्रमों व शैक्षणिक सहयोग से स्वदेशी क्षमता को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान पश्चिमी कमान, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और टीबीआरएल के साथ विशेष विक्रेता विकास सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में प्रवेश, सहयोग के अवसरों और आवश्यकताओं पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

## कुशल बिजनेस चैलेंज राउंड में छात्रों ने व्यवसायिक विचार प्रस्तुत किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला स्तरीय कुशल बिज़नेस चैलेंज के फाइनल राउंड का सफल आयोजन चितकारा इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-28, पंचकूला में किया गया। इस अवसर पर अनीता चौधरी, उप निदेशक , संध्या चिकारा, जिला शिक्षा अधिकारी व सुमन चौधरी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने, नवाचार को अपनाने एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम जिले के विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस जिला स्तरीय फाइनल में राउंड-द्व की 10 विजेता टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 45 विद्यार्थी एवं 15 वोकेशनल शिक्षक शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपने-अपने व्यवसायिक विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया तथा उनकी सेलिंग पिच, व्यवसायिक शब्दावली एवं आत्मविश्वास सराहनीय रहा। कार्यक्रम में डॉ. मयंक वर्मा, संयुक्त राज्य परियोजना निदेशक, अनीता चौधरी, उप निदेशक , संध्या चिकारा, जिला शिक्षा अधिकारी व सुमन चौधरी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कंपोनेंट इंचार्ज अनु शर्मा ने बताया कि शीर्ष तीन विजेता टीमों को उनके बिज़नेस आइडिया को आगे विकसित करने हेतु सीड मनी प्रदान की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय सार्थक समेकित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,सेक्टर-12ए, पंचकूला कौशल योद्धा टीम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हंगोला कौशल शक्ति टीम व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-6, पंचकूला अग्निपथ दल टीम, शीर्ष तीन विजेता टीमें रहीं।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी में सामाजिक सेवा पहल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल एवं क्षेत्र द्वारा ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी, पालसोरा गाँव, चंडीगढ़ में एक मानवीय एवं सामाजिक सेवा पहल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ अंचल प्रमुख श्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में चंडीगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्था का दौरा किया तथा वहां निवासरत विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं अनाथ बच्चों को शीतकालीन वस्त्र एवं मिठाइयाँ वितरित कीं।

यह पहल बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशी विकास एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाती है। स्नेह, संवेदनशीलता और उत्सव की खुशियाँ साझा कर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने यह सिद्ध किया कि वह केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित न रहकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करता है।

## स्वदेशी मेले का आगाज, हेरिटेज कॉर्नर बना आकर्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में आज स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित भव्य स्वदेशी मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। उत्तर क्षेत्र के समन्वयक राजेश गोयल ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मेले का उद्घाटन हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया, स्वामी संपूर्णानंद जी महाराज, आरएसएस के प्रांत प्रमुख पवन जिंदल, हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक प्रदेश महामंत्री डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने किया। स्वदेशी मेले के पहले ही दिन भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों में स्वदेशी उत्पादों और भारतीय संस्कृति को नज़दीक से देखने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों और उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। खादी वस्त्र, हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक उत्पाद, जैविक खाद्य सामग्री, देसी मसाले, पारंपरिक सजावटी सामान और स्वदेशी उद्योगों से जुड़े उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला मेले में उपलब्ध है।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीश गर्ग, उत्तर क्षेत्र समन्वयक स्वदेशी संचालक राजेश गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में शहरवासी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और युवा वर्ग ने भाग लिया। हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया ने कहा कि स्वदेशी आज की नहीं, बल्कि आने वाले समय की सबसे बड़ी मांग है। आने वाला समय पूरी तरह स्वदेशी का समय है और इस मेले में वही स्वदेशी दिखाई दे रहा है। यहां मौजूद हर वस्तु आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। आरएसएस के प्रमुख वक्ता पवन जिंदल ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का माध्यम है।

मेले का सबसे बड़ा आकर्षण हेरिटेज कॉर्नर रहा, जहां भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ी पुरानी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है। इस कॉर्नर में दादी-नानी और नाना के जमाने में उपयोग होने वाले मिट्टी के चूल्हे, मिट्टी व पीतल के बर्तन, पुराने रसोई उपकरण और पारंपरिक घरेलू सामग्री रखी गई है। इन्हें देखकर बुजुर्ग अपनी पुरानी यादों में खोते नजर आए, वहीं नई पीढ़ी को भारतीय जीवनशैली की झलक देखने को मिली। मेले में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को दर्शाते सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक प्रस्तुतियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यह स्वदेशी मेला आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन नए उत्पाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशेष आकर्षण देखने को मिलेंगे।

# राई हल्के में 4 करोड़ 62 लाख की राशि से पांच सड़कों के सुधारीकरण एवं चौड़ीकरण का होगा काम: कृष्णा गहलावत

कार्यों के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे विकास कार्य में तेजी से दिखाई देगा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। राई विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक कृष्णा गहलावत के सतत प्रयासों से राई हल्के में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से लगभग 4 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि राई क्षेत्र की पांच प्रमुख सड़कों के सुधारीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए मंजूर दी गई है। इन कार्यों के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे विकास कार्य धरातल पर तेजी से दिखाई देगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि राई हल्के में लगातार बढ़ते यातायात, ग्रामीण संपर्क और औद्योगिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सड़कों का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में ही उनके प्रयासों से ह रा कृ वि बोर्ड के अंतर्गत आने वाली सड़कों के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें से कई सड़कों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कुछ पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। अब स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत मलिकपुर से सनपेड़ा तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क के सुधारीकरण पर 153 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार हलालपुर से फिरोजपुर बांगर तक 4.50 किलोमीटर मार्ग के लिए 154 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके



अलावा दीपालपुर बासौदी रोड से मुकीमपुर बासौदी रोड तक 0.7 किलोमीटर सड़क पर 14 लाख रुपये, राठधना से बन्देपुर तक 2.2 किलोमीटर सड़क पर 47 लाख रुपये तथा खुर्मपुर- मनोली रोड से भैरा बाकी बांध तक 1.73 किलोमीटर सड़क के लिए 96 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इन सड़कों के सुधरने से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों का आपसी संपर्क बेहतर होगा, बल्कि किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में राई हल्के की सभी प्रमुख सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हल्के की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से ही विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि वे दिन-रात राई क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# इन्द्री गढ़ीबीरबल मार्ग पर डंपरों के चलने से परेशान ग्रामीणों ने किया रोड जाम, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

लगभग डेढ़ घंटा बंद रहा स्टेट हाईवे नंबर 7, पुलिस प्रशासन ने समस्या हल करने के लिए तीन दिन का मांगा समय

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



इन्द्री। गढीबीरबल- यमुनानगर स्टेट हाईवें 7 पर स्थित गांव गढ़ीबीरबल में आज सुबह गांववासियों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांववासियों ने इस सड़क पर भारी व ओवरलोडिज़ ड़ंपरों के चलने से आ रही परेशानियों से नाराज होकर जाम लगाया। गांववासियों की मांग है कि इस रोड पर भारी ड़परों के चलाए जाने पर नकेल लगाई जाए। जाम की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई। इन्द्री डीएसपी व एसएचओं ने मौके पर पहुंच कर गांववसियों से बातचीत कर लगभग डेढ़ घंटे के बाद जाम को खुलवाया। इस बारे में जानकारी देते हुए गांववासी मंजीत लालर, कुलदीप मंढ़ाण, मोहित नेहरा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस रोड़ पर दिन रात भारी वाहनों के चलते रहने से इस रोड़ को लगते 15 गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी ड़ंपरों के चलने से सड़क के नजदीक रहने वाले लोगों के मकानों में दरारें पड गई है।

उन्होंने बताया कि इस सड़क पर रोजाना हादसें होते है ओर अब तक हादसों की वजह से कईयों की जान भी जा चूकी है। छोटे वाहनों को ओर भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सारा दिन धूल मिट्टी उडने से बातावरण दूषित हो रहा है ओर लोग बीमार हो रहे है। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर अनेकों स्कूल है ओर छुट्टी के समय बच्चों के लिए सड़क पार करना खतरे से खाली नहीं होता है। इस बारे में कई बार प्रशासन को आगाह किया गया है लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। आज हमें मजबूरन जाम लगाना पड़ा है। गांववासियों ने कहा कि एक दिन में लगभग दो हजार से भी ज्यादा के करीब ओवरलोडिज डंपर इस सड़क पर चलते है जिसके चलते दर्जनों गांवों को डर के साये में जीना पड़ रहा है। गांववासियों ने मांग की कि वाहनों के चलने का समय निश्चित किया जाएं ओर ओवरलोड़ पर नकेल लगाई जाएं। उन्होंने चेताया कि यदि हमारी समस्या का सही समाधान ना निकाला गया तो हम इससे बड़ा अभियान भी चलाने से पीछे नहीं हटेगें।

# नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला सप्लाई करने के आरोपी बौद्ध प्रकाश उर्फ बुध प्रकाश वासी डकिया जिला बरेली यूपी शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 जून 25 को एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, मुख्य सिपाही सुनील कुमार व एसपीओ संजय कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में एनएच-44 रतनगढ़ पुल के पास मौजूद थी।


**हरियाणा सरकार**
**जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
**अधिसूचना**

चूंकि हरियाणा सरकार के राज्यपाल को प्रतीत होता है नीचे विनिर्दिष्ट भूमि, की सरकार द्वारा सार्वजनिक व्यय पर एक सार्वजनिक प्रयोजनार्थ गांव उझाना में जल धर बना हुआ है। जिला जीन्द में भूमि तुरन्त अपेक्षित है।
इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि नीचे विशिष्टयों में वर्णित भूमि उपरोक्त उद्देश्य हेतू ली जानी अपेक्षित है।
यह अधिसूचना भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 11 (1) के तहत उन सभी को सूचना हेतू जारी की जाती है।
उपर्युक्त धारा द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा के राज्यपाल, इस उपकम में इस समय लगे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के अधिकारियोंको, उनके कर्मचारियों व कामगारों सहित इस स्थान की भूमि में प्रवेश करने और सर्वेक्षण करने तथा उक्त धारा अपेक्षित या अनुज्ञात अन्य सभी को कार्य करने के लिए इसके द्वारा अधिकृत करते है।
कोई भी इच्छुक व्यक्ति जिसे भूमि अधिग्रहण हेतू किसी किस्म की आपत्ति है, तो यह अधिसूचना जारी होने के 21 दिन के भीतर, कार्यालय जिला राजस्व अधिकारी, सहभूमि अधिग्रहण कलैक्टर जीन्द एवं कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डल नरवाना के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दौरान आपत्ति लिखित में दर्ज करवा सकता है।

**विशिष्टयां**

| जिला | तहसील | गांव | हदबस्त नं0 | मुरब्बा नं0 | खसरा/किला नं0 | क्षेत्रफल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | कनाल | मरला |
| जीन्द | नरवाना | उझाना | 50 | 182 | 600/655 | - | 4 |

कुल क्षेत्र 4 मरला

आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार,
जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चण्डीगढ।

AP-6336

**IN THE COURT OF DR. KHUSHPREET KAUR, DANICS SUB-DIVISIONAL MAGISTRATE (EAST)-CUM-MARRIAGE OFFICER, U.T, CHANDIGARH.**

Sumaer Sandhu S/o S. Sandeep Singh Sandhu, Permanent R/o Flat 99, Dorset House, Gloucester Place NW1 5AG London & Temporary R/o #519, Sector-8-C Chandigarh

AND

Sabrina Sidhu D/o Manvesh Singh Sidhu, Permanent & Temporary R/o House No. 117, Sector-18-A Chandigarh

have given Notice u/s 5 of the Special Marriage Act, 1954, for Solemnization of marriage to be registered within three calendar months, under the Special Marriage Act, 1954.

Whereas, the above named parties have filed a petition for the solemnization of their marriage in this court, notice is, therefore, issued through this publication to the general public that in case there is any objection to it, the same be filed in this court on or before 16/01/26 failing which the failing which the marriage shall be solemnized under the Special Marriage Act, 1954 in accordance with law.

Given under my hand and seal of the Court on 17/12/2025.

S.D.M (EAST)-cum-
MARRIAGE OFFICER U.T., CHANDIGARH

AP-6341

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालू देवी पत्नी श्री संदीप पुत्र श्री रण सिंह, ने अपना पिछला मूल विक्रय विलेख संख्या 1408 दिनांक 27/09/2022 खो दिया है, जो एक भूखंड/प्लॉट/मकान 4 मरला 2 सरसाई (129 वर्ग गज) खेवट संख्या 1710, खतौनी संख्या 2206, तादादी 42 कनाल 14 मरला में स्थित, जो वर्ष 2023-24 की जमाबंदी के अनुसार 43/8611 भाग है, ग्राम और तहसील- सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा में स्थित है। यह भूखंड उनके स्वामित्व और कब्जे में है और वे अपनी संपत्ति श्रीमती कैलाश पत्नी श्री बहादुर सिंह को बेच रही हैं, जिन्होंने आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड शाखा कार्यालय स्थित हिसार से इस संपत्ति पर ऋण ले रहे है। मैंने हरियाणा पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर डीडीआर/एफआईआर /खोई हुई संपत्ति का आवेदन संख्या 132230752500954 दर्ज कराया है। यदि किसी को उक्त खोया हुआ दस्तावेज मिल गया है या किसी को कोई आपत्ति है, तो वह प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर प्रमाण सहित सूचित कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद, इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, नकली, तुच्छ, धोखाधड़ीपूर्ण और निराधार माना जाएगा और कानून की दृष्टि में इसका कोई मूल्य नहीं होगा।

अजीत सिंह एडवोकेट
कार्यालय पताः चैंबर संख्या 435, जिला न्यायालय परिसर, भिवानी मोबाइल - 9813550353

AP-6323

**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी,एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

**विषय:–** सह–स्वामी स्व. श्री सुभाष चंद्र पुत्र स्व. श्री परमानंद ढुकराल की मृत्यु के आधार पर बूथ सं. 22–पी, सेक्टर 7 शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में मृतक के हिस्से का हस्तांतरण।
स्व. श्री सुभाष चंद्र, जो रिकार्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के सह–स्वामी थे, जिनकी 24.06.2023 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी चंडीगढ़ स्थित क्र.सं. 1515, बुक सं. 3, दिनांक 06.12.2022 के अंतर्गत पंजीकृत वसीयत है, उसने निम्नलिखित वसीयत धारक छोड़े है:–
1) गौरव ढुकराल
श्री गौरव ढुकराल पुत्र श्री सुभाष चंद्र निवासी मकान सं. 2232, सेक्टर 15–सी, चंडीगढ़ ने वसीयत धारक के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपति के मृतक के हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा सुभाष कुमार के साथ गौरव ढुकराल के नाम में पुनः आवंटन के लिए निवेदन किया है।
यदि किसी व्यक्ति को कथित मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

वसीयत धारकः गौरव ढुकराल
संपदा अधिकारी की ओर से

AP-6327

**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी,एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

**विषयः** सह–स्वामी स्व. श्री सुभाष चंद्र पुत्र स्व. श्री परमानंद ढुकराल की मृत्यु के आधार पर डीएसएस सं. 304, सेक्टर 20 शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में मृतक के हिस्से का हस्तांतरण।
स्व. श्री सुभाष चंद्र, जो रिकार्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के सह–स्वामी थे, जिनकी 24.06.2023 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी चंडीगढ़ स्थित क्र.सं. 1515, बुक सं. 3, दिनांक 06.12.2022 के अंतर्गत पंजीकृत वसीयत है, उसने निम्नलिखित वसीयत धारक छोड़े है:–
1) गौरव ढुकराल
श्री गौरव ढुकराल पुत्र श्री सुभाष चंद्र निवासी मकान सं. 2232, सेक्टर 15–सी, चंडीगढ़ ने वसीयत धारक के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपति के मृतक के हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा करनैल सिंह के साथ गौरव ढुकराल के नाम में पुनः आवंटन के लिए निवेदन किया है।
यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

वसीयत धारकः गौरव ढुकराल
संपदा अधिकारी की ओर से

AP-6328

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष**



**विषय:–** स्व. श्री हंसा सिंह भट्ट की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2574, सेक्टर 22–डी, चंडीगढ़ (आरपी 6200) के संबंध में स्वामित्वका हस्तांतरण।
आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री हंसा सिंह भट्ट 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2574, सेक्टर 22–डी, चंडीगढ़ के स्वामी/लीजी हैं।
नवदीप कौर भट्ट ने जीपीए/एसपीए रविंदर कुमार सिंह, शविंदर कौर ने जीपीए/ एसपीए रविंदर कुमार सिंह के माध्यम से, अमनदीप सिंह भट्ट ने जीपीए/ एसपीए रविंदर कुमार सिंह के माध्यम से सूचित किया गया है कि श्री हंसा सिंह भट्ट की 23.12.2012 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:–

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1) | अमनदीप सिंह भट्ट | पुत्र |
| 2) | नवदीप कौर भट्ट | पुत्री |
| 3) | शविंदर कौर | पत्नी |

अब, नवदीप कौर भट्ट ने जीपीए/एसपीए रविंदर कुमार सिंह, शविंदर कौर ने जीपीए/एसपीए रविंदर कुमार सिंह के माध्यम से, अमनदीप सिंह भट्ट ने जीपीए/एसपीए रविंदर कुमार सिंह के माध्यम से,नेबिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री हंसा सिंह भट्ट द्वारा आयोजित 50.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2574, सेक्टर 22–डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/ नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/ सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों मेंउक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।

AP-6332

**न्यायालय श्रीमान मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल मुजफ्फरनगर**
**एम.ए.सी. सं0 490, सन 2024**

हर्षवर्धन शर्मा उर्फ हर्ष पुत्र संदीप शर्मा (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी ग्राम लाडपुर थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर। याची/क्लेमेंट

बनाम

नीरज कुमार पुत्र दर्शन लाल निवासी म. नं0 734 सैक्टर–11बी चंडीगढ़ (पंजीकृत स्वामी/वाहन चालक/कार सं0 CHO1BX-7586)

....विपक्षी/उत्तरदाता

याची/क्लेमेंट ने एम.ए.सी. नं0 490/2024 हर्षवर्धन शर्मा उर्फ हर्ष बनाम नीरज कुमार आदि प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 08.01.2026 नियत की गई है। उपरोक्त वाद में विपक्षी को इस सूचना द्वारा अवगत कराया जाता है कि आप नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हों और उक्त आवेदन के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति उपरोक्त तिथि पर न्यायालय में समय 10:30 बजे दिन स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जायेगी। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष के आधार पर किया जायेगा।
आज दिनांक माह ..... सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से
पीठासीन अधिकारी, MACT मुजफ्फरनगर

AP-6334

**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, व्यासपुर, जिला यमुनानगर**

केस अनुमान
1. शकूर मोहम्मद, 2. सादिक अली 3. जमील खान पुत्र स्व. श्री यासीन 4. गुलशन पुत्र स्व. श्री बरखूदी पुत्र स्व. श्री यासीन वगैरा निवासी गांव छलौर तहसील व्यासपुर जिला यमुनानगर।

वादीगण

बनाम

1. जनरल पब्लिक

उत्तरवादी

दरखास्त बाबत दुरुस्ती गिरदावरी भूमि मुन्द्रजा खेवट/ खतौनी नं. 149/181 खसरा नं. 17//6 मिन (1-10), खतौनी नं. 182 खसरा नं. 17//6 मिन (0-3) वाका मौजा छलौर ह.ब.न. 244 तहसील व्यासपुर जिला यमुनानगर में उक्त उत्तरवादीगण की साधारण तरीके से तामील ना हो सकी है। अतः इस इश्तहार के माध्यम से उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि यदि वह इस केस में अपना पक्ष रखना चाहता है तो दिनांक 06-01-2026 को असालतन या वकालतन इस न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा उत्तरवादीगण के खिलाफ यकतरफा कार्यवाही करते हुए इस केस का निर्णय कर दिया जाएगा।
आज दिनांक 20-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

कलैक्टर द्वितीय श्रेणी,
व्यासपुर, जिला यमुनानगर

AP-6318

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा**
**खुली निविदा संख्या 46–अम्बाला/2025–26, दिनांक: 19.12.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जाखल–हिसार सेक्शन पर एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के अधीन बरवाला में गिट्टी डिपो में रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में विधिवत स्टैक्ड और लोड की गई बीजी ट्रैक के लिए 50000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 5,94,73,500/- | 4,47,400/- | 08 महीने | 12.01.2026 |

**नोटः 1.** ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**3943/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6337

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** NARANJAN DASS पुत्र DUNI CHAND निवासी मकान नंबर 1136/15, वार्ड नंबर 15 प्रोफेसर कालोनी कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम NARANJAN DASS से बदलकर NARANJAN DASS GUPTA रखता हूँ। कृपया भविष्य में मुझे NARANJAN DASS GUPTA नाम से जाना जाए। सम्बंधित कृपया नोट करें।
एपी-6317

I TUSHAR KUMAR S/o SHYAM LAL resident of 453 ASHOK NAGAR WARD NO 4 FATEHABAD TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125050 have changed my name From TUSHAR KUMAR to SHAMI
एपी-6320

I, KM Alka Devi wife of Rohit Singh R/o #43-A, Sector 31-A, Chandigarh have changed my name from KM Alka Devi to Alka Singh for all the official and unofficial purposes
एपी-6321

I, Khushboo Kumari w/o Sh. Pawan Kumar Sah R/o H.No. 3114, Sector 31-D, Chandigarh have changed My Name from Khushboo Kumari to Khushboo Sah for all official & Unofficial purposes.
एपी-6322

**मैं,** मंजू रानी पत्नी श्री राजेश गुप्ता निवासी जैन चौक भिवानी, तहसील और जिला भिवानी (हरियाणा), भविष्य के सभी कामों के लिए व सभी प्रकार के दस्तावेजों में अपना नाम मंजू रानी से बदलकर मंजू गुप्ता कर रही हूँ। भविष्य मे मुझे मंजू गुप्ता नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-6323

**मैं,** रामरती पत्नी वेद प्रकाश निवासी मकान नम्बर 676/30, न्यू लक्ष्मण कॉलोनी, थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136118 ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम रामरती से बदलकर रामा देवी रख लिया है।
एपी-6324

**मैं,** मोहम्मद हुकम राम उर्फ इकराम पुत्र आदरीश निवासी मकान नं. 2415, फेज - 2 राम दरबार चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर इकराम रख लिया है।
एपी-6325

**मैं,** मनीष नारंग, पुत्र स्वर्गीय मदन गोपाल नारंग, निवासी प्लॉट नं. 170, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, पंचकूला, हरियाणा, अपनी नाबालिग पुत्री का नाम परी नारंग से बदलकर यशवी कर दिया है।

I, Ranjeet kaur mother of Jc 353450X Sub Gurmukh Singh (Retd)Village Lalpur, P.O. Barwa,Teh. Anandpur Sahib, Distt. Rupnagar, (Pb) declare that I have changed my name from Ranjit Kaur to Ranjeet Kaur, correct Date Of Birth as 10.01.1950,
एपी-6332

**मैं,** सुमन देवी पत्नी श्री सुदेश कुमार निवासी गांव अलीपुरा डाकखाना बापा तहसील रादौर जिला यमुनानगर ने अपना नाम सुमन देवी से बदलकर सुमन लता रखा है।
एपी-6340

**मैं,** शीला पत्नी श्री रिम्पु गोयल निवासी मकान संख्या 337, चंडीमंदिर (391), पंचकुला (हरियाणा) 134107, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम शीला से बदलकर शीला गोयल कर लिया है।

**मैं,** श्रीमती सुला बाई, सैन्य संख्या- 6494538W, रैंक- हवलदार/शेफ (कॉम), नाम- ढाणे महेश भीकाजी की माता हु जो वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- मांडवे, पोस्ट मांडवे, तहसील- सातारा, जिला- सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिनकोड- 415519, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम श्रीमती सुला बाई से बदलकर सुलाबाई भिकाजी ढाणे लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219859, दिनांक- 19/12/2025

**मैं,** रूपाली सतीश सावंत, क्रमांक जेसी 393846के रैंक नायब सूबेदार सावंत सतीश विलास की कानूनी पत्नी हूं, जो यूनिट 31 नेटवर्क सिग्नल रेजिमेंट, चंडीमंदिर कैंट, सी/ओ 56 एपीओ पंचकुला, हरियाणा में रहती हूं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से सावंत रूपाली सतीश और मेरी जन्मतिथि 14/05/1987 दर्ज की गई है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रूपाली सतीश सावंत है और मेरी जन्मतिथि 14/05/1988 है, जैसा कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में दर्ज है।

**मैं,** क्रमांक जेसी393846के, रैंक नायब सूबेदार सावंत सतीश विलास, निवासी यूनिट 31 नेटवर्क सिग्नल रेजिमेंट, चंडीमंदिर कैंट, सी/ओ 56 एपीओ, पंचकुला, हरियाणा में तैनात हूं घोषणा करता हूं कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम गलती से अनुष्का दर्ज किया गया है। जबकि आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार मेरी बेटी का वास्तविक नाम अनुष्का सतीश सावंत है।

**मैं,** राज कुमारी देवी, सैन्य संख्या- 15347679M, रैंक- हवलदार, नाम- राकेश मौर्य की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- भिटकासो, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश - 276204 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम राज कुमारी देवी से बदलकर कुमारी कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 08/03/1961 से 01/01/1957 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219854, दिनांक- 19/12/2025

**मैं,** बाके लाल मौर्य, सैन्य संख्या- 15347679M, रैंक- हवलदार, नाम- राकेश मौर्य का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- भिटकासो, आज़मगढ़, उत्तर प्रदेश - 276204 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम बाके लाल मौर्य से बदलकर बांके लाल मौर्य कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 20/07/1958 से 01/01/1962 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219855, दिनांक- 19/12/2025

**मैं,** आयुष मौर्य (Ayush Maurya) सैन्य संख्या-15347679M, रैंक- हवलदार, नाम- राकेश मौर्य का पुत्र हु जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ, स्थायी पता- भिटकासो, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश - 276204 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम आयुष मौर्य (Ayush Maurya) से बदलकर आयुष मौर्य (Aayush Maurya) कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219856, दिनांक- 19/12/2025

**मैं,** कुशुम देवी, सैन्य संख्या- 15347679M, रैंक- हवलदार, नाम- राकेश मौर्य की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- भिटकासो, आज़मगढ़, उत्तर प्रदेश - 276204 की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम कुशुम देवी से बदलकर कुसुम कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219857, दिनांक- 19/12/2025

I, SHAKUNTALA am Mother of Army No: 2822135P Rank- Sep Name- Chikhale Rohidas Suresh Permanent Address: Village: Kalamboli, Post: Kalamboli, Teh: Panvel, Dist: Raigarh (Navi Mumbai), State: Maharashtra, Pin No: 410218 declare that I have changed my name from SHAKUNTALA to SHAKUNTALA SURESH CHIKHALE and Also Correct my Date of birth from 02/07/1975 to 01/01/1975. Vide Affidavit No: 11AA 219852, Dated: 19/12/2025

I, P Thirugana Sundaram son of Sh. Palani, resident of Unit 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir, Panchkula, Haryana declare that my name has been mentioned as Thiruganasundaram in my aadhar Card while my true and correct name is P Thirugana Sundaram per my Transfer Certificate.

I, A MANGALA PACKIAM is legally Wedded Spouse of Army No: 15343098X Rank: Hav Name: A Antony Raj Presently Posted At Unit: 70 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: no13/42/1, R.c. Church STREET, uthumalai, Uthumalai, Tirunelveli, Uthumalai, Tamil Nadu, 627860 declare that I have changed My Name from A MANGALA PACKIAM to MANGALAPACKIAM ANTONYRAJ. Vide Affidavit No: 11AA 219858, Dated: 19/12/2025

I, Service No: 2824859L Rank- NK Name: Agawan Sagar Radhakisan Permanent Address- VTC: Panjarwadi, PO: Saygaon, District: Nashik, State: Maharashtra, PIN Code: 423402 declare that I have changed My Name from AGAWAN SAGAR RADHAKISAN to AGWAN SAGAR RADHAKISAN. Vide Affidavit No: 11AA 219853, Dated: 19/12/2025

I, RAJUBAI am Mother of Army No: 2813728A Rank- L/Hav Name-Jadhav Vaibhav Prakash Permanent Address: At Post: Waregaon, Tehsil: Phulambri, Dist: Aurangabad, State: Maharashtra, Pin: 431111 declare that I have changed my name from RAJUBAI to RAJUBAI PRAKASH JADHAV and Also Correct my Date of birth from 17/08/1963 to 01/01/1961. Vide Affidavit No: 11AA 219861, Dated: 19/12/2025

I, PRAKASH am Father of Army No: 2813728A Rank- L/Hav Name-Jadhav Vaibhav Prakash Permanent Address: At Post: Waregaon, Tehsil: Phulambri, Dist: Aurangabad, State: Maharashtra, Pin: 431111 declare that I have changed my name from PRAKASH to PRAKASH SARJERAO JADHAV and Also Correct my Date of birth from 11/06/1960 to 01/01/1946. Vide Affidavit No: 11AA 219862, Dated: 19/12/2025

I, ASHWINI am legally Wedded Spouse of Army No: 2813728A Rank- L/Hav Name-Jadhav Vaibhav Prakash Permanent Address: At Post: Waregaon, Tehsil: Phulambri, Dist: Aurangabad, State: Maharashtra, Pin: 431111 declare that I have changed My Name from ASHWINI to ASHWINI VAIBHAV JADHAV. Vide Affidavit No: 11AA 219863, Dated: 19/12/2025
एपी-6329

**मैं,** सोनिया रानी पत्नी रणबीर सिंह वासी 179 वार्ड नं 06, गांव बजीदपुर, डाक कुंजपुरा, करनाल- 132022 ने अपना नाम बदलकर सोनिया से सोनिया रानी रखा है।

**मैं,** जोगा सिंह पुत्र करनैल सिंह वासी गांव व डाक जुंडला जिला करनाल ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर सुखमनी से सुखमनी कौर रखा है।

**मैं,** Sristi माहेश्वरी पत्नी सचिन गर्ग वासी मकान नं 2163 सैक्टर-7 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर Sristi माहेश्वरी से Srishti गर्ग रखा है, भविष्य के लिए नोट करें

**मैं,** मोनिका सुनेजा पत्नी गौरव सुनेजा वासी मकान नं.354, सैक्टर-8, पार्ट 2, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा 132001 ने अपना नाम बदलकर मोनिका से मोनिका सुनेजा रखा है।
एपी-6330

**मैं,** पंकज कुमार, पुत्र प्रकाश चंद, निवासी फ्लैट नंबर 135-ए, पहली मंजिल, वीआईपी एन्क्लेव, बिशनपुरा, जीरकपुर, तहसील डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब, सूचित करता हूं कि पंकज कुमार और पंकज एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**मैं,** सुदर्शन उर्फ सुखदर्शन कौर बावा पत्नी चरण पाल सिंह बावा, निवासी मकान नंबर 1094, सेक्टर 8-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम सुदर्शन उर्फ सुखदर्शन कौर बावा से बदलकर सुदर्शन कौर रख लिया है।

**मैं,** विनोद कुमार बिष्ट, स्वर्गीय गोविंद राम बिष्ट का पुत्र, मकान नंबर 1513/2, एचआईजी फ्लैट्स, सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम विनोद बिष्ट/विनोद कुमार से बदलकर विनोद कुमार बिष्ट रख लिया है।

**मैं,** सुशील श्रीवास्तव पुत्र राधे श्याम निवासी मकान नंबर 136-ए, फेस-3, बापू धाम कॉलोनी, सेक्टर 26, चंडीगढ़ ने अपना नाम सुशील श्रीवास्तव से बदलकर सुशील रख लिया है।
एपी-6335

राजकीय प्राथमिक पाठशाला जखवाला, पिहोवा में 5 कण्डम कमरों की नीलामी दिनांक 24/12/2025 को सुबह 11 बजे की जाएगी।नीलामी में भाग लेने के इच्छुक निश्चित समय पर पहुंचे। नीलामी से संबंधित शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।
निवेदक SMC GPS JAKHWALA
संपर्क सूत्र 9467129886
एपी-6342

**मैं,** JC-523712X, सूबेदार प्रदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री ओंकार सिंह निवासी वी.पी.ओ. नौशहरा, तहसील देहरा गोपीपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176029, मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम अक्षिता से बदलकर अक्षिता ठाकुर रख लिया है।
एपी-6332

It is for information that I, SANTOSH KUMAR S/o NATTILAL residing at Ward N-11, Rekha Nagar, BTI School Ke Piche, Bhind Nagar, Bhind, Madhya Pradesh-477001 declare that name of mine has been wrongly written as SHANTOH KUMAR in my class 10th education document. The actual name of mine is SANTOSH KUMAR, which may be amended accordingly.
एपी-6344

## बेदखली सूचना

हम जसपाल सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह व कुलविन्द्र कौर पत्नी श्री जसपाल सिंह, निवासी मकान नं. 254A, गांव खेड़ी, तह0 व जिला पंचकूला, हरियाणा यह कि हमारा बेटा दीपक हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिये हम उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके किसी भी लेन देन कार्यों की हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6319

**मैं,** आसमा धर्मपत्नी शमशेर निवासी मकान नंबर 10140/12, भारत गैस गोदाम हाली कॉलोनी पानीपत मैं अपने लड़के फैजल व उसकी पत्नी हिना को अपनी संपूर्ण जमीन जायदाद से बेदखल कर रही हूँ, जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। आज के बाद इनके साथ मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा।
एपी-6326

**मैं,** हरी कृष्ण पुत्र श्री साईं दास निवासी मकान नं. 1959-सी, राम नगर, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा, अपनी पुत्री गीतांजलि संहोतरा, पुत्री श्री हरी कृष्ण संहेतरा को अनुचित व्यवहार एवं पारिवारिक विवादों के कारण से बेदखल करता हूँ। उसका मेरे या मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई भी संबंध, लेन-देन, अधिकार नहीं रहेगा। यदि कोई व्यक्ति उससे लेन-देन करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी।

हम नसीब सिंह पुत्र श्री मेला सिंह एवं छिंदो कौर पत्नी श्री नसीब सिंह, निवासी गांव मोलवाली (चरनिया), तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा, अपने पुत्र गुरमीत सिंह एवं बहू मनप्रीत कौर और उनकी बेटी हरलीन कौर को उनके अनुचित आचरण के कारण बेदखल करते हैं। उनका हमारे किसी भी प्रकार की चल अथवा अचल संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी।

हम गुरनाम सिंह पुत्र श्री करम सिंह एवं शिंदर कौर पत्नी श्री गुरनाम सिंह, निवासी वार्ड नं. 39, गांव खोखरा ड्रावस, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा, अपने पुत्र जसविंदर सिंह एवं बहू सरबजीत कौर को उनके अनुचित आचरण के कारण बेदखल करते हैं। उनका हमारे किसी भी प्रकार की चल अथवा अचल संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति की होगी।
एपी-6333

**मैं,** कुलदीप चन्द पुत्र श्री शम्भू राम निवासी 616 वार्ड नं. 22 शिव कॉलोनी कैथल जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पुत्रवधु सुलेखा पत्नी स्व. जयभगवान व इसके पुत्रान शुभम शर्मा व मयंक शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं उपरोक्त तीनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उपरोक्त तीनों से लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मैं,** माया देवी पत्नी जिले सिंह निवासी मकान न.341 वार्ड न.10 बहली की चक्की असंध जिला करनाल ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है।वह मेरी बिल्कुल भी नहीं मानता है।इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6332

## धर्म परिवर्तन

**मैं,** रबेया बीबी पुत्री श्री मैनुद्दीन अंसारी निवासी दिघवा टोला मठिया, पंचायत दिघवा दुबौली उत्तर, गोपालगंज बिहार। मैं बिना किसी बहकाव , सीखाव व दबाव के अपनी मर्जी से दिनांक 19/12/2025 को हिंदू धर्म ग्रहण करती हूं व अपना रहन सहन , कामकाज तथा जीवन हिंदू धर्म के नियमानुसार करूंगी।
एपी-6326

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन 8 विधेयक पास

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जो सात विधेयक प्रस्तुत किए गए उनमें हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चिता) संशोधन विधेयक, 2025, हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक, 2025, हरियाणा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन (संशोधन) विधेयक, 2025 और हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक,2025 शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, आठ विधेयक चर्चा उपरांत पास भी किए गए। पास किए गए विधेयकों में हरियाणा श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री मन्तरा देवी तथा श्री केदारनाथ पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 शामिल हैं।

इसलिए वर्तमान में नगर निकाय अधिनियमों नामतः हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 (1973 का 24) और हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 (1994 का 16) का निरसन तथा हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 को अधिनियमित करना आवश्यक है।



## बसों में शुरू होगा ऑटोमैटिक टिकटिंग व ट्रैकिंग सिस्टमः अनिल विज

हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य परिवहन की बसों में ऑटोमैटिक टिकटिंग सिस्टम के साथ-साथ बसों की जानकारी के लिए टैऊकिंग सिस्टम तथा ऐप को भी विकसित किया जा रहा है ताकि यात्रियों को यात्रा करने में सुगमता और सटीक जानकारी उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद-हिसार लोकल मार्ग पर चलने वाली सभी बसें भोडा-होशनाक एवं खाराखेडी गांवों के बस स्टॉप पर रूकती है और प्रतिदिन 66 फेरे लगाती है तथा यात्रियों को टिकटों को विधिवत पंच और रिकार्ड किया जाता हैं। विज आज यहां चण्डीगढ में हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थें। उन्होंने कहा कि बसों में आटोमैटिक टिकटिंग का सिस्टम लगाया हुआ है और इस सिस्टम को ओर अधिक एंडवास किया जा रहा हैं ताकि अब पेटिम/कार्ड इत्यादि से भी यात्री टिकटें ले सकें और पूरा रिकार्ड भी रह सकें। परिवहन मंत्री ने कहा कि जहां तक बस अडडों पर बसों के जाने की बात है तो प्रैक्टिकली इसको मॉनिटर करना काफी मुश्किल है, इसलिए उनके द्वारा बसों में ट्रैकिंग सिस्टम लगाने के आदेश दिए गए हैं, जिसका काफी कार्य पूरा भी हो चुका है ताकि एयरपोर्ट पर जहाज की जानकारी के अनुरूप कौन सी बस किस समय पर कहां पर है, का पता चल सकें। इसके लिए बस अडडों पर स्क्रीन भी लगाई जाएगी और यात्रियों को अमुक बस के बारे में पता चल सकेगा। बसों की जानकारी के लिए ऐप की जानकारी देते हुए श्री विज ने कहा कि बसों की जानकारी के संबंध में एक ऐप भी विकसित की गई है, लेकिन कुछ कमी के चलते उस ऐप पर पुनः बनाने के लिए कहा गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी आदमी यह देख सकता है कि मेरी बस कितनी दूर है। इसके अलावा, हमारे द्वारा भी बस के रूट की जानकारी व बस की लोकेशन को देख पाएंगे कि अमुक बस सही रूट पर चल रही है या नहीं।

## अक्टूबर 2024 में प्रदेश में राशन कार्डों की कुल संख्या 51,72,270 थीः राजेश नागर

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने कहा कि अक्टूबर 2024 में प्रदेश में राशन कार्डों की कुल संख्या 51,72,270 थी। राज्य मंत्री श्री राजेश नागर आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रोहतक से विधायक श्री भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत लाभार्थियों के लिए राशन कार्ड की दो केटेगरी हैं यानि प्राथमिकता परिवार (गरीबी रेखा से नीचे - बीपीएल) और अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई)। श्री नागर ने सदन को बताया कि अक्टूबर 2024 में इनमें प्रथमिकता वाले परिवार अर्थात गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार के कुल राशन कार्डों की संख्या 48,79,423 थी। अन्तोदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत कुल राशन कार्डों की संख्या 292,847 थी। इस प्रकार अक्टूबर 2024 में प्रदेश में राशन कार्डों की कुल संख्या 51,72,270 थी।

## राजकीय महाविद्यालय तरावड़ी का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत हो चुका है पूराः मंत्री महीपाल ढांडा

हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) को 500.50 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है और पुनः निविदा प्रक्रिया 3 माह के भीतर की जाएगी। कार्य के शुरू होने की वास्तविक तिथि से 8 माह के भीतर निर्माण पूर्ण किए जाने की संभावना है। मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

## जल भंडारण सुविधा का निर्माण करने की दिशा में सरकार अग्रसरः कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि रेवाड़ी में नई जल भंडारण सुविधा का निर्माण करने की दिशा में सरकार अग्रसर हैं। गंगवा आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रेवाड़ी से विधायक श्री लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि रेवाड़ी शहर में पेयजल आपूर्ति, कलाका एवं लिसाना ग्रामों में स्थित दो नहर आधारित जल संयंत्रों के माध्यम से की जा रही है। वर्तमान में शहर को 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की दर से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नहरी पानी की भंडारण क्षमता में वृद्धि हेतु, भगवानपुर ग्राम की 9 एकड़ 7 कनाल 5 मरला पंचायत भूमि को विभाग द्वारा जून 2025 को खरीदा गया है। भूमि पर अतिरिक्त नहरी जल भंडारण टैंक नयागांव स्थित मुख्य स्टॉर्म वॉटर पंपिंग स्टेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु 2605.66 लाख रुपये की लागत का अनुमान अक्तूबर 2025 को प्रशासनिक रूप से स्वीकृत किया गया है। इस हेतु पैकेज-1 का टेंडर जारी किया जा चुका है तथा पैकेज-2 की प्रक्रिया प्रगति पर है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इसके अतिरिक्त, और अधिक नहरी जल भंडारण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए, विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है। भूमि स्वामियों द्वारा प्रस्तावित 45.375 एकड़ उपयुक्त भूमि को नीतिगत दरों पर वार्ता हेतु नवंबर 2025 को निदेशक, भूमि अभिलेख को सचिवों की समिति की बैठक आयोजित करने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

## जामनी गांव में राजकीय कन्या महाविद्यालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र के गांव जामनी में राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द टेंडर लगने के बाद शुरू हो जाएगा। गंगवा आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सफीदों से विधायक श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में सदन को अवगत करा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसकी संशोधित ड्राइंग के आधार पर और इसमें मिट्टी भरने के कार्य को शामिल करते हुए, संशोधित रफ कॉस्ट एस्टीमेट महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा को अगस्त 2025 में 1126.39 लाख रुपये का प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद, राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण का काम शुरू किया जाएगा।

## लाखनमाजरा और महम के 16 गांवों में फसल खराब होने पर दिया मुआवजा



राजस्व आपदा एवं प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि तहसील लाखनमाजरा और महम के 16 गांवों में फसल खराब होने पर 5 करोड़ ,61 लाख ,8 हजार 431 रुपए का मुआवजा दिया गया है और प्रदेशभर में 516 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री आज यहां चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। । राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा महम और लाखनमाजरा तहसील सहित सभी तहसीलों में दो लेयर में खराबे की जांच की गई। जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मुआवजा के लिए आवेदन किया उन्हें मुआवजा प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को मुआवजा राशि देने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने भी विशेष रूप से संज्ञान लिया और खराबा आंकलन में जिन पटवारियों ने लापरवाही और कोताही बरती उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## इस्माईलाबाद एम सी की 5 कॉलोनी अप्रूव

स्थानीय निकाय एवं राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि इस्माईलाबाद एम सी की दस कॉलोनियों को अनुमति प्रदान करने के लिए आवेदन प्राप्त हुए उनमें से पांच कॉलोनियों को अप्रूव किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन एक सवाल का जवाब दे रहे थे। स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि अप्रूव की गई तीन कॉलोनियों में सड़कें, गलियों पेयजल आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और दो कॉलोनियों के एस्टीमेट तैयार कर लिए गए है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर इनमें भी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## वर्तमान सरकार ने अब तक 4771.89 करोड़ रुपए का मुआवजा किसानों को दिया

राजस्व आपदा एवं प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अब तक 4771.89 करोड़ रुपए का मुआवजा किसानों को दिया है जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2005 से 2014 तक केवल 1158 करोड़ रुपये की राशि मुआवजे के रूप में दी गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि भाजपा हर व्यक्ति, किसान के सुख दुख में शामिल होने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि फसल खराबा आकलन प्रक्रिया में पटवारी, गिरदावर, एस डी एम , डी सी ने भी जांच की है। इस प्रक्रिया को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी देखा है। यदि कोई गलती या लापरवाही पाई गई उन्हें चार्जशीट किया गया है।

## दादा कुशल सिंह दहिया के नाम का सड़क नामकरण और माता घोघड़ी देवी की स्मृति में स्थल का निर्माण जल्द हो


हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि वो विधायक पवन खरखौदा द्वारा रखे गए सुझाव से पूर्णतः सहमत हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने की दिशा में दादा कुशल सिंह दहिया जी के नाम पर सड़क का नामकरण किया जाना चाहिए। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह स्वयं इस परियोजना के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुड़े रहेंगे और इसके शीघ्र क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इसके साथ ही सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने माता घोघड़ी देवी जी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में एक विशेष स्मृति स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि यह स्थल लगभग 2000 गज क्षेत्रफल में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां माता घोघड़ी देवी जी के योगदान और आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस विषय में माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने यह भी दोहराया कि इस स्मृति स्थल के निर्माण से जुड़े इस प्रोजेक्ट के साथ भी वह स्वयं को पूरी तरह जोड़ते हैं और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की महान विभूतियों के सम्मान में ऐसे कदम न केवल सामाजिक चेतना को मजबूत करते हैं, बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।




# हिमाचल सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध: सुखविंदर सिंह सुक्खू

ऊना जिले में 8608 लाभार्थी दिव्यांग राहत भत्ता योजना से लाभान्वित

दिव्यांग राहत भत्ता योजना से मिल रहा आर्थिक संबल



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रगतिशील एवं संवेदनशील नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए दिव्यांगजनों को आर्थिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता प्रदान की जा रही है, ताकि वे समावेशी शिक्षा, कौशल विकास और समाज की मुख्यधारा से प्रभावी रूप से जुड़ सकें।

प्रदेश सरकार के ये प्रयास मुख्यमंत्री की जन-हितैषी और समावेशी सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मानना है कि दिव्यांगजनों को केवल सहायता तक सीमित रखना उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें सम्मान, समान अवसर और सुरक्षित भविष्य उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रदेश सरकार की दिव्यांग राहत भत्ता योजना दिव्यांगजनों के लिए आर्थिक संबल का सशक्त माध्यम बनी है। योजना के अंतर्गत 40 से 69 प्रतिशत विकलांगता वाले पुरुषों को 1150 रुपये तथा महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है। वहीं 70 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले पुरुषों एवं महिलाओं को 1700 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि दी जा रही है। मानसिक रूप से अविकसित व्यक्ति भी इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है।

जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का लाभ जिले के पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 40 से 69 प्रतिशत विकलांगता श्रेणी के 3450 तथा 70 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 5100 दिव्यांग पुरुष एवं महिलाएं दिव्यांग राहत भत्ता योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अप्रैल से सितंबर 2026 की अवधि के दौरान जिले में इस योजना के अंतर्गत 5 करोड़ 38 लाख 61 हजार 850 रुपये की राशि व्यय की गई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 40 से 69 प्रतिशत श्रेणी के एक लाभार्थी तथा 70 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 57 दिव्यांगजनों को प्रति तिमाही कुल 2 लाख 78 हजार 850 रुपये की पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत से कम विकलांगता वाले व्यक्ति इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं, जबकि पात्र लाभार्थियों के लिए कोई आय या आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### योजना के लाभ के लिए ये हैं ज़रूरी दस्तावेज़

दिव्यांग राहत भत्ता योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हिमाचली प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण-पत्र, विकलांगता प्रमाण-पत्र, परिवार नकल, राशन कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन पत्र जिला कल्याण अधिकारी अथवा तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

### प्रशासन कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध

उपायुक्त ऊना जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशानिर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि दिव्यांगजनों तक सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें आत्मसम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।

# घुमारवीं में आयोजित होगी हैंडबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप: राजेश धर्माणी

टीसीपी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने घुमारवीं में सुनीं जन समस्याएं, विकास कार्यों का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 19 दिसम्बर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आगामी वर्ष फरवरी माह में घुमारवीं में हैंडबॉल अंडर-19 छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें हिस्सा लेंगी। राजेश धर्माणी ने यह जानकारी आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनने के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि आगामी 1 से 5 फरवरी 2026 को घुमारवीं में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत हैंडबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी निदेशालय स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश द्वारा की जा रही है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी।

राजेश धर्माणी ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि जिला बिलासपुर के साथ-साथ घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े खेल आयोजन से न केवल घुमारवीं क्षेत्र के युवाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बल मिलेगा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल दृष्टिकोण से घुमारवीं को एक अलग पहचान भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं के परिसर में किया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने जन समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये।

इसके उपरान्त राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान बहुउद्देशीय खेल परिसर तथा कौशल विकास केंद्र के निर्माण संबंधित कार्यों की संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल की तथा इन निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाने के निर्देश दिये। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, हिमुडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वार्षिक समारोह पर नवाजे मेधावी



**शिमला (अप्रस)।** जुन्गा तहसील के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में शुक्रवार को अपना वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चे अपना पुरस्कार पाने के लिए प्रातः से बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस मौके पर 12वीं कक्षा की छात्रा दिया कुमारी को बेस्ट गर्ल के खिताब से नवाजा गया। पशु पालन विभाग के औषधि संयोजक हरिचंद शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक समारोह किसी भी शैक्षणिक संस्थान की उपलब्धियों का आईना होता है जिसमें जहां मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है वहीं पर अन्य बच्चों को मेधावी बच्चों से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होने इस मौके पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। हरिचंद शर्मा ने अगले शैक्षणिक सत्र के दौरान पहली से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मुफ्त कॉपियां (नोट बुक) देने की घोषणा की। इससे पहले कार्यकारी प्रधानाचार्य देविन्दा चौहान ने मुख्य अतिथि सहित समारोह में आए लोगों का स्वागत किया तथा पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की प्रधान किरण शर्मा, पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, अतर सिंह ठाकुर, कमलेश ठाकुर, मुख्याध्यापक हाई स्कूल धाली राकेश वर्मा, दौलत राम मेहता, केडी शर्मा, एसएमसी प्रधान नीरज ठाकुर, सेवानिवृत मुख्याध्यापक प्रकाश वर्मा, हंसराज वर्मा, रामगोपाल मेहता, रमेश ठाकुर, स्कूल अधीक्षक एसआर शर्मा, समस्त एसएमसी सदस्य, शिक्षक सुनील पराशर, कुमारी कल्पना, कृष्णा चंदेल, पूजा सारटा, दिनेश कुमार, शीला शर्मा, बलविंद्र ठाकुर, शारदा देवी, निशा सहित अन्य साथ लगते स्कूलों के शिक्षक वर्ग तथा काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### सुप्रीम आउटफिट प्राइवेट लिमिटेड ने किया 10 लाख का अंशदान

**शिमला (अप्रस)।** सुप्रीम आउटफिट प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक व पालमपुर निवासी प्रेम सिंह राणा ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत राज्य में आपदा प्रभावितों के लिए चल रहे पुनर्वास एवं राहत कार्यों के लिए 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के



लिए सुप्रीम आउटफिट प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विभिन्न संस्थाएं प्रदेश में आई आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए बढ़चढ़ कर योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि इस राशि से प्रभावित लोगों को राहत एवं पुनर्वास प्रदान करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रेम सिंह राणा ने कहा कि उनकी संस्था हिमाचल प्रदेश में शिक्षा, आजीविका सहयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा आपदा पुनर्वास से जुड़े अनेक कार्य कर रही है। पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव सुशील कुमार सिंगला भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### एनएसएस के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर का शुभारंभ



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोलन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक विशेष एनएसएस शिविर शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा कोहली, प्राचार्य, सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोलन रहीं। इस वार्षिक शिविर में महाविद्यालय के 100 एनएसएस स्वयंसेवी विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवियों में सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करना तथा उन्हें समाज सेवा से जोड़ना है। शिविर के दौरान स्वयंसेवी स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान सहित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा कोहली ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवियों को अनुशासन के साथ कार्य करने, समाज के प्रति संवेदनशील बनने तथा नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। यह शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका मुल्तानी एवं डॉ. घनश्याम सिंह सोनी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

# राजनीतिक प्रतिशोध के तहत विपक्ष को निशाना बना रही है सरकार: इंद्रदत्त लखनपाल

हिमाचल में नशा, खनन और गुंडागर्दी बेलगाम, कानून व्यवस्था ध्वस्त

झूठे मामलों से भाजपा नेताओं की छवि खराब करने का षड्यंत्र



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 19 दिसंबर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने आज हमीरपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक लखनपाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भाजपा नेताओं और विधायकों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से उनके खिलाफ झूठे मामले और मनगढ़ंत आरोप गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार के इशारे पर पुलिस और प्रशासन भाजपा विधायकों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई कर रहे हैं। लखनपाल ने कहा कि हाल ही में उनके एक रिश्तेदार को पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के मामले में दोषी पाया, लेकिन इस मामले को एक अलग ही रूप देते हुए दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका नाम विशेष रूप से उछालने का प्रयास किया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका रुख बिल्कुल साफ है - यदि नशा तस्करी या अवैध पदार्थों के मामले में कोई भी दोषी पाया जाता है, चाहे वह उनका अपना बेटा ही क्यों न हो, तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन किसी एक मामले के बहाने उनका और भाजपा का नाम घसीटना पूरी तरह से दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आरोपी पकड़ा गया था तो उसे इतनी जल्दी क्यों छोड़ दिया गया। बड़सर विधायक ने आरोप लगाया कि हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक ने उनके नाम को जानबूझकर इस मामले से जोड़ने का प्रयास किया और पुलिस कर्मियों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाने का दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि वह कई बार बड़सर पुलिस को अवगत करवा चुके हैं कि संबंधित थाना क्षेत्र के आसपास के इलाकों में शराब, चरस और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी खुलेआम हो रही है, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। आज हालात यह हैं कि नशा और खनन माफिया सरकार-प्रायोजित संस्थाओं की शह पर बेखौफ होकर काम कर रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर हो चुकी है और आए दिन गोलीबारी व हत्याओं की घटनाएं सामने आ रही हैं।

प्रदेश सरकार और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए लखनपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शराब, चिट्टा, गुंडागर्दी और खनन माफिया बेलगाम हो चुके हैं, जबकि सरकार और पुलिस इन पर अंकुश लगाने के बजाय राजनीतिक द्वेष के तहत विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है, लेकिन पुलिस असली दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार के दबाव में उनके रिश्तेदारों और राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। यह सब पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के तहत किया जा रहा है। लखनपाल ने विशेष रूप से हमीरपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार उनका नाम चिट्टा तस्करी के आरोपियों के साथ सार्वजनिक किया गया, वह न केवल निंदनीय है बल्कि कानून और लोकतंत्र की मूल भावना के भी खिलाफ है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह अपनी छवि खराब करने के इस प्रयास के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास की प्रक्रिया अत्यंत धीमी है और सरकार आपदा राहत की राशि पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने में पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस सरकार जनता से किए गए अधिकांश वादों को पूरा नहीं कर पाई है, जिससे आम जनमानस में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लखनपाल ने कहा कि सरकार विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय विपक्षी विधायकों को परेशान करने, उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करवाने और राजनीतिक दबाव बनाने में अधिक रुचि ले रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश सरकार ने आज जो बीज बोए हैं, आने वाले समय में उसे वही काटना पड़ेगा। यदि समय रहते माफियाओं और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर परिणाम प्रदेश को भुगतने पड़ सकते हैं।

# टाहलीवाल में नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित

## यातायात को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए उपायुक्त ने जारी किए आदेश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 19 दिसंबर।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने उपमंडल हरोली के अंतर्गत टाहलीवाल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टाहलीवाल चौक सहित आसपास के प्रमुख सड़क खंडों को नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत जारी किए यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किए गए हैं और आगामी निर्देशों तक प्रभावी रहेंगे। बता दें, जिला प्रशासन इससे पहले ऊना शहर, मेहतपुर, बंगाणा और गगरेट में व्यापक जन सुविधा एवं सुव्यवस्था निर्मित करने के मद्देनजर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित कर चुका है। उपायुक्त ने बताया कि सड़कों पर अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग के कारण यातायात बाधित होने, पैदल यात्रियों को असुविधा तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेशों का उद्देश्य क्षेत्र में सुचारू आवागमन, जनसुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना है। आदेशों के अनुसार टाहलीवाल चौक से केसीसी बैंक तक (टाहलीवाल चौक से संतोषगढ़ सड़क) सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन रहेगा। यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए बसें एसबीआई बैंक टाहलीवाल के सामने स्थित रेन शेल्टर के समीप चिन्हित बस स्टैंड पर रुकेंगी।

इसी प्रकार टाहलीवाल चौक से होटल केपी तक (टाहलीवाल चौक से अमराली सड़क) मार्ग को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर बसें जय श्री राम ट्रेडिंग कंपनी, मुख्य बाजार टाहलीवाल के पास निर्धारित बस स्टैंड का उपयोग करेंगी। इसके अतिरिक्त टाहलीवाल चौक से हिमालयन ऑटो सर्विस सेंटर तक (टाहलीवाल चौक से बाथड़ी रोड) सड़क खंड को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन बनाया गया है। इस मार्ग पर एसबीआई बैंक के समीप तथा शर्मा स्वीट शॉप, मुख्य बाजार टाहलीवाल के पास चिन्हित बस स्टैंड पर बसों के ठहराव की व्यवस्था की गई है। वहीं टाहलीवाल चौक से शर्मा दैनिक जरूरतों की दुकान तक (टाहलीवाल चौक से हरोली रोड) मार्ग को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर यात्रियों के लिए जय मां एंटरप्राइजेज, मुख्य बाजार टाहलीवाल के समीप चिन्हित बस स्टैंड निर्धारित किया गया है।

# उप-मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 19 दिसम्बर।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार सायं पीटरहॉफ में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जल शक्ति विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की।

मुकेश अग्निहोत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेशभर में चल रहे जल आपूर्ति एवं सिंचाई से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्यों में और अधिक तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। बैठक में जल आपूर्ति योजनाओं, सिंचाई परियोजनाओं तथा विभागीय प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ-साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर चल रहे कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने किया।

बैठक में प्रधान सचिव विधि राजीव बाली, सचिव जल शक्ति राखिल काहलों, विशेष सचिव वित्त विजय वर्धन, अतिरिक्त नियंत्रक स्टोर मनोज कुमार, महाप्रबंधक एचपी सिविल सप्लाई अरविंद शर्मा, जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' थीम पर क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 19 दिसंबर।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में आज दिनांक 19 दिसंबर 2025 को 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' थीम के अंतर्गत महाविद्यालय की क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी अशोक चौहान, आईपीएस, सोलन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा नशा मुक्त/चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों—जैसे नुक्कड़ नाटक, मैराथन एवं अन्य प्रतियोगिताओं—की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डीएसपी अशोक चौहान ने विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हर अपराध की जड़ है, विशेषकर चिट्टा जिसमें बड़ी संख्या में युवा वर्ग संलिप्त हो रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया तथा अपनी ऊर्जा नशे के बजाय खेलों में लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन सिखाते हैं और असफलता को स्वीकार कर आगे बढ़ने की क्षमता विकसित करते हैं, जो भविष्य में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए राजकीय महाविद्यालय सोलन को बधाई दी।

कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सोलन के अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, एलआर कॉलेज, बाहरा विश्वविद्यालय कॉलेज, बी.एड. कॉलेज सोलन, आईटीआई सोलन तथा डाइट की टीमों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के समापन पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उन्हें बधाई दी।

### परिणाम इस प्रकार रहे

**बैडमिंटन (महिला वर्ग):** राजकीय महाविद्यालय सोलन की अक्षिता शर्मा व इशिता प्रथम, रिया व सिमरन द्वितीय।

**बैडमिंटन (पुरुष डबल्स):** एलआर कॉलेज के सिद्धार्थ व शौर्य प्रथम, एलआर कॉलेज के अक्षित राजपूत व अनीश द्वितीय।

**बैडमिंटन (पुरुष सिंगल्स):** एलआर कॉलेज के सिद्धार्थ प्रथम, राजकीय महाविद्यालय सोलन के यतिन द्वितीय।

**शतरंज (महिला वर्ग):** राजकीय महाविद्यालय सोलन की तराना प्रथम, रिया द्वितीय।

**शतरंज (पुरुष वर्ग):** राजकीय महाविद्यालय सोलन के मयंक प्रथम, सुजल द्वितीय।

**टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग):** राजकीय महाविद्यालय सोलन के वर्दान प्रथम, मोहित द्वितीय।

**टेबल टेनिस (महिला वर्ग):** राजकीय महाविद्यालय सोलन की नीतिका प्रथम, दीक्षा द्वितीय।

# अनुसूचित जाति राज्य आयोग 23 दिसंबर को कुल्लू में

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 19 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान तथा सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा (अधिवक्ता) 23 दिसंबर (मंगलवार) को कुल्लू प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला प्रशासन, पुलिस तथा अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य 22 दिसंबर की सायं कुल्लू पहुंचेंगे। 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कुल्लू स्थित बहुउद्देशीय भवन में सैंज क्षेत्र में घटित अनुसूचित जाति से संबंधित महिला के साथ दुराचार एवं हत्या के मामले की जांच की जाएगी।


**HP PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Bhoranj Division HPPWD, Bhoranj on behalf of Governor of H.P invites the Item rate/ Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class for the works as detailed below on the table:-

| | |
|---|---|
| **Name of Work** | : Up-gradation of Tikker Manoh via Jakhyol, Ramhera, Sulkhan , Dhirwin road Km 0/000 to 12/195 under NABARD RIDF-XXX (SH:- Removal of formation deficiency, C/O R/wall & gabions wall , M/T works, CC pavement ,PCC, U & V- shape drain, Cross drainage work, road furniture from km 0/000 to 12/195) including 5 years maintenance. |
| **Estimated cost (In Rs.)** | : 9,64,63,817/- |
| **Earnest Money (in Rs.)** | : 19,29,300/- |
| **Starting date for downloading Bid** | : 22-12-2025 |
| **Deadline for submission of Bid** | : 27-12-2025 |

The bidders are advised to note all details of tenders, from the department website

**HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK**
**Executive Engineer,**
**Bhoranj Division,**
**HPPWD Bhoranj, Pin Code 176045**
**Tel. No. 01972-266099**
**e-mail : eepwd-bhoranj-hp@gov.in**
**on behalf of Governor of HP.**

R.O. No. 5156_2025-2026

AP-6338




# निवेश का ग्लोबल डेस्टिनेशन बना पंजाब: सीएम मान का ब्रिटेन को निवेश का न्योता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब-यू.के. रणनीतिक संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए ब्रिटेन के साथ, विशेष रूप से अब तक कम उपयोग में आए क्षेत्रों में, मजबूत और व्यापक रणनीतिक व व्यावसायिक संबंधों पर बल दिया।

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा समैरिग्लियो तथा यू.के. से जुड़ी विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पारंपरिक और उभरते हुए नए क्षेत्रों में यू.के. के साथ मजबूत व्यावसायिक साझेदारी के लिए इच्छुक है। उन्होंने बताया कि राज्य ने सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों–उच्च शिक्षा, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स तथा कृषि और फूड प्रोसेसिंग–के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं जैसे उभरते क्षेत्रों की भी पहचान की है।

भगवंत सिंह मान ने पंजाब की क्षमताओं को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत खाका प्रस्तुत किया और बताया कि राज्य में पांच हवाई अड्डों तथा मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग संपर्कों के साथ विश्वस्तरीय और सुदृढ़ कनेक्टिविटी नेटवर्क उपलब्ध है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के पास अत्यधिक कुशल कार्यबल है, जो हर क्षेत्र के विकास की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब तुलनात्मक रूप से किफायती और शांतिपूर्ण श्रमबल उपलब्ध कराता है, जो इसे निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में एकीकृत निवेश प्रणाली मौजूद है और 'इन्वेस्ट पंजाब' सिंगल-विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करता है, जो डीम्ड अप्रूवल तंत्र के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक मंजूरियां प्रदान करता है, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत होता है। मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक पोर्टल और सिंगल-विंडो सुविधा पर भी प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, अनुपालनों के बोझ को कम करना और पंजाब में व्यापार को अधिक सुगम बनाना है।

भविष्य के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक प्रगति को तेज करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने यू.के. से मजबूत संबंध रखने वाली विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया, जिनमें से कई ने पंजाब के साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया। मुख्यमंत्री ने यू.के. के निवेशकों को पंजाब में अपने कारोबार शुरू करने या विस्तार करने का हार्दिक आमंत्रण दिया और कहा कि मजबूत आधारभूत ढांचा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और निवेशक-अनुकूल नीतियां पंजाब को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती हैं।

मुख्यमंत्री ने यू.के. के निवेशकों को मोहाली में आयोजित होने वाले पंजाब प्रगतिशील निवेशक सम्मेलन (पी पी आई एस ), 2026 में भाग लेने का आमंत्रण देते हुए इस दौरान एक विशेष यू.के.-केंद्रित सत्र का प्रस्ताव रखा। उन्होंने टायनोर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बेडफोर्ड स्कूल, मुनजाल बर्मिंघम यूनिवर्सिटी, गंगा एक्रोवूल्स, नेटस्मार्ट्ज, रॉकपैकर सहित अन्य कंपनियों का स्वागत किया।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि यू.के. से नया निवेश पंजाब के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कंपनियों से विशेष रूप से पराली प्रबंधन और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों को बढ़ावा देने वाली नवीन तकनीकों और परियोजनाओं की खोज करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को बताया कि पंजाब के वायु गुणवत्ता सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और निरंतर पर्यावरण-अनुकूल प्रयासों के कारण राज्य के कई हिस्सों में यह सूचकांक अब 70 से नीचे है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के लिए शुरू किए गए स्व-सहायता समूह 'पहल' का भी उल्लेख किया और कहा कि जिस प्रकार चीन को दुनिया की फैक्ट्री कहा जाता है, उसी तरह पंजाब सरकार ग्रामीण महिलाओं को औद्योगिक और विनिर्माण विकास की रीढ़ बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब में दो सिविल एविएशन क्लब हैं, जो विमानन से जुड़े कौशल विकास को दी जा रही प्राथमिकता को दर्शाते हैं।

पंजाब और यू.के. के बीच पुराने और भावनात्मक संबंधों की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यू.के. हमेशा भारत, विशेषकर पंजाब का एक भरोसेमंद साझेदार रहा है और पंजाबी इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने यू.के. की विश्वविद्यालयों को मोहाली और पंजाब के अन्य हिस्सों में अपने कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि संयुक्त रूप से शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने यू.के. के उद्योगपतियों और पंजाबी प्रवासी समुदाय से पंजाब के लिए निवेश आकर्षित करने हेतु ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाने की अपील की।

## चंडीगढ़ में कल राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस : पल्स पोलियो अभियान

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** यू.टी. चंडीगढ़ में रविवार, 21 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ ने इस अभियान की तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। पूरे यू.टी. चंडीगढ़ में कुल 471 टीकाकरण बूथ स्थापित किए गए हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए 1059 टीकाकरण दल और स्वयंसेवक तीन दिन तक मैदान में सक्रिय रहेंगे। चंडीगढ़ प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को चार जोनों में विभाजित किया है, जिनकी निगरानी 59 सेक्टर सुपरवाइज़र करेंगे। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्घाटन 21 दिसंबर को मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर, जीएमएसएच सेक्टर-16 में चंडीगढ़ प्रशासन के स्वास्थ्य सचिव द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के निकट स्थित पोलियो बूथों पर अपने बच्चों को अवश्य पोलियो वैक्सीन पिलवाएँ और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# अमित शाह के दौरे से पहले चंडीगढ़ में प्रदर्शन

**पुलिस ने कैंडल मार्च निकालने से रोका, प्रदर्शनकारी हिरासत में; रात यहीं रुकेंगे गृह मंत्री**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** चंडीगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने से पहले हंगामा हो गया। चंडीगढ़ एडेड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रदर्शनकारियों ने कैंडल मार्च निकालने की कोशिश की। इसके लिए शाम करीब 7 बजे वह सेक्टर 17 मार्केट में इकट्ठा हुए थे। मगर, जैसे ही पुलिस को इसका पता चला तो सभी महिला-पुरुष प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने उन्हें कैंडल मार्च नहीं निकालने दिया गया। उन्हें नजदीकी पुलिस थाने में ले जाया गया है। इस पर यूनियन नेताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि उनकी कोशिश थी कि शाह के चंडीगढ़ आगमन को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इस अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए शांतिपूर्ण विरोध किया जाए। मगर, चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें अपनी जायज मांगों को रखने तक का मौका नहीं दिया।

बता दें कि अमित शाह ने देर रात चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरना है। वह रात को राजभवन में रुकेंगे और कल सुबह हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना होंगे। हिमाचल में वे कांगड़ा जिले से सपड़ी स्थित सशस्त्र सीमा बल प्रशिक्षण केंद्र के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**शांतिपूर्ण मार्च था, पुलिस ने रोका:** संगठन की अध्यक्ष मीनाक्षी राठौड़, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने चंडीगढ़ पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि वह प्रशासन की उदासीनता, देरी और उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने को लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकालना चाहते थे। मगर, हमें रोक दिया गया।

**लंबे समय से मांगें पेंडिंग:** यूनियन के नेताओं ने कहा कि निजी प्रबंधन वाले सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों से जुड़े अहम मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। बार-बार ज्ञापन देने, बैठकों और लिखित आश्वासनों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है।

**यूनियन ने गिनाई मांगें:** संगठन के अनुसार यूजीसी रेगुलेशन लागू करना, सीएएस प्रमोशन, बकाया वित्तीय लाभों की रिलीज, सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि और सेवा शर्तों की सुरक्षा जैसे मुद्दे अब तक अधूरे हैं। इन समस्याओं के कारण सैकड़ों शिक्षकों को पेशेवर, आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शाह के दौरे के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया जा चुका

शाह के दौरे को लेकर 19-20 दिसंबर को ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। पुलिस के मुताबिक आज, 19 दिसंबर की रात 9 बजे से 10 बजे तक दक्षिण मार्ग पर एयरपोर्ट लाइट पॉइंट से ट्रिब्यून चौक तक ट्रैफिक कंट्रोल किया जाएगा। पूर्वी मार्ग पर ट्रिब्यून चौक से ट्रांसपोर्ट लाइट पॉइंट तक और मध्य मार्ग पर ट्रांसपोर्ट लाइट प्वाइंट से फन रिपब्लिक लाइट प्वाइंट (पंचकूला की ओर) ट्रैफिक रेगुलेशन लागू किया जाएगा। यही डायवर्जन 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक लागू रहेगा।

## चोट लगने से अस्पताल में भर्ती हुई अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराई गई एक अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार महिला 9 दिसंबर को घायल अवस्था में मिली थी, जिसे उपचार के लिए सेक्टर-16 स्थित अस्पताल, चंडीगढ़ में दाखिल करवाया गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। अब तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए 72 घंटे तक मोर्चरी में रखवा दिया है और मामले की जांच की जा रही है।




## कार्रवाई : नगर परिषद की टीम ने जीरकपुर से अवैध खोखे हटवाए

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 19 दिसंबर।** एसडीएम डेराबस्सी के आदेशों पर शुक्रवार को पटियाला रोड ज़ीरकपुर में प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। एसएमओ ढकोली की अगुवाई में की गई इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान यारा का अड्डा ढाबा के सामने, वाइन शॉप के पास लगे एक अवैध खोखे को हटाया गया।

कार्रवाई के समय खोखे की तलाशी लेने पर वहां से ई-सिगरेट, पाइन सिगरेट, मोंड सिगरेट, एसे लाइट सिगरेट और आठ पेपर बरामद किए गए। मौके पर मौजूद खोखे के संचालक ने सरकारी टीम के साथ जमकर बदसलूकी की और टीम को जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी हालत देखकर टीम को शक हुआ कि वह किसी नशे के प्रभाव में है।

स्थिति बिगड़ती देख सरकारी टीम ने तुरंत 112 पर कॉल कर पंजाब पुलिस को सूचना दी, वहीं ज़ीरकपुर थाना पुलिस के मुंशी को भी सूचित किया गया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही खोखे का संचालक वहां से फरार हो गया।

इसके बाद नगर परिषद की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध खोखे को जब्त कर लिया और नियमों के तहत उसका चालान काटा गया।

इस कार्रवाई में हरप्रीत सिंह (एमपीएचडब्ल्यू), गुरजोत सिंह (जीएसटी अधिकारी), हरविंदर सिंह (हेल्थ असिस्टेंट), अशोक कुमार (एमसी अधिकारी), रविंदरपाल सिंह सहित उनकी टीमें और फतेह ग्रुप से दमंजीत सिंह मौजूद रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा है कि शहर में अवैध रूप से चल रहे खोखों, नशे से जुड़े सामान और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)